संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 211
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
शनिवार 03 अक्टूबर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



सीएम योगी ने खरीदी खादी, बोले-

बापू का चरखा सिर्फ चरखा नहीं, आत्मनिर्भर भारत का आधार





लखनऊ,संवाददाता। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दोनों महापुरुषों को नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने हजरतगंज स्थित श्री गांधी आश्रम खादी ग्रामोद्योग बोर्ड भवन भंडार पहुंचकर खादी के वस्त्रों की खरीदारी की और प्रदेशवासियों से खादी को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। सीएम योगी ने कहा कि गांधी आश्रम का चरखा केवल चरखा नहीं, बल्कि भारत के स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता का आधार है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने ग्राम स्वराज की जो परिकल्पना की थी, उसे साकार करने की दिशा में गांवों को भी स्वावलंबन का केंद्र बनाया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि बचपन में वह गांधी आश्रम के कपड़ों को बड़ी उत्सुकता से देखते थे और आज उन्हें अंगीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खादी और चरखा देश की आत्मनिर्भरता से जुड़े प्रतीक हैं। योगी ने कहा कि पहले ग्राम स्वराज को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते थे, लेकिन वास्तविकता यह थी कि गांवों को उपेक्षित छोड़ दिया गया था। अब गांवों को स्वावलंबन का आधार बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार ने हर गांव में ग्राम सचिवालय का गठन किया है। इनके माध्यम से गांव में ही चार से सात लोगों को रोजगार की सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखता है, वह भावी पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उनके मुताबिक नया भारत महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। गांधी जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने खादी को लेकर प्रदेशवासियों के लिए छूट की घोषणा का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि खादी भारत की स्वाधीनता का मंत्र रही है और प्रदेश सरकार ने खादी के वस्त्रों पर 30 जनवरी 2027 तक 25 फीसदी की छूट उपलब्ध कराई है। उन्होंने लोगों से खादी खरीदने और इसे जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे कारीगरों, हस्तशिल्पियों और बुनकरों के हुनर को सम्मान मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महात्मा गांधी की 157वीं और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती है। उन्होंने कहा कि बापू का स्वदेशी से स्वावलंबन का संदेश भारत की आजादी के आंदोलन का महत्वपूर्ण मंत्र बना। योगी ने कहा कि गांधी के नेतृत्व में आजादी का आंदोलन व्यापक जनांदोलन में बदल गया। इसमें देश के गांवों तक के लोग जुड़े और आंदोलन को व्यापक जनसमर्थन मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी का आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन का मंत्र विकसित भारत की आधारशिला बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकल टू ग्लोबल की बात करते हैं। योगी के मुताबिक गांवों, कारीगरों, हस्तशिल्पियों और बुनकरों के उत्पादों को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें बाजार उपलब्ध कराना स्वतंत्रता आंदोलन के महानायकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी एक माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी ने लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन को जनांदोलन में बदलने का काम किया। उनके स्वदेशी, स्वच्छता और स्वावलंबन से जुड़े विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

कैप्टन स्मित मच्छार ने देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा किया: मोदी





नयी दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई लोगों की जान बचाने वाले जांबाज पायलट कैप्टन स्मित मच्छार से शुक्रवार को टेलीफोन पर बातचीत कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना और कॉकपिट में हुए जानलेवा हमले के दौरान दिखाई गयी उनकी अदम्य वीरता, तेजी से फैसला करने की क्षमता और सूझबूझ की सराहना की। श्री मोदी ने सऊदी अरब में इलाज करा रहे कैप्टन मच्छार से फोन पर हुई बातचीत के दौरान कहा कि संकट की घड़ी में सेकंड के बेहद छोटे हिस्से में लिये गये उनके फैसले ने सैकड़ों यात्रियों की जान बचाई है। उन्होंने कहा कि गंभीर चोटें आने और जीवन एवं मृत्यु के बीच संघर्ष करने के बावजूद अपनी जान की परवाह न करते हुए यात्रियों की रक्षा कर कैप्टन मच्छार ने 140 करोड़ देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा किया है। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती का संदर्भ देते हुए कहा कि आज पूरा देश गर्व से कह सकता है, हम जान लेने वाले नहीं बल्कि जान बचाने वाले लोग हैं और कैप्टन स्मित मच्छार ने वास्तविक जीवन में अहिंसा एवं रक्षा के भाव को चरितार्थ किया है। अगर यह घटना नहीं रोकी गयी होती तो भारत और भारतीय पायलटों की वैश्विक छवि पर गहरा असर पड़ता। कैप्टन मच्छार ने श्री मोदी के साथ उस भयानक हादसे के अनुभव साझा करते हुए बताया कि हमले में गंभीर रूप से घायल होकर गिर जाने के बाद भी उन्हें अहसास हुआ कि विमान तेजी से नीचे की ओर जा रहा है। उन्होंने अपनी बची हुई पूरी ताकत लगाकर कॉकपिट का दरवाजा खोला, जिससे चालक दल के अन्य सदस्य अंदर आ सके और विमान पर नियंत्रण पाया जा सका। कैप्टन मच्छार ने बताया कि उस अत्यंत कठिन और मुश्किल क्षण में वह केवल श्हनुमान चालीसाश का पाठ कर रहे थे और ईश्वर की कृपा से ही उनकी जान बच सकी। उन्होंने साझा किया कि वह विदेशों में रहने के बाद भी अपनी भारतीय संस्कृति से गहराई से जुड़े हैं और प्रतिदिन अपने दो साल के पुत्र के साथ हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं।

मतदाता सूची से मृत और गैर-भारतीयों के नाम हटने चाहिए : शिवराज सिंह चौहान

पणजी,एजेंसी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का समर्थन करते हुए कहा कि मृत लोगों और गैर भारतीयों के नाम मतदाता सूची में नहीं रहने चाहिए। गोवा सरकार द्वारा पोंडा में आयोजित 'सेवा की कहानी' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने एसआईआर पर उठाई जा रही आपत्तियों पर सवाल किया। चौहान ने वहां मौजूद लोगों से सवाल किया, "अगर मतदाता सूची में कोई गलत नाम है, अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है, तो क्या उसका नाम मतदाता सूची में रहना चाहिए? क्या उसे हटा देना चाहिए? अगर कोई भारत का नागरिक नहीं है, तो क्या उसका नाम मतदाता सूची में रहना चाहिए?" चौहान ने यह टिप्पणी एसआईआर को लेकर जारी राजनीतिक बहस और मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के दावों के बीच आई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि एसआईआर का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि "कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रहे और कोई भी अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो।" केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि जब वह चुनाव हारती है, तो निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती है, जबकि चुनाव जीतने पर वह चुनाव प्रक्रिया को स्वीकार करती है। उन्होंने कांग्रेस के 'लोकतंत्र बचाओ' अभियान पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि 1975 में लगाए गए आपातकाल के दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र को कमजोर किया था। चौहान ने कहा, "लोकतंत्र खतरे में नहीं है। अगर किसी ने लोकतंत्र को कुचलने का पाप किया था, तो वह कांग्रेस थी।

दिल्ली कोर्ट ने 2018 के मट्रो लूट और फायरिंग मामले में दो आरोपियों को किया बरी

नयी दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने 2018 में एक मेट्रो स्टेशन पर एक व्यक्ति से लूटपाट करने और गोली मारने के आरोपी दो लोगों को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उनकी हमलावरों के रूप में पहचान स्थापित करने में विफल रहा और बरामद पिस्तौल को गोलीबारी से वैज्ञानिक तरीके से जोड़ नहीं सका। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ट्विंकल वाधवा ने दीपक उर्फ गोलू और शानू उर्फ फुरकान के खिलाफ मामले की सुनवाई की। दोनों पर करावल नगर थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और शस्त्र



अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। अदालत ने गत 28 सितंबर के आदेश में कहा कि चश्मदीद गवाह ने आरोपियों की पहचान नहीं की और अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ अपना मामला उचित संदेह से परे साबित नहीं कर पाया है। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता आस मोहम्मद ही घटना का एकमात्र चश्मदीद गवाह था और अभियोजन पक्ष के मामले की पुष्टि के लिए न तो कोई सीसीटीवी फुटेज थी और न ही कोई अन्य चश्मदीद गवाह था। अभियोजन पक्ष के अनुसार 27 अप्रैल 2018 को आस मोहम्मद जवाहर नगर मेट्रो स्टेशन गया था, जहां तीन लड़कों ने उसका मोबाइल फोन छीनने की कथित तौर पर कोशिश की। उसके विरोध करने पर उनमें से एक ने देसी पिस्तौल से उस पर कथित तौर पर गोली चला दी, जिससे उसका दाहिने हाथ घायल हो गया। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि पुलिस ने अगले दिन दीपक और शानू को पकड़ लिया और शिकायतकर्ता ने उनकी पहचान की। इसके बाद पुलिस ने शानू की निशानदेही पर एक देसी पिस्तौल बरामद की। हालांकि, अदालत के समक्ष पेश होने पर शिकायतकर्ता ने इस बात से इनकार किया कि दोनों आरोपी हमलावर थे।

एसआईआर पर बवाल: 700 से ज्यादा प्रदर्शनकारी हिरासत में

इंटरनेट सेवा बंद, मेट्रो के 12 स्टेशन बंद





नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को जंतर-मंतर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं सौरभ भारद्वाज, संजीव झा, आतिशी और संजय सिंह के साथ-साथ कुछ छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं सहित 700 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। राजनीतिक दल और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा), स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) और अन्य छात्र संगठनों के सदस्य मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित अनियमितताओं और बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्थल पर किसी भी अनधिकृत जमावड़े को रोकने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है और अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है।

शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद हिरासत में लिया

पुलिस ने कहा कि उसने आप नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को नॉर्थ एवेन्यू में रोक दिया, जिससे वह प्रदर्शन स्थल की ओर नहीं बढ़ सके। भारद्वाज ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद उन्हें और झा को हिरासत में लिया गया। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से आंदोलन जारी रखने और जंतर-मंतर पहुंचने का आग्रह किया।

पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि एसएफआई के करीब 700 कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर पहुंचने की कोशिश की और उन्हें अशोका रोड गोलचक्कर पर रोक दिया गया, जिनमें से कई लोगों को हिरासत में ले लिया गया। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि आप नेताओं, आइसा, एसएफआई और अन्य छात्र संगठनों सहित लगभग 700 प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर और उसके आसपास से हिरासत में लिया गया। पहले एक अन्य अधिकारी ने बताया था कि करीब 150 लोगों को हिरासत में लिया गया। प्रदर्शन स्थल और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी गई हैं। पुलिस ने जंतर-मंतर और उसके आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं, अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया है और प्रदर्शनकारियों को स्थल तक पहुंचने से रोकने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर बैरिकेड लगाए गए हैं। दिल्ली पुलिस के जवान भी बार-बार सार्वजनिक घोषणा कर रहे थे और लोगों से जंतर-मंतर पर इकट्ठा न होने के लिए कह रहे थे क्योंकि विरोध स्थल पर किसी भी सभा की अनुमति नहीं दी गई थी।

चुनाव आयोग ने छूटे हुए मतदाताओं को पंजीकृत करने को विशेष अभियान चलाने का दिया निर्देश

नयी दिल्ली,एजेंसी। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में छूट गए पात्र मतदाताओं के नामों को फिर से शामिल करने के लिए उन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मुख्य चुनाव अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों और चुनाव पंजीकरण अधिकारियों को एक विशेष अभियान शुरू करने का निर्देश दिया है। इस निर्देश में खासकर युवाओं और पहली बार मत देने वालों पर अधिक ध्यान देने को कहा गया है। आयोग ने गुरूवार को लिखे एक पत्र में कहा कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को लगातार अद्यतन करने के हिस्से के तौर पर की जाएगी। इसमें उन लोगों की पहचान की जाएगी जिनके नाम एसआईआर प्रक्रिया से पहले की मतदाता सूची में थे लेकिन मौजूदा सूची में नहीं हैं। इसके साथ ही नये योग्य मतदाताओं के पंजीकरण में भी मदद की जाएगी। यह निर्देश पहली अक्टूबर को सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ आयोग की बैठक के बाद और 29 सितंबर की बातचीत के क्रम में आया है। चुनाव आयोग ने पहले कहा था कि बिहार और पश्चिम बंगाल सहित 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जिन लोगों के नाम संशोधन के दौरान या बाद में छूट गए थे, उनके अलावा युवा और पहली बार मत देने वाले मतदाता अब अपना नाम शामिल करवा सकते हैं। नवीनतम निर्देशों के तहत बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) मौजूदा मतदाता सूची की तुलना एसआईआर प्रक्रिया से पहले की सूची से करेंगे और ऐसे मतदाताओं की बूथ-वार सूची तैयार करेंगे जिनके नाम पहले की सूची में थे लेकिन मौजूदा सूची में नहीं हैं। बूथ स्तरीय अधिकारियों से कहा गया है कि वे ऐसे लोगों की वर्तमान स्थिति का पता लगाने के लिए घर-घर जाकर जांच करें और जहां भी वे योग्य पाए जाएं, वहां फॉर्म 6 के माध्यम से उनके पंजीकरण में मदद करें।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission Of India

कमरतोड़ महंगाई से जनता को कब छुटकारा दिलायेगी मोदी सरकार : कांग्रेस



नयी दिल्ली,एजेंसी। कांग्रेस ने कहा है कि महंगाई सिर्फ बाजार के आंकड़ों में नहीं बढ़ रही है बल्कि इसका असर हर मध्यमवर्गीय और गरीब परिवार की रसोई में महसूस किया जा रहा है और हालात यह हो गये हैं कि त्योहारों के मौसम में रसोई का बजट तीन महीने में 25 प्रतिशत तक बढ़ गया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि एक समाचार में एक गृहिणी ने बताया है कि उनकी आय केवल 35,000 रुपये है और इतनी सीमित आय में रसोई का खर्च संभालना बेहद मुश्किल हो गया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अहसास है कि महंगाई के इस दौर में परिवार अपने घर का बजट कैसे संभाल रहे होंगे। उन्होंने कहा कि अरहर दाल 105 रुपये से बढ़कर 140-150 रुपये किलो, मूंग 95 रुपये से 120 रुपये, चावल 42-45 रुपये से 53-55 रुपये और सरसों तेल 165 रुपये से 190 रुपये लीटर पहुंच गया है। श्री रमेश ने कहा कि सरकार के आंकड़ों के अनुसार अगस्त में खाद्य महंगाई 5.95 प्रतिशत रही। प्याज 48.27 प्रतिशत, अदरक 73.82 प्रतिशत और लहसुन 43.60 प्रतिशत महंगा हुआ। दाल, मसाले, सब्जियां और तेल समेत जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी से आम परिवार प्रभावित है। उन्होंने कहा कि सरकार के आंकड़े बताते हैं कि घरेलू बचत घट रही है और परिवारों पर कर्ज बढ़ रहा है। आम परिवार के सामने सवाल सिर्फ बढ़ते खर्च का नहीं, बल्कि घटती बचत और सीमित आमदनी में घर चलाने का भी है।

भाजपा से जुड़े कॉन्ट्रैक्टर प्रवीण जैन पर फायरिंग की साजिश नाकाम, 4 आरोपी गिरफ्तार



नॉर्थ दिल्ली,एजेंसी। पुलिस ने एक ऐसे गैंग का पर्दाफ़ाश किया है जो कथित तौर पर गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के नाम का इस्तेमाल करके दिल्ली-एनसीआर में कॉन्ट्रैक्टरों और व्यापारियों से रंगदारी की कॉल करता था। पुलिस ने बताया कि गैंग के मुख्य सदस्यों और कथित शूटर्स समेत चार लोगों को गिरफ़्तार किया गया है। ये गिरफ़्तारियाँ तब हुईं जब गैंग कथित तौर पर नॉर्थ दिल्ली में बीजेपी से जुड़े कॉन्ट्रैक्टर प्रवीण जैन पर गोलीबारी की योजना को अंजाम देने वाला था। पुलिस के मुताबिक, मुख्य आरोपियों की गिरफ़्तारी के समय शूटर्स दिल्ली पहुँच चुके थे और हमले की तैयारी चल रही थी। पुलिस ने बताया कि गिरोह दुबई से दिल्ली-एनसीआर में ठेकेदारों और व्यापारियों को फोन करवाता था, जिसमें गोल्डी बराड़ जैसी आवाज़ का इस्तेमाल किया जाता था। ये कॉल कथित तौर पर दुबई में गिरोह के एक संपर्क के ज़रिए किए जाते थे, और आरोपी अपने टारगेट को धमकाने और पैसे की मांग करने के लिए गैंगस्टर के नाम का इस्तेमाल करते थे। प्रवीण जैन के अलावा, रोहिणी के एक व्यापारी को भी कथित तौर पर 1 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग का निशाना बनाया गया था। पुलिस ने बताया कि गिरोह ने कथित तौर पर सिर्फ़ धमकी देने से आगे बढ़कर जैन पर हमले के लिए शूटरों का इंतज़ाम भी कर लिया था। बताया जा रहा है कि शूटर पहले ही दिल्ली पहुँच चुके थे, और उनमें से एक ने कथित तौर पर गोलीबारी की तैयारी भी पूरी कर ली थी।

पुलिस ने बताया कि हमले की योजना के तहत इंतज़ाम करने से पहले, हथियार कथित तौर पर गुजरात के एक हथियार डीलर से खरीदे गए थे और उत्तर प्रदेश भेजे गए थे।

संपादकीय

सुरक्षाबलों में असुरक्षा

जम्मू–कश्मीर स्थित कठुआ में सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स की ड्यूटी पर तैनात एक हिंसक साथी द्वारा चार जवानों की हत्या करने की घटना ने सुरक्षा बलों के भीतर छिपे खतरों की डरावनी तस्वीर उकेरी है। बताया जाता है कि सीआईएसएफ के एक हेड कॉन्स्टेबल ने अपनी सर्विस ए.के–47 से गोलीबारी करके इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को अंजाम दिया। बताते हैं कि इस वाकये में कार्यस्थल पर अपने छोटे बच्चे को लेकर आने से शुरू हुई बहस कालांतर हिंसक टकराव में बदल गयी। विगत में भी मानसिक द्वंद्व से गुजर रहे सुरक्षा बलों के जवानों के हिंसक प्रतिरोध के मामले सामने आए हैं। ये घटना बताती है कि सुरक्षा कर्मियों से जुड़ी समस्याओं के निपटारे के लिये मजबूत सिस्टम बनाने की सख्त जरूरत है। निस्संदेह, यह घटना केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में काम करने की स्थितियों पर भी प्रश्न उठाती है। दरअसल, दूर–दराज के इलाकों में तैनात जवानों को लंबी और अनियमित ड्यूटी, परिवार से जुड़ी मुश्किलों तथा घर से लंबे समय तक दूर रहने जैसी तमाम चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में किसी तनाव से गुजर रहे सुरक्षाकर्मी के व्यवहार व मानसिक स्थिति पर संवेदनशील ढंग से नजर रखने की जरूरत होती है। यह संकट इसलिए भी बड़ा है क्योंकि सुरक्षा कर्मियों का अनिवार्य रूप से हथियार रखना ड्यूटी का हिस्सा है। जिसके चलते मामूली विवाद के घातक रूप लेने की आशंका लगातार बनी रहती है। इसका अभिप्राय यह कदापि नहीं है कि हर छोटा–मोटा विवाद हिंसक रूप में बदल ही सकता है। लेकिन ऐसे संकेतों पर समय रहते ध्यान देने की जरूरत होती है ताकि किसी दुखद घटना को टाला जा सके। निस्संदेह, केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बलों में ऐसे दुखद हादसों को टालने हेतु, जवानों की शिकायतों के समाधान के लिये प्रभावी तंत्र और असरदार निगरानी की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा बलों में हथियारों को लेकर सुरक्षा उपाय और आसानी से उपलब्ध मनोवैज्ञानिक मदद, बचाव की रणनीति का हिस्सा हो सकती है। निस्संदेह, किसी भी सुरक्षाबल में जवानों का अनुशासित होना, अपरिहार्य शर्त है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में ऑपरेशन के लिये जवानों का हरदम शस्त्रों से लैस होना भी लाजिमी है। ऐसे में निगरानी व किसी भी टकराव को टालने के लिये उपायों को लेकर गंभीर पहल होनी चाहिए। कुछ वर्ष पूर्व गृह मंत्रालय की एक टास्क फोर्स ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में कुछ जवानों द्वारा अपने साथियों की हत्या करने के मुख्य कारणों की पहचान की थी। जिसमें उल्लेख किया गया है कि कठोर सेवा शर्तें, छुट्टी मिलने में देरी–विशेषकर परिवार में आपात स्थिति के समय, आलोचना, उत्पीड़न पर प्रतिक्रिया तथा साथियों के अनुचित व्यवहार के कारण हिंसक प्रतिक्रियाएं बढ़ी हैं। कठुआ की घटना की जांच में भी यह पता लगाया जाना चाहिए कि क्या इस मामले में निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया गया था। यह दुखद है कि कि देश के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले देश के एक प्रमुख सुरक्षा बल ने अपने चार जवानों को असमय खो दिया है। निस्संदेह, उनकी मौत के लिये जवाबदेही तय होनी चाहिए। लेकिन इसके साथ यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में किसी सशस्त्र बल के भीतर का मनमुटाव कभी इतने घातक परिणामों तक न पहुंच पाये। दरअसल, वक्त बदला है तो रोजगार के अवसर सिमटने के चलते उच्च शिक्षा हासिल युवा इन सुरक्षा बलों में भर्ती हुए हैं। जिंदगी में सुनहरे सपने लिये जब वे इन सुरक्षा बलों में आते हैं तो कठोर अनुशासन व सख्त नियमों के साथ साम्य नहीं बैठा पाते। वहीं सुरक्षा बलों का ढांचा पुराने ढर्रे पर चल रहा है, जो नई पीढ़ी की बदलाव की आकांक्षाओं के साथ तालमेल बैठाता नजर नहीं आता है। फलतरू जवानों की अपने अधिकारियों से अनेक मुद्दों पर वैचारिक भिन्नता हो सकती है। निस्संदेह, कठोर अनुशासन सुरक्षा बलों की अपरिहार्य शर्त होती है, लेकिन आज की पीढ़ी में पुरानी पीढ़ी जैसा धैर्य और सहनशीलता नजर नहीं आती है। जो कालांतर बड़े अधिकारियों के सख्त अनुशासित व्यवहार में बाधक होता है। निस्संदेह, देश के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के स्वरूप को बदलते वक्त की आकांक्षाओं के अनुरूप बनाने की जरूरत है।

देश में बड़े बदलाव की शुरुआत

डॉ. दीपक पाचपोर

कांग्रेस ने तो देश के तमाम राज्यों में विरोध–प्रदर्शन किए और भाजपा सरकारों ने उन्हें कुचलने की आदतन कोशिश की। इसके बाद जब यह तय हुआ कि 30 सितंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक होने वाली है, फिर से चुनाव आयोग को बचाने की कोशिशें शुरु हो गईं।

नरेन्द्र मोदी के सामने इस समय राहुल गांधी ने फिर से एक बड़ी चुनौती पेश कर दी है। भाजपा, नरेंद्र मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार ने चुनाव में धांधली की है। हम इसे चुपचाप बर्दाश्त नहीं करेंगे। भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने वालों को दंडित किया जाएगा, चाहे वे कितने भी वरिष्ठ पद पर क्यों न हों। भारत के लोकतंत्र से बड़ा कोई नहीं है। यह बातें जब बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कही, तो उनके शब्दों की गंभीरता को नजरंदाज करना मुश्किल था। राहुल गांधी पहले भी कह चुके हैं कि साल भर के भीतर मोदी सरकार चली जाएगी। उन्होंने दावा किया है कि अब मोदी सरकार की बनाई व्यवस्था दरक रही है और भीतर से ही जानकारियां बाहर आ रही हैं। यह बात पहले से मोदी सरकार के लिए परेशानी का सबब थी और अब इंडिया गठबंधन की बैठक ने भाजपा और चुनाव आयोग को और ज्यादा डरा दिया है। पिछले हफ्ते द इंडियन एक्सप्रेस ने चुनाव आयोग के भीतर ज्ञानेश कुमार के फैसलों से असहमति का सनसनीखेज खुलासा किया था। इसके बाद से देश भर में विपक्ष ने चुनाव आयोग और मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल लिया। कांग्रेस ने तो देश के तमाम राज्यों में विरोध–प्रदर्शन किए और भाजपा सरकारों ने उन्हें कुचलने की आदतन कोशिश की। इसके बाद जब यह तय हुआ कि 30 सितंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक होने वाली है, फिर से चुनाव आयोग को बचाने की कोशिशें शुरु हो गईं। भाजपा और एनडीए नेता तो चुनाव चोरी को नकारते हुए ज्ञानेश कुमार का बचाव कर ही रहे थे, अब बैनर–पोस्टर भी लगाए गए। दिल्ली में राहुल गांधी, अखिलेश यादव जैसे नेताओं पर चुनाव में हार पर तंज कसते हुए पोस्टर लगाए गए। इन पोस्टर्स में लगाने वालों का नाम नहीं लिखा है, जाहिर है जो कोई भी इनके पीछे है वो डरपोक है और छिप कर वार करने में यकीन रखता है। पाठकों को याद होगा कि इससे पहले आठ जून को इंडिया की एक अहम बैठक हुई थी, तब बंगाल चुनाव में धांधली का मामला ताजा था। तब भी राहुल गांधी के खिलाफ ऐसे ही पोस्टर लगे थे। उस बैठक में राहुल गांधी ने प्रतिरोध की राजनीति करने का आह्वान विपक्ष से किया था। विपक्ष के बाकी दल तो खैर अपने एजेंडे और सुविधाओं के हिसाब से ही राहुल गांधी की बात पर आगे बढ़ते हैं, लेकिन इस देश के युवा ने जरूर कहे–अनकहे तरीके से राहुल गांधी की बात पर अमल करना शुरु किया। जंतर–मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के कहने पर युवा एकत्र हुए, लेकिन उसके बाद सीजेपी की बनाई लकीर से आगे बढ़ते हुए अपना प्रतिरोध मोदी सरकार के खिलाफ दर्ज किया। सोनम वांगचुक ने अनशन तोड़ा या सीजेपी के लोगों ने सरकारी नुमांइदों से मिलकर आंदोलन खत्म करने का ऐलान किया, इन बातों से युवाओं के प्रतिरोध के जज्बे में कोई कमी नहीं आई। पिछले दिनों देश के कई राज्यों में अलग–अलग मुद्दों पर युवा जिस तरह गलत के विरोध में आंदोलनरत हो रहे हैं, वह इसकी मिसाल है। इन युवाओं को एक बार फिर साथ आने का आह्वान इंडिया गठबंधन ने 30 सितंबर की बैठक में किया है। ममता बनर्जी ने तो साफ कहा है कि ज्ञानेश कुमार तुरंत इस्तीफा दें वर्ना लंबा आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने विपक्षी दलों के अलावा युवाओं, महिलाओं, एनजीओ के साथियों और पत्रकारों समेत समाज के हरेक तबके से लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में साथ आने की अपील की है। दो अक्टूबर से इंडिया गठबंधन देश के हर जिले में लोकतंत्र बचाओ मार्च निकालने जा रहा है, जो आठ अक्टूबर तक निकाला जाएगा। छह तारीख को सारे सांसद चुनाव आयोग तक मार्च निकालेंगे। राष्ट्रपति मुर्मू से मिलने का समय भी मांगा जाएगा। इसके अलावा पांच बड़ी रैलियां देश भर में अगले महीने होंगी और एक नवंबर को दिल्ली में विशाल रैली करने का फैसला बैठक में लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में लंबित एसआईआर और चुनावी मामलों से संबंधित सभी मामलों के शीघ्र निपटारे की अपील भी इंडिया के नेता करेंगे। यानी मोदी सरकार के खिलाफ प्रतिरोध हर तरीके से तेज किया जाएगा, यह तय हो चुका है। शायद यही वजह है कि अब भाजपा और चुनाव आयोग की घबराहट सामने नजर आ रही है। इंडिया की बैठक के बाद केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान तंज कस रहे हैं कि इस बैठक में अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, हेमंत सोरेन जैसे नेता नहीं आए क्योंकि इंडिया गठबंधन के लोग राहुल को अपना नेता नहीं मान रहे हैं। ऐसे बयान खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसे लगते हैं। उधर जिस फॉर्म 6 में बदलाव के जरिए 18 बरस की आयु पूरी कर चुके युवाओं का वोटर लिस्ट में नाम दर्ज होने से रोका जा रहा था, उस मनमाने नियम पर भी इंडिया की बैठक से पहले चुनाव आयोग ने यू टर्न ले लिया। पहले फॉर्म 6 में एक अलग घोषणापत्र भरवाया जा रहा था, जिसमें एसआईआर वाले प्रावधान के तहत नए मतदाताओं को यह बताना पड़ रहा था कि वे या उनके माता–पिता पिछली एसआईआर की मतदाता सूची में शामिल थे या नहीं। इस पर चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने आपत्ति जाहिर की थी। फिर सीजेपी और कांग्रेस ने भी इस पर सवाल उठाए कि ऐसे नियम से कई युवाओं का नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं हो पा रहा है। लेकिन अब चुनाव आयोग ने इस अतिरिक्त घोषणापत्र को हटाने का फैसला कर लिया है। यानी विपक्ष का दबाव रंग ला रहा है।

चुनावी तानाशाही से खालिस तानाशाही की ओर!

राजेंद्र शर्मा

स्वीडन के गोथेनबर्ग विश्वविद्यालय के वी–डेम इंस्टीट्यूट की डेमोक्रेसी रिपोर्टों में 2018 से यानी मोदीशाही के पहले कार्यकाल के आखिरी वर्ष से ही भारत को श्इलेक्टोरल ऑटोक्रेसीश या चुनावी तानाशाही की श्रेणी में रखा जाता रहा है। इस श्रेणी में ऐसे निजाम आते हैं जहां बहुदलीय चुनावी व्यवस्था तो बनी हुई है, फिर भी अभिव्यक्ति की आजादी, मीडिया की स्वतंत्रता, स्वतंत्रध निष्पक्ष चुनाव और संगठन बनाने की स्वतंत्रता जैसी जनतंत्र की बुनियादी शर्तों के मामले में, किसी हद तक कमी रहती है। याद रहे कि वी–डेम इंस्टीट्यूट ने वैसे तो 2018 से ही मोदीशाही के भारत की पहचान चुनावी तानाशाही के रूप में करनी शुरू कर दी थी। फिर भी उसकी 2021 की उसकी डेमोक्रेसी रिपोर्ट में और ज्यादा पुख्ता तरीके से अपने इस चरित्रांकन को दोहराया गया। उसका यह चरित्रांकन इसलिए और पुख्ता हुआ था क्योंकि 2019 के बाद से जनतंत्र के तकाजों के हिसाब से गिरावट और बहुत आगे चली गयी थी। रिपोर्ट में इस गिरावट को मुख्यतरू मोदी राज में सामने आए रुझानों और खासतौर पर लिबरल डेमोक्रेसी इंडेक्स पर भारत के 2013 के 0.57 से अधिक अंक के ऊंचे स्तर से गिरकर 2020 के आखिर तक 0.34 अंक पर आ जाने के साथ जोड़ा गया था। यह गिरावट अभिव्यक्तिध मीडिया की स्वतंत्रता के सिकुड़ने, सिविल सोसाइटी पर बढ़ते दबावों और राजद्रोह,डिफेमेशन,आतंकवाद–विरोध से संबंधित कानूनों का बढ़ते पैमाने पर उपयोग किए जाने को दिखाती थी। जाहिर है कि वी–डेम की बाद की रिपोर्टें यही दिखाती आयी हैं कि भारत 2018 तक चुनावी तानाशाही केगड्ढे में गिरने के बाद से, उसीगड्ढे में पड़ा हुआ है। बहरहाल, वी–डेम के हुकूमतों के वर्गीकरण में, चुनावी तानाशाही से भी नीचे खिसक कर कोई देश, क्लोज्ड ऑटोक्रेसी या मुकम्मल तानाशाही के रसातल में भी जा सकता है। चुनाव आयोग पर मुकम्मल कब्जे के जरिए, पिछले कुछ वर्षों में और खासतौर पर 2024 के आम चुनाव में मोदीशाही को तगड़ा धक्का लगने के बाद से, चुनावों को जिस तरह ज्यादा से ज्यादा झुठलाने के प्रबंध किए गए हैं, उनसे चुनावी तानाशाही की श्चुनावीश की शर्त का कमजोर होना और तानाशाही का और मजबूत होना तो पहले ही सब को दिखाई दे रहा था। लेकिन, मोदीशाही के नियंत्रण में भारतीय चुनाव आयोग पिछले साल भर से ज्यादा से जिस तरह से काम कर रहा था, उसके हाल में मीडिया में और खासतौर पर इंडियन एक्सप्रेस में हुए भंडाफोड़ के बाद, ऐसा लगता है कि चुनाव को पूरी तरह से निरर्थक ही बना देने का पूरा बंदोबस्त किया जा चुका है। चुनाव आयोग के काम–काज के संबंध में पिछले हफ्ते–दस दिन में हुए रहस्योद्घाटन से और इन रहस्योद्घाटन पर देश भर में हुई व्यापक प्रतिक्रिया के सामने, समूची चुनाव प्रक्रिया को भीतर से ध्वस्त करने के अपने खेल को बचाने की कोशिश में, सत्ताधारियों के दबाव में चुनाव आयोग द्वारा बैठक कर जारी की गयी श्सर्वसम्मत विज्ञप्तिश में नीति–परोक्ष रूप से कबूल की गयी गड़बड़ियों से, एक केंद्रीय सच्चाई निकल कर आती है। यह सच्चाई है, 140 करोड़ आबादी और करीब 100 करोड़ मतदाताओं के इस विशाल देश में, चुनाव व्यवस्था के बुनियादी कामों, निर्णय प्रक्रियाओं का पूरी तरह से केंद्रीयकरण। यह केंद्रीयकरण, सारी चुनाव व्यवस्था राजधानी में बैठे केंद्रीय चुनाव आयोग के हाथों में केंद्रीयकरण तक ही सीमित नहीं रहता है। यह तीन सदस्यीय चुनाव आयोग में भी वास्तविक शक्ति, एकलौते मुख्य चुनाव आयुक्त और उसके आदेश से बंधे अधीनस्थों के गुट के हाथों में सिमट जाने पर जाकर मुकम्मल होता है। और इस गुट की डोरियां सत्ता के शीर्ष पर बैठी जोड़ी के हाथ में है, जो नये कानून के अंतर्गत चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति भी है। बेशक, चुनाव आयोग में भी मुख्य चुनाव आयुक्त के हाथों में शक्तियों के इस केंद्रीयकरण को, हाल के रहस्योद्घाटन से एक बड़ा धक्का लगा है। इन रहस्योद्घाटन में यह जानकारी खास थी कि पिछले दस महीनों में ही कम से कम 14 मौकों पर, मुख्य चुनाव आयुक्त के इतर, अन्य चुनाव आयुक्तों ने आयोग के अलग–अलग निर्णयों पर अपनी आपत्तियांध असहमतियां दर्ज करायी थीं। कुछ मामलों में दो चुनाव आयुक्तों ने एक ही मुद्दे पर अलग–अलग अपनी आपत्तियां दर्ज करायी थीं, जो वास्तव में चुनाव आयोग का बहुमत होता था। चुनाव आयोग संबंधी कानूनों के अनुसार, आयोग के निर्णय सर्वसम्मति से और सर्वसम्मति से संभव न हो तो, बहुमत के आधार पर लिए जाने चाहिए। किंतु अल्पमत में होते हुए भी, निर्णय की प्रक्रिया को तोड़–मरोड़कर मुख्य चुनाव आयुक्त के निर्णय को, कई मामलों में चुनाव आयोग का निर्णय बनाकर लागू कर दिया गया। यह खासतौर पर मतदाता सूचियों में नाम जोड़नेध्हटाने के सारे अधिकार ईसीआईनेट नाम के पूरी तरह से केंद्रीयकृत कंप्यूटर तंत्र के हवाले किए जाने की महाविकृति के रूप में सामने आया। और इसी प्रकार नये मतदाताओं से भरवाए जाने वाले फार्म–6 में अवैध संशोधन की एक और बड़ी विकृति के रूप में भी सामने आया। यह अवैध संशोधन, जिसे जोड़ने का चुनाव आयोग को कोई अधिकार ही नहीं है, 2026 से बनने वाले नये मतदाताओं के लिए, उनके माता–पिता या उनके भी माता–पिता की 2002 की मतदाता सूचियों में मौजूदगी की शर्त लगाता है, जोकि मताधिकार देने लिए पीढ़ी दर पीढ़ी निवास की निरंतरता साबित करने मांग करना है। हैरानी की बात नहीं है कि चुनाव आयोग द्वारा बिहार के विधानसभा चुनाव से पहले, पिछले साल मध्य से शुरू किए गए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण या एसआईआर को शुरू से ही पिछले दरवाजे एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर तैयार करने की प्रक्रिया कहा जा रहा था, जो संघ परिवार का प्रिय प्रोजेक्ट है। ईसीआईनेट के माध्यम से मतदाता सूचियों में बदलावों के पूरी तरह से केंद्रीयकरण के संदर्भ में यह याद रखना जरूरी है कि भारत के चुनावी कानूनों के हिसाब से विधानसभाई क्षेत्र स्तर के अधिकारी, ईआरओ को ही मतदाता सूचियों में नाम जोड़नेध्हटाने का वैध अधिकार है। उससे नीचे की शृंखला बूथ लेवल आफिसर या बीएलओ तक जाती है और यही मतदाता सूचियों में बदलाव का तंत्र है। यह व्यवस्था ढांचागत रूप से यह सुनिश्चित करती है कि मतदाता सूचियों में स्थानीय रूप से गड़बड़ियां तो रह सकती हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर गड़बड़ी संभव ही नहीं है। बहरहाल, जैसा कि गोवा का चर्चित हुआ सौ से कुछ कम मतदाताओं के नाम जोड़े जाने के लिए, राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के नाकाम संघर्ष का प्रकरण बताता है, ईसीआईनेट के जरिए मतदाता सूचियों में बदलाव की प्रक्रियाओं समेत इन सूचियों का इस हद तक केंद्रीयकरण कर दिया गया है कि, राज्य का मुख्य चुनाव अधिकारी तक उन तक पहुंच नहीं सकता है, फिर ईआरओ को पहुंच हासिल होने का तो सवाल ही कहां उठता है? यह दूसरी बात है कि यह इस पूरी व्यवस्था को ही अवैधानिक बना देता है। ईसीआईनेट का और उसके नियंत्रकों का अचानक इतना ताकतवर हो जाना, कोई संयोग ही नहीं है। यह तानाशाही के प्रोजेक्ट का नया हथियार है, जो उन्नत प्रौद्योगिकी ने मुहैया कराया है। तानाशाहों और तानाशाहियों को हथियार के रूप में उच्च–प्रौद्योगिकी हमेशा पसंद आती है। और यह इसलिए तो होता ही है कि इस तरह तानाशाहियों की लोगों को नियंत्रित करने की शक्ति बहुत बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए भी होता है कि तानाशाहियां ऐसी प्रौद्योगिकियों की मानवीय कीमत की ओर से पूरी तरह से आंखें बंद किए रख सकती हैं। अक्सर तानाशाह कम पढ़े तथा सांस्कृतिक रूप से दरिद्र होते हैं, क्योंकि यह उनके लिए अपने किए की मानवीय कीमत की ओर से आंखें मूंदें रखकर, अपने प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाते रहना आसान बनाता हैकृ जैसे मोदीशाही के लिए हिंदू राष्ट्र की परियोजना को आगे बढ़ाना।

हिंदुस्तान को बदलने का घातक मंसूबा

सर्वमित्रा सुरजन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सत्ता पर भाजपा का शिकंजा कस रहे हैं, इसके कई उदाहरण हाल–फिलहाल में सामने आ चुके हैं। द इंडियन एक्सप्रेस ने पिछले हफ्ते मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से अन्य दोनों चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की असहमतियों, ईसीआईनेट के जरिए दिल्ली में बैठ कर राज्यों की मतदाता सूची से नामों को कटवाने समेत कई खबरों से पर्दा उठाया है। इसके बाद भाजपा जहां खुलकर चुनाव आयोग के बचाव में उतर आई है, वहीं खुद चुनाव आयोग ने भी बीते शनिवार एक बैठक कर उसका लंबा–चौड़ा स्पष्टीकरण दिया और बताया कि अब से चुनाव आयोग हर बैठक से पहले एजेंडा भी बनाएगा और बैठक के बाद उसके नोट्स भी जारी करेगा। यानी मामूली से मामूली बैठकों में भी जो सामान्य प्रक्रिया अपनाई जाती है, वह चुनाव आयोग में अब तक नहीं अपनाई जा रही थी, यह खुद चुनाव आयोग ने बता दिया। बहरहाल, चुनाव आयोग की सफाई से ज्ञानेश कुमार का कितना बचाव हो पाएगा यह तय नहीं है। यह भी फिलहाल कहा नहीं जा सकता कि इस पूरे मुद्दे पर भाजपा के तमाम नेता तो बयान दे रहे हैं, लेकिन मोदी–शाह कुछ भी नहीं कह रहे हैं तो इसकी क्या वजह है। आम तौर पर होता यही है कि अगर विपक्ष की तरफ से गंभीर आरोप लगें तो सत्ता में शीर्ष पर बैठे लोग ही उसका जवाब देते हैं। जैसे नरेन्द्र मोदी और अमित शाह कह सकते थे कि हमें जनता ने ही तीसरी बार सत्ता सौंपी है और चुनाव में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। लेकिन ये दोनों नेता इतनी सामान्य सी सफाई देना भी जरूरी नहीं समझते। संभवतरू उन्हें पूरा यकीन है कि अब देश की तमाम संस्थाएं और व्यवस्था उनकी मुट्ठी में आ चुकी हैं और उनकी सत्ता को कोई खतरा नहीं है तो वो किसी के भी प्रति जवाबदेह नहीं हैं। प.बंगाल चुनाव जीतने के बावजूद जिस तरह टीएमसी के विधायकों और सांसदों को ममता बनर्जी से अलग करवा कर एक तरफ टीएमसी को दो फाड़ करवाया गया और दूसरी तरफ सांसदों को एनसीपीआई नाम की अनजानी पार्टी में भेजा गया, उससे यह भी जाहिर हो गया है कि संसद से लेकर विधानसभाओं तक मोदी–शाह अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। यह पकड़ चुनाव में जीत के जरिए बने न बने, लेकिन जांच एजेंसियों के दबाव, धन और पद का लोभ आदि से बनाई जा सकती है। अब सवाल ये है कि आखिर मोदी–शाह हमेशा के लिए भाजपा की सत्ता क्यों बनाना चाहते हैं। लोकतांत्रिक राजनीति में जिसका भी यकीन होता है, वह इस सच्चाई को स्वीकार करके ही चलता है कि आज जीत मिली है, तो कल हार भी मिल सकती है। चुनाव में भले दावे किए जाएं कि जीत हमारी ही होगी, लेकिन ताकतवर और लोकप्रिय नेता भी चुनावी नतीजों के इंतजार में थोड़े तनाव में दिखते ही हैं। मोदी–शाह को यह तनाव क्यों नहीं होता, यह भी विचारणीय है। इन सवालों की पड़ताल करने के लिए देश में बड़ी सावधानी और चालाकी से किए जा रहे अहम फैसलों को समझना होगा। 2023 में जब विपक्ष के सौ से ज्यादा सांसद निलंबित थे, तब अहम कानूनों में बदलाव किया गया और इसी दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त को हमेशा के लिए कानूनी संरक्षण दिया गया। मतलब पद पर रहने के दौरान को उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकती, जब वो पद से हटेंगे, तब भी कोई दीवानी या आपराधिक कार्यवाही नहीं की जा सकेगी। इस कानून पर विपक्ष ने तो आपत्ति जाहिर की थी, और सवाल उठाए थे। लेकिन जनता के बीच इसकी जितनी चर्चा मीडिया के माध्यम से होनी चाहिए थी, वो नहीं हुई। क्योंकि जनता पूछ सकती थी कि आखिर मुख्य चुनाव आयुक्त से ऐसे कौन से काम करवाए जाने हैं, जो उन्हें आजीवन कानूनी संरक्षण दिया जा रहा है। खैर, इस कानून के जरिए भाजपा ने बेधड़क चुनावी गड़बड़ी का पक्का इंतजाम कर लिया। भाजपा का सत्ता पर बने रहना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए भी जरूरी है, क्योंकि इसी तरह हिंदू राष्ट्र का एजेंडा पूरा होगा। इसके लिए संविधान खत्म करना भी जरूरी है। अब नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने इसके लिए एक और फैसला लिया है। पिछले साल 15 अगस्त को मोदी ने हाई पावर्ड डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की थी, जिसके बाद गृह मंत्रालय ने इस साल 26 मई को श्जनसांख्यिकीय बदलावों पर उच्च–स्तरीय समितिश का गठन किया और सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर को इसका अध्यक्ष बनाया। अभी इस समिति ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जिलावार पिछले 15 वर्षों में धार्मिक आबादी में आए बदलावों का डाटा मांगा है। यह डाटा वाहनों के पंजीकरण, संपत्ति की खरीद, स्कूल, कॉलेज में दाखिले, आधार, वोटर आईडी के धार्मिक आधार पर जुटाया जा रहा है। आसान शब्दों में कहें तो नागरिकों की धार्मिक प्रोफाइल तैयार की जा रही है। नस्लीय नफरत में अंधे हिटलर ने ऐसा ही काम अपने शासन में किया था। उसके बाद किस तरह यहूदियों का कत्लेआम किया गया, सब जानते हैं। बताया जा रहा है कि राज्यों को धर्म के आधार पर इतना बड़ा डाटा इकट्ठा करने में मुश्किल हो रही है क्योंकि इन मानकों पर अब तक डाटा इकट्ठा नहीं किया जाता था। जब भारत को उसकी मूल पहचान के साथ ही रहने देना है तो ऐसे डाटा की कोई जरूरत कभी थी ही नहीं। मगर अब घुसपैठियों पर कार्रवाई या ऐसे ही किसी फालतू से बहाने को लेकर भाजपा अपने इस फैसले को न्यायोचित ठहरा सकती है। हालांकि उसके असली मकसद को समझना कठिन नहीं है कि वह मुसलमानों, ईसाइयों, दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को अलग–थलग करने के लिए ऐसे डाटा का इस्तेमाल करेगी। भाजपा शैक्षणिक पाठ्यक्रम और सोशल मीडिया के जरिए भी भारत के असल ताने–बाने को तोड़ने में लगी है, क्योंकि इसी तरह हिंदू राष्ट्र बनाने में उसे आसानी होगी। इतिहास की मनमानी व्याख्या और तथ्यों को गलत पेश करने का काम तो मोदी सरकार में हुआ ही है, अब सामाजिक विज्ञान की किताब के जरिए आधुनिकता के नाम पर बच्चों को गुमराह किया जा रहा है।

गांधी जयंती पर नैनी में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत इलाहाबाद गेस्ट हाउस एसोसिएशन एवं मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 02 अक्टूबर को सुंदरम गार्डन गेस्ट हाउस, नैनी में विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।



शिविर में मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ की विशेषज्ञ टीम ने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बोन मास डेंसिटी (ठडक) और ईसीजी जैसी जांचें निःशुल्क कीं और वरिष्ठ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परामर्श दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन अध्यक्ष गुफरान अहमद, उपाध्यक्ष विद्यासागर केशरी, जोनल इंचार्ज मतिन गुप्ता, आकाश जायसवाल, वरिष्ठ सदस्य धर्मेंद्र तिवारी व मेदांता के वरिष्ठ चिकित्सक ने फीता काटकर किया। सिविल डिफेंस कोऑर्डिनेटर रौनक गुप्ता ने भी पहुंचकर आयोजन की सराहना की। गांधी नगर, जवाहर नगर, आरएएल कॉलोनी, मेवालाल बगिया समेत नैनी के सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इस दौरान ओम प्रकाश यादवाल, भरत सिंह, रमेश पांडे, आरती तिवारी, प्रदीप मिश्रा, महात्मा दूबे, शरण कुमार सिंह, आलोक जायसवाल, अनस खान, एलेन धीरू, रविशंकर मिश्रा, गरिमा सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजक आकाश जायसवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रहे। भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

गाँधी और शास्त्री की जयन्ती पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने प्रभात फेरी निकाली

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। शुक्रवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारियो ने गुलाब बाड़ी स्थिर दलित बस्ती में जा कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को नई दिशा देने वाले महान



स्वतंत्रता सेनानी भारत के दूसरे प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर खिराजे अकीदत पेश करते हुए प्रभात फेरी निकाली इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यछ एवं ।प्ब राज्य सलाहकार कमेटी के सदस्य अरशद अली ने कहा की सत्य, अहिंसा और सोहार्द के सिद्धांतो से भारत को एक जुट करने वाले बापू के आदर्श हमें नफरत के सामने शान्ति भाई चारे सच्चाई और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे। अरशद ने आगे कहा जिस तरह से हमारे पुरखो ने गाँधी अगुवाई मे कुर्बानी देकर अंग्रेजो से देश को आजाद करवाया था और हिंदुस्तान को एक मजबूत संविधान और लोकतंत्र दिया था लेकिन आज उस संविधान और लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है जिसको बचाने की जिम्मेदारी हम सब की है। इस मौके पर शहर महा सचिव मो हसीन ने महान पुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी प्रतिमा पर सभी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण कर महात्मा गांधी के विचारों पर चलने का प्रण लिया इस अवसर पर महफूज अहमद, बिलाल खां, मोहम्मद जाहिद, साबिर फरीदी, परवेज आलम, कुवत अली, गुलाम वारिस, मुख्तार अहमद, मोहम्मद वेश, तालीम अंसारी आदि मोजूद थे।

गांधी व शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर भाजपा महानगर के कार्यकर्ताओं बालसन चौराहे पर स्थित महात्मा गांधी व मेडिकल चौराहा स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन



हमारे देश के लिए बहुत खास और प्रेरणादायक है। इस दिन देश को महात्मा गांधी जैसे राष्ट्रपिता मिले, तो वहीं दूसरी ओर भारत के महान सपूत और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ था। गांधी जी का जीवन सादगी की एक मिसाल था। वे हमेशा खादी के कपड़े पहनते थे और स्वदेशी अपनाने पर जोर देते थे। उन्होंने स्वच्छता को बहुत महत्व दिया, जो आज श्स्वच्छ भारत अभियानश की प्रेरणा है। वर्ष 1965 के भारत–पाकिस्तान युद्ध के दौरान देश में गंभीर सुरक्षा और खाद्यान्न संकट पैदा हो गया था। तब शास्त्री ने देश का डटकर मुकाबला किया और देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए ष्जय जवान, जय किसानष का अमर नारा दिया। उन्होंने सैनिकों के साथ–साथ किसानों के श्रम को भी देश की असली ताकत माना। आनंद सोनकर, पार्षद आशीष द्विवेदी, अनुज कुशवाहा, अजय आनंद, गणेश वर्मा, अतुल मेहरोत्रा, अमित गोस्वामी, यशस्वी शुक्ला, अंशुला गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए विवेक का चंडीगढ़ अंडर–19 टीम में चयन

प्रातःकाल एक्सप्रेस



प्रयागराज। शामली, उत्तर प्रदेश के उभरते क्रिकेट खिलाड़ी विवेक पुंडीर का चयन वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए चंडीगढ़ अंडर–19 टीम में हुआ है। विवेक तेज गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। विवेक अप्रैल 2026 से प्रयागराज स्थित जैदी इंडोर क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वह अकादमी के प्रशिक्षक आशीष विंस्टन जैदी और केबी काला के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर अपनी गेंदबाजी एवं क्रिकेट कौशल को निखार रहे हैं। विवेक के पिता सहदेव कुमार आर्मी मेडिकल कोर में सूबेदार के पद पर कार्यरत हैं और वर्तमान में कारगिल, लद्दाख में तैनात हैं। परिवार और प्रशिक्षकों ने विवेक की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

सत्य और अहिंसा को जीवन का आधार बनाएं : कर्नल विनय

गांधी जयंती पर मुविवि में रामधुन, वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 02 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के यमुना परिसर स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र में गांधी जयंती के अवसर पर मानविकी विद्या शाखा के तत्वावधान में रामधुन, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। रामधुन के माध्यम से महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी और सामाजिक उत्तरदायित्व के संदेश को स्मरण किया गया।

कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का आधार बनाया। उन्होंने सत्याग्रह, अहिंसा और स्वदेशी के माध्यम से अन्याय का विरोध करने का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि दृढ़ संकल्प, सत्य और शांतिपूर्ण प्रयासों से बड़े परिवर्तन संभव हैं।

उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि शास्त्री जी अपनी सादगी, ईमानदारी, दृढ़ इच्छाशक्ति और देशभक्ति के लिए प्रसिद्ध थे। उनका जीवन आज भी ईमानदारी, अनुशासन, त्याग और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है।

इसके बाद कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सत्यपाल तिवारी के निर्देशन में वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें शिक्षकों और विश्वविद्यालय कर्मियों ने



सहभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन प्रो. विनोद कुमार गुप्त ने किया। आयोजन सचिव डॉ. शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने संचालन किया, जबकि प्रो. सत्यपाल तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रो. रुचि बाजपेई, डॉ. साधना श्रीवास्तव, डॉ. सतीश चन्द्र जैसल, प्रो. एस. कुमार, प्रो. पी.के. स्टालिन, प्रो. छत्रसाल सिंह, प्रो. ए.के. मलिक, प्रो. वी.के. गुप्ता, प्रो. एस.पी. तिवारी सहित शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गांधी और शास्त्री के आदर्शों को जीवन में अपनाएं : डॉ. कृष्णा गुप्ता

लोगों की अच्छाइयों को ग्रहण करें बच्चे : अल्पना डे
एमपीवीएम में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर विविध आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर, तेलियरगंज में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं विचारों को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।

विद्यालय की सचिव डॉ. कृष्णा गुप्ता ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के 'जय जवान, जय किसान' के संदेश की महत्ता बताई। उन्होंने विद्यार्थियों से दोनों महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या



अल्पना डे ने गांधी जी के संदेश 'बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो' को व्यवहार में उतारने और अपने आसपास के लोगों की अच्छाइयों को ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा 4 और 5 के विद्यार्थियों ने 'नृत्यांजलि' की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 9 की छात्रा शुभी यादव ने राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत कविता 'जीवन के सूखे मरुस्थल' का पाठ किया। विद्यार्थियों के सामूहिक गीत 'दे दी हमें आजादी बिना खड्ग बिना ढाल' से वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन' का सामूहिक गायन किया। इसके बाद 'रामधुन' की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। कक्षा 1 के विद्यार्थियों ने 'रंग भरो और लिखो', कक्षा 2 ने चूड़ियों से गांधी जी के चश्मे का क्राफ्ट तथा कक्षा 3 ने आइसक्रीम स्टिक से चरखे का मॉडल तैयार किया। कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने गांधी जी के योगदान पर भाषण प्रस्तुत किए।

कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने 'माय काइंडनेस ट्री' बनाया, जबकि कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने बापू से जुड़ी वस्तुओं के क्राफ्ट तैयार किए। कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने अहिंसा की शक्ति, सादगी और सत्याग्रह विषय पर भाषण प्रस्तुत किए। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने 'जय जवान, जय किसान', शांति एवं स्वच्छता विषय पर पोस्टर बनाए। कक्षा 10 ने सुविचार लेखन, कक्षा 11 ने भाषण तथा कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने वर्तमान युग में सत्य और अहिंसा जैसे मूल्यों की प्रासंगिकता विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता के माध्यम से गांधी जी के जीवन–दर्शन पर विचार व्यक्त किए।

महापुरूषों के जीवन मूल्यों को बच्चों में बीजारोपण करें : विभा श्रीवास्तव

पीएनएस में श्रद्धा के साथ मनाई गई गांधी जी, शास्त्री जी की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पतंजलि नर्सरी स्कूल, प्रयागराज (पीएनएस) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा, गरिमा एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में आज मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पण के साथ हुआ। श्रीमती वंदना अग्रवाल ने विषय–प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए दोनों महान नेताओं के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रेप, के.जी. एवं कक्षा के बच्चों द्वारा महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन, आदर्शों और देशप्रेम पर आधारित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों की प्रस्तुतियों में दोनों महान विभूतियों के सत्य, अहिंसा, सादगी, देशभक्ति एवं राष्ट्रसेवा के संदेशों को सुंदर ढंग से अभिव्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षिकाओं द्वारा गांधी जी के सत्य, अहिंसा एवं देशप्रेम के संदेशों से ओत–प्रोत सुमधुर कविताओं का पाठ किया गया। बापू के प्रिय भजनों के सामूहिक गायन से वातावरण भावपूर्ण एवं भक्तिमय हो उठा। इसके उपरांत प्रेरणादायक कविताओं के माध्यम से शास्त्री जी के सादगीपूर्ण, कर्मठ एवं



आदर्श जीवन को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस श्रीमती विभा श्रीवास्तव ने सभी शिक्षिकाओं को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी के मूल्यों को आत्मसात कर बच्चों में नैतिक संस्कारों का बीजारोपण करना ही एक शिक्षक का सच्चा कर्तव्य है।

गांधी विचार और शास्त्री के आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प

सीएमपी महाविद्यालय में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर स्वच्छता अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सीएमपी महाविद्यालय, प्रयागराज के सभागार में एनएसएस एवं गांधी अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महापुरुषों को असाधारण बनाने वाली उनकी ईमानदारी, सत्य के साथ प्रयोग करने और अपने अनुभवों को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने की क्षमता थी। इसी कारण महात्मा गांधी किसी व्यक्ति मात्र के रूप में नहीं, बल्कि एक विचार और जीवन–दर्शन के रूप में स्थापित हुए।

महात्मा गांधी के साथ ही



लाल बहादुर शास्त्री को भी श्रद्धापूर्वक याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि शास्त्री जी ने अपने नेतृत्व, आचरण और कार्यशैली से सार्वजनिक जीवन में नैतिकता, सादगी और शुचिता के उच्च मानदंड स्थापित किए।

कार्यक्रम से पूर्व महाविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने परिसर और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने गांधी जी की कृतियों हिंद स्वराज और सत्य के साथ मेरे प्रयोग के संदर्भ में गांधीवाद की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्व शांति, पर्यावरणीय चेतना तथा वर्तमान एवं भविष्य के संदर्भ में गांधीवादी विचारों की उपयोगिता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम चिरंजीव ने किया, जबकि मुख्य कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारी, बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, सफाई कर्मचारियों एवं अन्य उपस्थित लोगों को फल, मिष्ठान, समोसे और चाय वितरित की गई।

रेलवे की अंडर-23 टीम में शामिल बृजेंद्र



प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। राजकोट में 12 से 15 अक्टूबर और बोकारो में 19 से 22 अक्टूबर तक होने वाली कर्नल सीके नायडू अंडर–23 ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए स्थानीय क्रिकेटर बृजेंद्र त्रिपाठी को भारतीय रेलवे टीम में शामिल किया है। नार्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे गुवाहाटी में कार्यरत विकेटकीपर बल्लेबाज बृजेंद्र मूलरूप से भुंडा करछना निवासी शिक्षक मनोज कुमार त्रिपाठी के पुत्र हैं।

गांधी जी के आदर्शों को अपनाते हुए दायित्वों का निष्ठा – निष्पक्षता से निवर्हन करें : डा प्रशांत कुमार

उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती मनायी गयी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती समारोह का आयोजन परम्परागत ढंग से गरिमापूर्ण, सादगी एवं हर्षोल्लास के साथ आज मनाया गया। शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डा प्रशांत कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात आयोजित संगोष्ठी में महात्मा गाँधी के



जीवन संघर्ष, सत्य, अहिंसा, सर्वोदय, स्वराज्य, ट्रस्टीशिप आदि विचारों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। चयन आयोग के अध्यक्ष डा प्रशांत कुमार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन केवल स्वतंत्रता आन्दोलन तक ही सीमित नहीं था बल्कि उनका जीवन सत्य, अहिंसा, नैतिकता, सादगी, स्वावलंबन और समाज के अन्तिम व्यक्ति के प्रति संवेदनशीलता का भी सन्देश देता है। उन्होंने आयोग के अधिकारियों और कर्मचारियों से गाँधी जी के आदर्शों को अपने दैनिक कार्य व्यवहार में अपनाने तथा अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं निष्पक्षता से निवर्हन करने का आह्वान किया। इस अवसरच चयन आयोग के अध्यक्ष डा प्रशांत कुमार ने कार्यालय की स्वच्छता व्यवस्था में योगदान देने वाले सफाई कर्मियों को उपहार भेंट कर परिसर में वृक्षारोपण किया। इस दौरान समारोह में आयोग के सदस्यगण, सचिव, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण शामिल हुए।

गांधी, शास्त्री, मसूरियादीन जयंती पर गरजे कांग्रेसी

कांग्रेस नेता पेपर लीक से वोट चोरी तक सरकार पर बरसे
अध्यक्षता फाफामऊ विस प्रभारी श्रीमती मंजू मौर्या ने किया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज (हरिसेनगंज)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं समाजसेवी मसूरियादीन पासी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेखर बहुगुणा एवं कांग्रेस गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने आज महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वरिष्ठ नेता शेखर बहुगुणा ने कहा कि गांधी जी का सत्य और शास्त्री जी एवं मसूरियादीन की ईमानदारी आज सार्वजनिक जीवन के लिए बड़ी सीख है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता के सवालों का जवाब देना सरकार की जिम्मेदारी है। कांग्रेस के गंगापार जिलाध्यक्ष अशफाक अहमद ने



पेपर लीक, बेरोजगारी और महंगाई का मुद्दा उठाते हुए कहा कि युवाओं को रोजगार और छात्रों को सुरक्षित परीक्षा व्यवस्था चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठ रहे 'वोट चोरी' के सवालों पर भी पारदर्शिता के साथ जवाब दिया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि किसान,नौजवान,व्यापारी और आम परिवार महंगाई तथा रोजगार के सवालों पर जवाब मांग रहे हैं।उन्होंने कहा कि गांधी और शास्त्री के आदर्शों का सच्चा सम्मान तभी होगा,जब सत्य, पारदर्शिता,रोजगार और जनहित को शासन की प्राथमिकता बनाया जाए।कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधी जी के सत्य–अहिंसा और शास्त्री जी के 'जय जवान,जय किसान' के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस जिला महासचिव समशुल कमर एवं अध्यक्षता फाफामऊ विधानसभा प्रभारी श्रीमती मंजू मौर्या ने किया। इस अवसर पर वाररुम प्रभारी सददाम हुसैन सिददीकी, ब्लाक अध्यक्ष मो.फारुक, शिवाजी राठौर, मोहम्मद अली अंसारी, राजकुमार पटेल, आशीष कुमार, डॉ.राजेंद्र प्रसाद, चंदीलाल, प्रेमचंद द्वारिका प्रसाद, राजकुमार, अजमेरी और पिद्दी,वीरेंद्र कुमार यादव, रामकुमार, कुंदन, अवधेश कुमार, जनेश्वर प्रसाद, शमशेर बहादुर, रामनरेश, राजू, नागेंद्र कुमार, विजय कुमार, मो मुर्तजा, मनोज कुमार, संतलाल सहित बडी संख्या में लोग थे।

एसीए पैनल के अंपायरों–स्कोररों को असंबद्ध टूर्नामेंट से दूर रहने के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने अपने पैनल के अंपायरों एवं स्कोररों को एसीए से असंबद्ध क्रिकेट प्रतियोगिताओं में सेवाएं न देने के निर्देश दिए हैं। एसीए के संयुक्त संयोजक (अंपायर एवं स्कोरर) शिशिर मेहरोत्रा ने एसीए पैनल के सभी अंपायरों एवं स्कोररों को सूचित किया है कि वे निर्वाणानंद हैप्पीनेस अंडर–14 टूर्नामेंट सहित एसीए से असंबद्ध किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट में अंपायरिंग अथवा स्कोरिंग का कार्य न करें। उन्होंने पैनल के सभी सदस्यों से एसोसिएशन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

रंगों में उकेरा विकसित भारत का सपना, नौनिहालों ने दिखाई कल्पनाओं की उड़ान

'मेरे सपनों का भारत' और 'विकसित भारत 2047' विषय पर जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता व प्रदर्शनी आयोजित, कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने लिया भाग।



प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। रंगों और रेखाओं के माध्यम से नौनिहालों ने अपने सपनों के भारत की तस्वीर कैनवास पर उकेरी। किसी चित्र में स्वच्छ और हरित भारत दिखाई दिया तो किसी में विज्ञान व तकनीक के सहारे प्रगति करता देश नजर आया। कहीं शिक्षा के प्रकाश से आलोकित समाज की कल्पना थी तो कहीं महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता, ग्रामीण विकास और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। 'मेरे सपनों का भारत' व 'विकसित भारत 2047' विषय पर शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) मंझनपुर में जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बाद उदयन सभागार में चयनित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों की कक्षा छह से आठ तक के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। चित्रों में भारत की सांस्कृतिक विविधता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी प्रगति, महिला सशक्तीकरण, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण विकास जैसे विषय प्रमुखता से उभरे।

प्रतियोगिता के बाद उदयन सभागार में विद्यार्थियों की उत्कृष्ट कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई। अतिथियों और दर्शकों ने प्रदर्शनी में लगाए गए पोस्टरों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों के माध्यम से यह संदेश दिया कि विकसित भारत का सपना केवल योजनाओं और संकल्पों तक सीमित नहीं है, बल्कि नई पीढ़ी की सोच, प्रतिभा और सहभागिता से उसे साकार किया जा सकता है।

बच्चों की प्रतिभा को मिले अवसर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने विद्यार्थियों की कलाकृतियों का अवलोकन करते हुए उनकी प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि चित्रकला बच्चों की भावनाओं और सपनों को अभिव्यक्त करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होते हैं।

राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने कहा कि बच्चों और बेटियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के समान अवसर मिलना चाहिए। शिक्षा के साथ कला, संस्कृति और रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को बहुआयामी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

नगर पंचायत भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी ने कहा कि बच्चों के सपनों में देश के भविष्य की झलक दिखाई देती है। चित्रों में स्वच्छ, शिक्षित, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना समाज को सकारात्मक दिशा देने वाली है।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य तभी सार्थक होगा, जब नई पीढ़ी ज्ञान, विज्ञान, कौशल, संस्कार और नवाचार के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने विद्यार्थियों की कलाकृतियों का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की।

विद्यालयों में प्रतिभा निखारने का मंच

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करने का केंद्र नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का मंच भी हैं। चित्रकला जैसी गतिविधियां बच्चों को अपनी कल्पनाओं को रचनात्मक रूप देने का अवसर प्रदान करती हैं।

मंझनपुर के पूर्व विधायक लाल बहादुर ने भी विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों के हाथों में ब्रश उनके सपनों और कल्पनाओं को आकार देने का माध्यम बनता है। आज के विद्यार्थी ही भविष्य में देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पांच विद्यार्थियों का हुआ चयन

जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रथम पांच स्थानों के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। इसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय वाराहवेली, विकासखंड कड़ा की वंशू देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय पिपरहटा, विकासखंड मूरतगंज के आयुष ने द्वितीय स्थान हासिल किया। कंपोजिट विद्यालय टेनशाह आलमाबाद, विकासखंड मंझनपुर की अंजली देवी तृतीय, उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलगोड़ी, विकासखंड नेवादा की शिखा चतुर्थ व उच्च प्राथमिक विद्यालय गोहरा मारूफपुर, विकासखंड कौशांबी के सुवान्शु पंचम स्थान पर रहे।

विजेता विद्यार्थियों की कलाकृतियों में विषय की समझ, कल्पनाशीलता, रंग संयोजन और भविष्य के भारत की सकारात्मक परिकल्पना को विशेष रूप से अभिव्यक्त किया गया। प्रतियोगिता में शामिल अन्य विद्यार्थियों के प्रयासों की भी सराहना की गई और उन्हें सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

शिक्षा, पर्यावरण और तकनीक के संदेश

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विकसित भारत की ऐसी तस्वीर प्रस्तुत की, जिसमें आधुनिक तकनीक के साथ शिक्षा, पर्यावरण, कृषि और संस्कृति को भी महत्व दिया गया। चित्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ गांव–शहर, सशक्त महिलाएं, समृद्ध किसान, हरित पर्यावरण और विज्ञान एवं तकनीक के विकास को प्रमुखता दी गई।

भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा कि कार्यक्रम से विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति, संवेदनशीलता और राष्ट्रबोध को अभिव्यक्ति मिली। 'मेरे सपनों का भारत' में बच्चों के व्यक्तिगत और सामाजिक सपनों की झलक दिखाई दी, जबकि 'विकसित भारत 2047' के माध्यम से उन्होंने भविष्य के भारत को लेकर अपनी सोच प्रस्तुत की।

कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों से उनके चित्रों की विषय–वस्तु के संबंध में संवाद किया और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका शालिनी कुशवाहा व राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुमन कुशवाहा को भी शाल, स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर अतिथियों ने सम्मानित किया।

समापन अवसर पर प्रतिभागी छात्र–छात्राओं, विजेताओं, शिक्षकों और आयोजन से जुड़े सहयोगियों को बधाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन डा. ओम प्रकाश सिंह, खंड शिक्षाधिकारी राजीव प्रताप सिंह और अरुण सिंह ने किया।

16 वर्षीय किशोरी लापता, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

मनगढ़ कृपालु धाम जाने के बाद शाम तक घर नहीं लौटी किशोरी, संग्रामगढ़ पुलिस ने शुरू की जांच

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। थाना क्षेत्र के काजीपुर कुसेमर (लाला का पुरवा) निवासी राजेंद्र सरोज की 16 वर्षीय पुत्री खुशी सरोज के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद संग्रामगढ़ थाने में सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, 30 सितंबर 2026 को सुबह करीब नौ बजे खुशी सरोज अपनी मां सीता को खाना देने के लिए मनगढ़ कृपालु धाम गई थी। शाम तक वह वापस घर नहीं पहुंची। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चला। परिजनों के मुताबिक खुशी अपने साथ मोबाइल फोन भी लेकर गई है। काफी खोजबीन के बाद भी जानकारी नहीं मिलने पर राजेंद्र सरोज ने एक अक्टूबर को संग्रामगढ़ थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी और किशोरी को तलाशने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक शिवशरण को सौंपी गई है। पुलिस किशोरी की तलाश के साथ ही उसके मोबाइल नंबर और अन्य संभावित स्थानों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

महापुरुषों की जयंती पर कांग्रेस ने निकाला मार्च, प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरिया दीन पासी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी एवं शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा के सह नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तीनों महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग के विरुद्ध



मार्च निकाला। जिला अध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री और मसूरिया दीन पासी देश के सच्चे नायकों में शामिल हैं। उनके अनुसार यदि समाज उनके आदर्शों का पालन करे तो देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने मसूरिया दीन पासी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने पासी समाज से जुड़े जरायम पेशा कानून को हटवाने के लिए प्रयास किया और अपने समाज के प्रति प्रतिबद्धता निभाई। शहर अध्यक्ष आरिफ गुड्डा ने कहा कि देश आज जिस मुकाम पर है, उसमें महात्मा गांधी के त्याग और तपस्या का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री की ईमानदार एवं सादगीपूर्ण कार्यशैली को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में मसूरिया दीन पासी के संघर्ष और योगदान को भी याद किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के विचारों और उनके संघर्षों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद निकाले गए मार्च में कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित अपनी आपत्तियां और मांगें रखीं। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता संतोष कुमारी शुक्ला, कलीम उल्ला सिद्दीकी, राजीव लोचन निषाद, आदित्य श्रीवास्तव, अरुण जायसवाल, बसीर अहमद, राम नरेश महाराज, शमशाद, मो. हफीज, सहाब अली, अजय कुमार बच्चा, कौशल कुमार शुक्ला, आनंद सिंह गौतम, ओम प्रकाश कोरी, निजामुद्दीन, इंद्रजीत लोधी, मिसबाहुल, चौधरी मोइन राइन, अब्दुल रज्जाक, राशिद सिद्दीकी, अमीरउज्जमा खां, मो. रमजान, शेर आलम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पीएचसी असोथर परिसर में चला विशेष स्वच्छता अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर फतेहपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असोथर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा, हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चलाकर नगरवासियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ असोथर का संदेश दिया गया। महात्मा गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असोथर परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पंचायत असोथर चेयरमैन एवं उपस्थित लोगों ने परिसर की साफ–सफाई की। इस दौरान लोगों को संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल किसी विशेष दिवस तक सीमित रहने वाला अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी और निरंतर प्रयास है। उपस्थित लोगों ने दोनों महापुरुषों के सत्य, अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

तहसील सिराथू में मनाई गई बापू और शास्त्री जी की जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी । तहसील सभागार सिराथू में शुक्रवार को महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई।



एसडीएम सिराथू प्रमेश श्रीवास्तव, तहसीलदार सिराथू देवेंद्र प्रताप सिंह सहित तहसील के अधिकारियों व राजस्व कर्मियों ने बापू और शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और देश के लिए गए उनके योगदान के बारे में बताते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम में नायब तहसीलदार विनय कुमार सिंह, अपर्णा श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक मिथिलेश पाल , लव प्रसाद द्विवेदी, दिलीप कुमार, धर्मराज, सोहन लाल , लेखपाल संघ अध्यक्ष साधना सिंह, मंत्री शिवशंकर पाल , रवि विश्वकर्मा, रोहित अग्रहरि , सुल्तान अहमद , सुनील अग्रहरि, विनोद पाल , जीतलाल, दुर्गेश कुमार, वहाज खान, हिमांशु श्रीवास्तव , नरेंद्र सिंह सहित समस्त राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

बकरी बांधने को लेकर विवाद, महिला से मारपीट का आरोप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। थाना संग्रामगढ़ क्षेत्र के ग्राम भद्दीद्दे डीह निवासी शोभा सोनकर पत्नी मुकेश सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर अपने देवर प्रदीप सोनकर पुत्र कल्लू सोनकर पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार, 1 अक्टूबर 2026 को सुबह करीब 11रू30 बजे प्रदीप सोनकर उसी स्थान पर बकरी बांध रहा था। मना करने पर आरोपित ने गाली–गलौज करते हुए महिला के साथ लात–घूंसों तथा बेल्ट से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस से मामले में उचित कार्रवाई की मांग की।

रायबरेली और मिर्जापुर ने दर्ज की शानदार जीत

लार्ड बुद्धा कप सीजन-4 में खेले गए दो मुकाबले, क्रिकेट प्रेमियों की जुटी भीड़

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। रिजवी ग्राउंड में चल रहे लार्ड बुद्धा कप सीजन–4 लेदर क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में रायबरेली और प्रतापगढ़ व दूसरे मैच में सुलतानपुर और मिर्जापुर की टीमें आमने–सामने रहीं। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दर्शकों ने भी मुकाबलों का जमकर आनंद लिया।

पहले मुकाबले में रायबरेली ने टास जीतकर प्रतापगढ़ को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। प्रतापगढ़ की टीम ने निर्धारित 15 ओवर में नौ विकेट खोकर 147 रन बनाए। विकास ने 27, आनंद मिश्रा ने



23 और आशीष ने 21 रन बनाए। रायबरेली की ओर से जगलाल दादा और अतुल ने दो–दो, जबकि पंकज वर्मा ने एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायबरेली की टीम प्रतापगढ़ के गेंदबाज सुजीत की धारदार गेंदबाजी के सामने 109 रन पर सिमट गई। सुजीत ने चार विकेट लेकर रायबरेली की बल्लेबाजी को झकझोर दिया। रायबरेली की ओर से सर्वेश ने 39 और प्रतीक ने 33 रन बनाए। इस तरह प्रतापगढ़ ने 38 रन से मुकाबला अपने नाम किया।

दूसरे मुकाबले में मिर्जापुर ने सुलतानपुर को शिकस्त दी। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सुलतानपुर की पूरी टीम मिर्जापुर की शानदार गेंदबाजी के सामने 56 रन पर ढेर हो गई। चंदन कुमार और अभिनव ने तीन–तीन विकेट हासिल किए। सुलतानपुर की ओर से दिवाकर ने नौ व अमरेंद्र और प्रदीप ने आठ–आठ रन बनाए।

56 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मिर्जापुर की टीम ने 12 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सुलतानपुर की ओर से प्रदीप यादव और शरद त्रिपाठी ने एक–एक विकेट लिया।

प्रतापगढ़ टीम को मिली जर्सी

टूर्नामेंट के आयोजन के अवसर पर ओमिशा इंटरप्राइजेज की ओर से प्रतापगढ़ क्रिकेट टीम को जर्सी स्पॉन्सर की गई। मुकाबलों को देखने के लिए रिजवी ग्राउंड में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ जुटी रही। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने तालियों से उत्साहवर्धन किया।

शहीद लेफ्टिनेंट कमाण्डर योगेश तिवारी के बलिदान दिवस पर स्वास्थ्य शिविर व काव्यपाठ तथा संगोष्ठी सहित हुए विविध आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर विकास खण्ड के चमरूपुर शुकलान के बलीपुर परसन में



गुरूवार की देर शाम नौ सेना के शहीद लेफ्टिनेंट कमाण्डर योगेश तिवारी का बलिदान दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। बलिदानी की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, कवि गोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शहीद के बड़े भाई आशुतोष तिवारी, समाजसेवी राणा सुबेदार सिंह चौहान व रामचन्द्र पाण्डेय ने कमाण्डर योगेश तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं स्मृति में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों की टीम ने एक सौ पचीस मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गयी। चिकित्सा विशेषज्ञ डा. अमित सिंह, डा. आर के सिंह, प्रतिमा, कोमल व प्रीति यादव ने स्वास्थ्य जागरूकता भी प्रदान की। श्रद्धांजलि सभा में सेवा निवृत्त कर्नल कमल राय, समाज सेवी संजय शुक्ला, पवन शुक्ल, विपिन तिवारी, प्रेमनाथ पाण्डेय, एमएलसी प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह ने शहीद योगेश के योगदान पर प्रकाश डाला। स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन में साहित्यकारों ने काव्यपाठ के जरिये राष्ट्रीयता का आगाज किया। बाराबंकी से आये कवि संदीप अनुरागी का शहीद की स्मृति में काव्य पाठ लोगों को पसन्द आया। वहीं साहित्यकार अंजनी अमोघ, संजय शुक्ला, दीपेन्द्र तनहा, हरिवंश शुक्ल शौर्य, संतोष पाण्डेय, सुनील प्रभाकर ने भी राष्ट्रीय परिवेश पर रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार राजमूर्ति सिंह सौरभ व संचालन कुलदीप कलश ने किया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक शिक्षक व साहित्यकार आशुतोष तिवारी ने आयोजन समिति की ओर से प्राथमिक विद्यालय शमशेरगंज की मेधावी साक्षी व दीक्षा गौतम तथा मार्डन पब्लिक स्कूल के मेधावी अखिलेश यादव एमएलसी प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, शिक्षक राजेश मिश्र को अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर अंकित तिवारी, योगेश चौहान, विकास पाण्डेय, रूपेश तिवारी, सुशील तिवारी आदि रहे।

गांधी–शास्त्री जयंती पर सपा ने लिया लोकतंत्र बचाने का संकल्प

'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत सप्ताहभर कार्यक्रम, पत्रकार वार्ता में साझा की रणनीति

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हाथ उठाकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और अपने मताधिकार के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने महात्मा गांधी के अहिंसा के मार्ग और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से अपने मुद्दों को उठाती रहेगी। पार्टी नेताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अपने आरोपों और आपत्तियों को भी कार्यक्रम में रखा। इसके बाद प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों और 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' के तहत चलाए जाने वाले 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान की जानकारी पत्रकारों को दी गई। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सप्ताहभर अभियान के दौरान पार्टी अपनी रणनीति तैयार कर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएगी। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी की ओर से 2 से 8 अक्टूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' मनाने और इस दौरान 'वोट बचाओ–देश बचाओ' मार्च एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की गई है। विभिन्न जिलों में पार्टी की ओर से इस अभियान के तहत बैठकें और पत्रकार वार्ताएं भी की जा रही हैं। कार्यक्रम में सांसद नरेश उत्तम पटेल, पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल, सत्यात्मनंद महाराज, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, दयाओ गुप्ता, दलजीत निषाद, विपिन यादव, रामकृपाल सोनकर, राजू कुर्मी, एडवोकेट जगदीश सिंह, बाबू सिंह कुशवाहा, राजेंद्र वर्मा, मनोज यादव, एडवोकेट सूंघर लाल यादव, अरुणेश पांडेय, संगीता राज पासवान, डॉ. अमित पाल, डॉ. राम नरेश पटेल, नंद किशोर पाल, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, केपी यादव, महेंद्र निषाद, ज्ञान सिंह, डीजी कुशवाहा, एडवोकेट संदीप श्रीमाली, सुहैल खान हेमू, अशोक निषाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला भाजपा कार्यालय में गांधी व शास्त्री जयंती पर कार्यकर्ताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले भर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष लालबहादुर सरोज ने कार्यकर्ताओं के साथ कंपनी घाट पर



पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया और घाट की साफ–सफाई कर श्रमदान किया । पश्चात् बरियाघाट स्थित सामुदायिक भवन प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया । घंटाघर प्रांगण में लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किये। इसी कड़ी में भाजपा जिला कार्यालय बरौधा कचार मीरजापुर पहुँचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा और सेवा का संगम प्रस्तुत किया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि गांधी जी के स्वच्छता के मंत्र और शास्त्री जी के ष्जय जवान – जय किसानष् के नारे को भाजपा कार्यकर्ता जन–जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

उक्त कार्यक्रम में श्याम सुन्दर केशरी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, जिला महामंत्री रविशंकर पाण्डेय, स्वामीनाथ सिंह, जिला उपाध्यक्ष गौरव ऊमर, जिलामंत्री वीरेन्द्र प्रताप यादव, जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे । उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा ने दिया।

गांधी जयंती पर भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने पुष्पांजलि अर्पित की

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। गांधी जयंती पर भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा, मिर्जापुर तथा साहू समाज युवा संघ, मिर्जापुर के संयुक्त



तत्वावधान में शुक्रवार को बथुआ स्थित गांधी घाट पर महात्मा गांधी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने गांधी जी के योगदान की अहमियत को समझाया। उपस्थित सभी ने दो मिनट का मौन रखकर बापू के विचारों और आदर्शों को याद किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय तैलिक साहू राठौर महासभा के जिला अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा कही हुई बात अगर आपको समझ नहीं आ रही है, तो आप ये समझिए कि आपमें उनकी बात को समझने की समझ नहीं पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को अहिंसा, सत्य और सरल जीवन का मार्ग अपनाने की आवश्यकता है। अनूप गुप्ता ने समाज को एकजुट होने की अपील की। इस मौके पर जिला महामंत्री अखिलेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, शुभम गुप्ता, अमित गुप्ता, विनोद गुप्ता, मनीष गुप्ता, रत्नेश गुप्ता, भीम गुप्ता, नगर अध्यक्ष आशीष गुप्ता, रमन गुप्ता, रोहित गुप्ता, गोविंदा गुप्ता, शुभम गुप्ता, बाबू राम गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजय साहू, अनुज गुप्ता, रवि साहू, प्रियांश गुप्ता के अलावा समाज के प्रबुद्धजन, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सामुदायिक एकता और गांधीवादी मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

हरिश्चंद्र कश्वलेज में गांधी–शास्त्री जयंती समारोह आयोजित

नशा मुक्ति एवं स्वच्छ भारत अभियान की दिलाई गई शपथ

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी । हरिश्चंद्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रजनीश कुंवर ने दोनों महापुरुषों की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं



ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, व्यक्तित्व, कृतित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति एवं स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई। प्राचार्य प्रो. रजनीश कुंवर ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा, शांति एवं प्रेम के सिद्धांतों को मानवता के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा समाज में शांति, सद्भाव और सहिष्णुता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उप प्राचार्य प्रो. विश्वनाथ वर्मा ने लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण पर प्रकाश डालते हुए 'जय जवान, जय किसान' के महत्व को रेखांकित किया। वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. प्रभाकर सिंह ने दोनों महापुरुषों के जीवन एवं विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती प्रज्ञा ओझा ने किया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

नपाध्यक्ष ने गांधी–शास्त्री जयंती पर में चलाया स्वच्छता अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मीरजापुर में विभिन्न स्थानों पर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। बरियाघाट सामुदायिक भवन के प्रांगण में रोटरी एंड रोट्रैक्ट क्लब विंध्याचल तथा बदली घाट एवं गंगा नदी के किनारे रोटरी क्लब मीरजापुर इलीट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, रोटरी क्लब के सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता करते हुए श्रमदान किया और साफ–सफाई की।इस दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए गंगा तट एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने के लिए जनभागीदारी का



आह्वान किया गया। बदली घाट पर सफाई मित्रों को स्वच्छता किट प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को राष्ट्रसेवा का महत्वपूर्ण माध्यम माना, वहीं लाल बहादुर शास्त्री का सादगी, अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से परिपूर्ण जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ मीरजापुर के निर्माण का संकल्प लिया गया है।

नगर के युवा और मातृ शक्ति भी इस अभियान में आगे आ रही है।सभी ने मिलकर ठान लिया है मिर्जापुर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे।जिला प्रशासन से बैठक के बाद नगर में नई सड़कें भी बन रही है,जलनिगम के काम भी सुधार हुआ है,जल्द ही नगर की सड़कों में सुधार होगा।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज, संजय सिंह गहरवार, डॉली अग्रहरि, रुद्रेश प्रताप सिंह, लवकुश दुबे,महेश केशरवानी, शरद श्रीवास्तव,बृजेश उमर, विजय सिंह, रोहित अग्रवाल, बलवंत सिंह, गोपाल अग्रवाल, श्वेता केशरवानी, नीतू केशरवानी, नंदनी केशरवानी, सभासद राधेश्याम गुप्ता, सभासद नीरज गुप्ता, सभासद दुर्गा प्रसाद यादव, सभासदपति अजय मोदनवाल, सनत केशरी, ऋषभ मिश्रा, ऋषि सोनी, रविकांत मौर्या, राजन गुप्ता, सौरभ गुप्ता, रूपनारायण अग्रहरि सहित रोटरी क्लब के सदस्य, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

गांधी व शास्त्री जयंती पर मंडलायुक्त व डीएम ने ध्वजारोहण कर किया माल्यार्पण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर मंडल कार्यालय व जनपदीय कार्यालयों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयुक्त कार्यालय विंध्याचल मंडल में मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात वंदे मातरम्, राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान 'जन गण मन अधिनायक जय हे...' का गायन किया गया। आयुक्त सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंडलायुक्त द्वारा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण करते हुए माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

मंडलायुक्त ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने जहां सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई, तो वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। उन्होंने कहा कि इन दोनों महापुरुषों के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। आयोजित कार्यक्रम के तहत सुंदर मुंदर इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा गांधी जी का प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' सहित अनेक गीत प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात जनपद की लोकगायिका सूफिया श्रीवास्तव व उनकी टीम द्वारा देवी गीत एवं राष्ट्रगीत प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन राज कुमार द्विवेदी, राजीव कुमार यादव अध्यक्ष बार एसोसिएशन कमिश्नरी, अंजनी कुमार द्विवेदी सचिव बार एसोसिएशन कमिश्नरी, कृपा शंकर मिश्र पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन कमिश्नरी, भोलानाथ कुशवाहा विशेष शासकीय अधिवक्ता सहित आयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं अधि



ावक्तागण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण करने के पश्चात पटेल चौराहा भरूहना से कलेक्ट्रेट तक आयोजित क्रॉस कंट्री रेस में विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अपर जिलाधिकारी वि.ध्रा. विनोद कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू.ध्रा. विजेता, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे संगम लाल, नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, डिप्टी कलेक्टर जूही प्रसाद सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी जी के विचारों एवं जीवन मूल्यों को हम सब अपने जीवन में उतारकर समाज के साथ जुड़कर सहयोग और सहभागिता की भावना से कार्य करें।

सपा का 2 से 8 अक्टूबर तक `वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च, तैयारियों को लेकर जगह-जगह बैठकें जारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबंधन की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार 2 से 8 अक्टूबर तक लोकतंत्र बचाओं सप्ताह के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उक्त बाते समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कही।

उन्होने कहा कि 8 अक्टूबर को वोट बचाओ–देश बचाओ मार्च पार्टी कार्यालय से निकाला जायेगा और कहा कि जिसकी तैयारी को लेकर हर विधानसभा क्षेत्र में रणनीति तैयार की जा रही है और कार्यकर्ताओं को आने के



लिए संगठित किया जा रहा है। मार्च मे बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर जी व राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी की फोटो लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक जाया जायेगा।

इस दौरान उक्त नेताद्वय ने बताया कि निर्धारित स्थान पर पहुँचने के बाद राष्ट्रगान और संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक रूप से पढ़ा जायेगा। विरोध प्रदर्शन का समापन श्री ज्ञानेश कुमार के पुतले के दहन के साथ किया जायेगां। कहा कि वोट चोरी करने वालो को जनता जान चुकी है। वोट बचाने के लिए ई0वी0एम0 को बन्द करना पड़ेगा। चुनाव आयोग चाहे बंगाल का चुनाव हो या बिहार का सभी जगह वोट चोरी करने का काम किया है। हजारो लाखो मतदाताओ का नाम वोटर लिस्ट से काटा गया है। पिछड़े दलितों अल्पसंख्यको के साथ भाजपा सरकार नाइंसाफी कर रही है। बी0एल0ओ0 के सूची से भी कुछ लोगो को भी भाजपा सरकार के इशारे पर हटाया गया है।

कहा कि समाजवादी पार्टी सदर विधानसभा, मझवां विधानसभा में बैठक कर चुकी है। 8 अक्टूबर का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। जनपद के कोने–कोने से कार्यकर्ता आयेगे और भाग लेगे। बताया कि दिनांक 03 अक्टूबर को मड़िहान, 4 अक्टूबर को कोन तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सेक्टर व जाने के पदाधिकारी भी शामिल होगे। प्रेसवार्ता में मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, रोहित शुक्ला, अभय यादव, आदर्श यादव, सतीश मिश्रा, राजेश भारती, डा0 शक्ति श्रीवास्तव आदि मौजूद रहें।

गांधी-शास्त्री जयन्ती पर जनपद में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

``रघुपति राघव राजा राम`` वैष्णव जन तो तेने कहिए, पीड़ पारायी जाण रे`` की भजन गुजी कलेक्ट्रेट सभागार में

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयन्तीध्अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट एवं मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल द्वारा विकास भवन पर ध्वजारोहण किया गया। दोनों महान जननायको की प्रतिमा पर पुष्पाजंलिध्माल्यार्पण करते हुए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने कोटि–कोटि नमन करते हुए उन्हे श्रद्वांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय के संगीत शिक्षक के नेतृत्व में आयें छात्र–छात्राओं ने गांधी जी का प्रिय भजन–''रघुपति राघव राजा राम'' वैष्णव जन तो तेने कहिए, पीड़ पारायी जाणे रे'' गाया जिसको सभी ने दुहराकर उसका अनुसरण किया। उनके कृतित्व पर छात्राओं ने अच्छी प्रस्तुति की। संगीत गायन वादन करने वाले छात्रों को जिलाधिकारी ने उपहार देकर प्रेरित किया।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने गांधी व शास्त्री को नमन करते हुए भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन में उनके महत्व को रेखांकित किया। उन्होने गांधी जी के सत्याग्रह, सत्य और अहिंसा, स्वराज, स्वदेशी, ग्रामोदय, अन्त्योदय, गांधी जी के जन्तरध्मंत्र, ग्राम स्वराज, चरखा आदि विचारो व जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए उन्होने प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने ''जय जवान–जय किसान'' मंत्र के प्रणेता, विराट व्यक्तित्व के पहचान, सादगी और कर्तव्य निष्ठा के प्रतीक पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के योगदानो पर प्रकाश डाला। उन्होने बताया कि ''गांधी जी ने कहा था कि ''भारत की आत्मा गॉव में बसती है।'' पंचायतो को सशक्त बनाकर ही हम देश के विकास में जन–जन की सहभागिता को शामिल कर सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि गांधी जी के विचारो में ''जहॉ स्वच्छता है वहीं ईश्वर का वास होता है। अपर जिलाधिकारी वि.ध्रा. शुभांगी शुक्ला ने दोनो महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, सविनय अवज्ञा, सत्याग्रह गांधी जी के चार अहिंसात्मक मार्ग थे जिनका प्रयोग आजीवन किया। गांधी जी के ट्रस्टीशिप सिद्धान्त पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सबकुछ हमारा है, कुछ भी हमारा नही है।

स्वच्छता अभियान एवं विचार गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर, शक्तिनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय एवं तृतीय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की157 वीं जयंती एवं भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 122 वीं जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान एवं विचार गोष्ठी



का आयोजन पर किया गया। कार्यक्रम का गणेश संयुक्त रूप से प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार यादव तथा कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉ मनोज कुमार गौतम एवं डॉ मृत्युंजय कुमार पांडेय के द्वारा महात्मा गांधी के की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुआ। तत्पश्चात् स्वयंसेवकों द्वारा रघुपति राघव राजा राम की रामधुन गाते हुए स्वच्छता का कार्य किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए परिसर प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार यादव ने कहा की नैतिकता के बाद दूसरा स्थान स्वच्छता का है स्वच्छ वातावरण से स्वच्छ विचार एवं भाव की उत्पत्ति होती है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ मानिक चंद पांडेय ने कहा कि ष्स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि स्वस्थ और सभ्य समाज की नींव है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार गौतम ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर हुई थी। जिसका मूल्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को सेवा के प्रति जागरूक करना है और आज वह उद्देश्य सफल हो रहा है। इस कार्यक्रम में शिक्षकों में डॉ रागिनी श्रीवास्तव, अजय लक्ष्मी, प्रशांत विश्वकर्मा, डॉ रणवीर प्रताप सिंह, उदय नारायण पांडेय, डॉ रजनीकांत राम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

गांधी–शास्त्री जयंती पर 100 क्षय रोग मरीजों को वितरित की गई पोषण पोटली

जिलाधिकारी ने कहा–जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी का सहयोग सराहनीय

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, भदोही शाखा द्वारा 100 क्षय रोग (टीबी) मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री शैलेष कुमार ने मरीजों को पोषण पोटली प्रदान की। कार्यक्रम के शुभारंभ में जिलाधिकारी शैलेष कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों



द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सदैव शोषित एवं आर्थिक रूप से पिछड़े समाज के लोगों को नेतृत्व प्रदान किया तथा उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी देश को सशक्त बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहे और उन्होंने "जय जवान, जय किसान" का प्रेरणादायी नारा दिया। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी, भदोही द्वारा क्षय रोग से पीड़ित मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली प्रदान करना सराहनीय पहल है। रेड क्रॉस के सदस्यों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य प्रशंसनीय हैं। जनपद को क्षय रोग मुक्त बनाने के अभियान में रेड क्रॉस सोसाइटी का महत्वपूर्ण सहयोग है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके महान कार्यों एवं देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विवेक कुमार श्रीवास्तव ने क्षय रोग मरीजों को उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के आरंभ में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. भारतेन्दु द्विवेदी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता कर प्रसन्नता का अनुभव करती है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ. पी. शुक्ला, प्रमोद दुबे, अरविंद भट्टाचार्य, डॉ. आर.एन. सिंह, सौरभ जायसवाल, सौरभ मालवीय, सरफराज, विकास नारायण सिंह, नरेंद्र नाथ पांडेय, रमेश चंद्र त्रिपाठी, मनीष कुमार यादव, अभय श्रीवास्तव, मुकेश मिश्रा सहित रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पोषण पोटली प्राप्त करने के बाद क्षय रोग मरीजों के चेहरे पर प्रसन्नता के भाव दिखाई दिए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

नौकरी से निकाले जाने के विरोध में एंबुलेंस ड्राइवरों ने प्रदर्शन किया



लखनऊ,संवाददाता। राजधानी में शुक्रवार को डायल–108 और डायल–102 एंबुलेंस के ड्राइवरों ने नौकरी से निकाले जाने के विरोध में हजरतगंज में प्रदर्शन किया। गांधी प्रतिमा पर पहुंचे कुछ ड्राइवर रोने लगे। उन्होंने कहा कोरोना में फ्रंटलाइन वॉरियर बनकर सेवा की, बाद में 9 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। 5 साल से रोजगार के लिए भटक रहे हैं, हम बुलडोजर से डरने वाले नहीं हैं। ड्राइवरों ने हाथों में तख्तियां लेकर 'कोरोनाकाल में हमें हीरो कहा, अब हम जीरो हो गए' और 'डिप्टी सीएम इस्तीफा दो' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि रोजगार के लिए लखनऊ और कन्नौज के चक्कर काटते–काटते थक चुके हैं। कई बार लखनऊ आकर भूखे रहना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हजरतगंज पहुंचने से पहले चारबाग रेलवे स्टेशन पर उनके 40 से 50 साथियों को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद हजरतगंज पहुंचे कर्मचारियों ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में ले लिया। ड्राइवरों का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने दिन–रात एंबुलेंस सेवाएं दीं। इसके बावजूद 2021 में जीवीके–ईएमआरआई कंपनी ने करीब 9 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। तब से वे रोजगार के लिए भटक रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मामले में हस्तक्षेप कर नौकरी वापस दिलाने की मांग की। नीतीश ने कहा, कोरोना में जान की बाजी लगाकर काम किया। हमारे एक दर्जन से ज्यादा साथी कर्मचारियों की जान चली गई, लेकिन उन्हें कोई सम्मान नहीं मिला। उनके परिवारों को मुआवजा भी नहीं मिला। हमारी रोजी–रोटी छिन गई है। भुखमरी के कगार पर हैं। बच्चे तड़प रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है।" उन्होंने कोरोना काल में मिले सम्मान पत्र को दिखाते हुए कहा, जब नौकरी ही नहीं है, तो इस प्रमाण पत्र का क्या करें? इसके ऊपर आलू रखकर खाएं? प्रदर्शनकारियों ने कंपनी पर कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और शारीरिक व मानसिक शोषण करने के आरोप लगाए। उन्होंने दोबारा नौकरी देने की मांग की। प्रदर्शन करने आए अजय अपनी बात बताते हुए रोने लगे। उन्होंने कहा कि 2021 में नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद से न्याय के लिए दर–दर भटक रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक के आवास के कई बार चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अजय ने कहा, हमारे साथ अन्याय हो रहा है। भ्रष्टाचार की शिकायत करते हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। हम कहां जाएं? परिवार इस समय सबसे खराब दौर से गुजर रहा है। अगर पिताजी की पेंशन नहीं आती तो परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच जाता। बच्चे सड़क पर आ जाते। 5 साल से अपने बच्चों को एक टॉफी तक नहीं दिला पाए हैं। इस उम्र में पिताजी पर निर्भर रहना बहुत बुरा लगता है, लेकिन कोई दूसरा रास्ता नहीं है। अजय ने कहा कि नौकरी जाने के बाद दूसरी नौकरी करना भी मुश्किल है। इस उम्र में नौकरी खोने का दर्द शब्दों में नहीं बता सकता। अपने अधिकारों के लिए भूख हड़ताल करेंगे। जरूरत पड़ी तो जान दे देंगे, लेकिन पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा रोजगार हमारा छीना है, हम उनसे टकराएंगे, भ्रम में मत रहो कि तुम्हारे बुलडोजर से डर जाएंगे, हमारे घरों का चूल्हा बुझाने वाले याद रखें, एक दिन मिट्टी में मिल जाएंगे।

राज्यसभा चुनाव से पहले अखिलेश का बड़ा संदेश, बोले, पुरानी गलतियां भूलकर साथ आने का समय

लखनऊ,संवाददाता। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी हलचल के बीच समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने शुक्रवार को गांधी जयंती के मौके पर विपक्षी एकजुटता को लेकर बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि राज्यसभा चुनाव का समय मिलन का समय होता है और पुरानी गलतियों को भूलकर सिद्धांत के साथ खड़े होने का मौका मिलता है। अखिलेश यादव ने कहा कि यदि किसी को लगता है कि लोकतंत्र, संविधान और देश की अर्थव्यवस्था पर हमला हो रहा है, महंगाई बढ़ रही है या



पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने जैसे फैसले गलत हैं तो राज्यसभा चुनाव से पहले साथ आने का समय है। उन्होंने कहा कि जो साथी रास्ता भूल गए हैं और साथ आना चाहते हैं, उनके लिए पुरानी बातें भूलने को तैयार हैं। गांधी जयंती पर महात्मा गांधी को याद करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि गांधी के आह्वान पर करोड़ों लोग आंदोलन से जुड़े और अंततः अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा कि गांधी ने देश को अहिंसा, त्याग, सद्भावना और भाईचारे का रास्ता दिखाया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि महात्मा गांधी का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति को मुख्यधारा से जोड़ना था। उन्होंने कहा कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए सत्य, अहिंसा, त्याग और सद्भावना के रास्ते पर चलकर देश को मजबूत बनाने का संकल्प लेना चाहिए।उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए 16 अक्टूबर को मतदान निर्धारित है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 6 अक्टूबर है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 7 अक्टूबर और नाम वापसी की अंतिम तारीख 9 अक्टूबर है।सपा ने रामगोपाल यादव और धनराज परिमल नथवानी को अपने उम्मीदवार के तौर पर नामित कर उनके नामांकन दाखिल करा दिए हैं। दोनों ने 30 सितंबर को अखिलेश यादव की मौजूदगी में नामांकन किया था।

मायावती का सपा पर निशाना, बोलीं, पीडीए के नाम पर परिवारवाद और धनबल की राजनीति

लखनऊ,संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर परिवारवाद और धनबल की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सपा खुद को समाजवादी और पीडीए की पार्टी बताती है, लेकिन उसके फैसलों में उन्हें इसका उलट दिखाई देता है। मायावती ने यूपी से राज्यसभा के लिए सपा के उम्मीदवार बनाए गए प्रो. रामगोपाल यादव और धनराज परिमल नाथवानी के चयन को लेकर भी सवाल उठाए हैं। दोनों ने 30 सितंबर को नामांकन दाखिल किया था। मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि बसपा छोटे–बड़े चुनावों में परिवार, रिश्तेदारों या बड़े पूंजीपतियों को टिकट नहीं देती। उनके मुताबिक पार्टी सर्वसमाज के गरीब, मध्यम वर्ग और कमजोर तबकों से जुड़े कर्मठ अंबेडकरवादी कार्यकर्ताओं को उम्मीदवार बनाती है। उन्होंने दावा किया कि बसपा की राजनीति परिवारवाद और धनबल से मुक्त है, जबकि सपा पर उन्होंने इसके विपरीत काम करने का आरोप लगाया। मायावती ने सपा के खुद को समाजवादी और 'पीडीए' की पार्टी बताए जाने पर भी सवाल उठाया। मायावती ने कहा कि सपा ने यूपी से राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए प्रो. रामगोपाल यादव को दोबारा उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने रामगोपाल यादव को सपा प्रमुख के करीबी रिश्तेदार के रूप में संदर्भित किया। वहीं, दूसरे उम्मीदवार धनराज परिमल नाथवानी के चयन को लेकर मायावती ने उनके कॉरपोरेट पृष्ठभूमि का उल्लेख किया। नाथवानी रिलायंस इंडस्ट्रीज से जुड़े वरिष्ठ कॉरपोरेट अधिकारी और खेल प्रशासक हैं। मायावती ने सपा के संभावित तीसरे उम्मीदवार को लेकर भी टिप्पणी की और दावा किया कि वह चुनाव हारने की स्थिति में 'फेस सेविंग' के लिए हो सकता है। हालांकि, यह मायावती की राजनीतिक टिप्पणी है। बसपा प्रमुख ने कहा कि सपा को चुनाव में 'पीडीए' का वोट चाहिए, लेकिन उनके अनुसार सांसद और विधायक बनाने में परिवार और बड़े पूंजीपतियों को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने लोगों से सपा के 'पीडीए' के दावे को लेकर सतर्क रहने की अपील की। मायावती ने आरोप लगाया कि सपा की राजनीति में यह दोहरा रवैया लंबे समय से दिखाई देता रहा है। उन्होंने खास तौर पर यूपी विधानसभा चुनाव से पहले अपरकास्ट समाज के गरीबों तथा दलित, आदिवासी, अति–पिछड़े, मुस्लिम और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक वर्गों के लोगों से सतर्क रहने की अपील की।

आप मेरी गुरु और मां हैं... आकाश आनंद ने मायावती को खुला पत्र लिखकर मांगी माफी



लखनऊ,संवाददाता। यूपी चुनाव 2027 से पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से पूरी तरह मुक्त किए जाने के करीब एक महीने बाद आकाश आनंद ने पार्टी मुखिया मायावती को पत्र लिखकर एक बार फिर माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मायावती को अपना राजनीतिक गुरु, प्रेरणा और बुआ मां बताते हुए कहा कि वह किसी दूसरे राजनीतिक दल में नहीं जा रहे हैं। आकाश ने कहा कि बसपा उनके लिए सिर्फ एक पार्टी नहीं बल्कि परिवार है और वह मायावती के नेतृत्व में फिर से पार्टी और मिशन की सेवा करना चाहते हैं। 2 अक्टूबर 2026 को एक्स पर जारी अपने बयान में आकाश आनंद ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से उनके बारे में मीडिया और सोशल मीडिया पर कई तरह की खबरें और अफवाहें चल रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी दूसरे राजनीतिक दल में नहीं जा रहे हैं। आकाश ने कहा कि बीएसपी मेरे लिए सिर्फ एक पार्टी नहीं, मेरा परिवार है। उन्होंने अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने और उनके राजनीति से संन्यास के मायावती के फैसले को उचित बताया और कहा कि वह इस फैसले के साथ खड़े हैं। आकाश आनंद ने मायावती को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में उन्होंने जो कुछ सीखा है, वह उन्हीं से सीखा है और जो कुछ किया, उनके मार्गदर्शन में किया। उन्होंने कहा कि रिश्ते अपनी जगह हैं, लेकिन मिशन उनसे बड़ा है। आकाश के मुताबिक व्यक्तिगत और पारिवारिक हितों से ऊपर पार्टी और आंदोलन के हित को रखना उनकी जिम्मेदारी है। आकाश आनंद ने कहा कि जिस समय मायावती ने सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी थी, उस दौरान उन्होंने खुद को सोशल मीडिया से दूर कर लिया था। इसलिए वह मायावती की पोस्ट को रिपोस्ट नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि उनकी इस चुप्पी को गलत समझा गया और इससे अफवाहों को जगह मिली। आकाश ने कहा कि अगर उनकी चुप्पी से मायावती को ठेस पहुंची है तो वह इसके लिए उनसे क्षमा मांगते हैं। आकाश आनंद ने कहा कि वह मायावती के नेतृत्व में दोबारा पार्टी और मिशन की सेवा करने का अवसर चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वास केवल शब्दों से नहीं बल्कि काम से बनता है और वह अपने आचरण व मेहनत से इसे साबित करेंगे। उन्होंने अपने बयान का समापन बाबा साहेब के मिशन, मान्यवर साहेब के रास्ते और मायावती के नेतृत्व को अपनी राजनीति बताते हुए श्जय भीम, जय बसपाश के साथ किया। गौरतलब है कि मायावती ने सितंबर 2026 में आकाश आनंद को बसपा से पूरी तरह मुक्त करने की घोषणा की थी। इससे पहले 3 सितंबर को उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक पद की जिम्मेदारियों से भी हटा दिया गया था। इस घटनाक्रम के बाद आकाश आनंद की राजनीतिक भूमिका को लेकर चर्चाएं तेज हुई थीं। मीडिया रिपोर्टों में कुछ राजनीतिक दलों की ओर से उनसे संपर्क किए जाने की बातें भी सामने आई थीं, हालांकि 2 अक्टूबर के अपने बयान में आकाश ने किसी दूसरे राजनीतिक दल में जाने की अटकलों को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है।

चुनाव आयोग की प्रतीकात्मक अस्थिकलश यात्रा निकाल सपा का प्रदर्शन

लखनऊ राजधानी में सपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग की प्रतीकात्मक अस्थिकलश यात्रा निकाली। वोट चोरी को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अस्थिकलश लेकर प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका तो धक्का–मुक्की और झड़प हुई। पुलिस ने हिरासत में लेने की कोशिश की तो दर्जनों महिला और पुलिस कार्यकर्ता जमीन पर लेट गए। पुलिसवाले उनको टांगकर और घसीसते हुए वैन तक ले गई। एक पुलिसवाले ने कार्यकर्ता को अपने दोनों हाथों से उठा लिया और ले जाकर वैन के पास पटक दिया। इसके बाद उनको ईको गार्डन लेकर गई। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता सोमवार सुबह करीब 12 बजे जनपथ मार्केट के पास जुटे और प्रदर्शन करने के लिए विधानसभा की ओर जाने लगे। लेकिन हजरतगंज में पुलिस ने उनको रोक लिया। उधर, प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर अभद्रता करने और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया। मौके पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक हंगामा चलता रहा। प्रदर्शन में आए अभिषेक यादव ने कहा कि ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र की हत्या की है। जब तक उनका इस्तीफा नहीं होगा, तब तक हम लोग सड़क पर रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि 35 करोड़ से ज्यादा वोट चोरी कर अलग–अलग राज्यों और केंद्र में भाजपा की सरकार बनवाने में मदद की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके इशारे पर पूरा चुनाव आयोग भाजपा के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए वे सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। हाथ में अस्थि कलश लेकर पहुंचे छोटू ने कहा कि वे चुनाव आयोग का अस्थि विसर्जन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा, "चुनाव आयोग मर चुका है और इस कलश में उसकी राख



है।" उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा का पक्ष ले रहा है और लगातार बेईमानी कराई जा रही है। छोटू ने आरोप लगाया कि बिहार और पश्चिम बंगाल के बाद अब उत्तर प्रदेश को भी प्रभावित करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि जब तक ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से नहीं हटाया जाता, तब तक यूपी में चुनाव नहीं होने देंगे। उनके मुताबिक, चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से लोकतंत्र कमजोर हुआ है। प्रदर्शन में शामिल रिंकी सिंह ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव लंबे समय से वोट चोरी का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कई बार इसके सबूत भी दिए गए, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की। रिंकी ने कहा कि एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के बाद चुनाव आयोग की भूमिका पर फिर सवाल उठे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की मिलीभगत से भाजपा को फायदा पहुंच रहा है।

लखनऊ एयरपोर्ट पर पार्किंग की नई दरें लागू, कमर्शियल वाहनों पर बढ़ा शुल्क

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वाणिज्यिक वाहनों के लिए एयरपोर्ट एक्सेस शुल्क, पार्किंग शुल्क और मासिक पास की संशोधित दरें लागू कर दी गई हैं। एयरपोर्ट संचालक के मुताबिक नई दरें देश के अन्य हवाई अड्डों पर लागू व्यवस्थाओं के अनुरूप हैं। इसका उद्देश्य लैंडसाइड सुविधाओं के बेहतर प्रबंधन, रखरखाव, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना है। नई दरों के अनुसार दोपहिया वाहनों के लिए आठ मिनट तक 50 रुपये, 30 से 60 मिनट तक 100 रुपये और 24 घंटे तक अधिकतम 300 रुपये शुल्क देना होगा। ऑटो के लिए 30 मिनट तक 80 रुपये, एक घंटे तक 100 रुपये और 24 घंटे तक अधिकतम 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। निजी कार और एसयूवी के लिए पहले आठ मिनट तक पार्किंग निरूशुल्क रहेगी। इसके बाद 30 मिनट तक 150 रुपये, एक घंटे तक 200 रुपये और 24 घंटे के लिए अधिकतम 1000 रुपये शुल्क लगेगा। कमर्शियल कार के लिए आठ मिनट से ही 200 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि 24 घंटे के लिए अधिकतम शुल्क 1200 रुपये होगा। टेंपो, छोटा हाथी, पिकअप, मिनीबस, बस और ट्रक के लिए आठ मिनट तक 600 रुपये तथा 24 घंटे तक अधिकतम 3000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। एयरपोर्ट पर मासिक पास के लिए स्टाफ दोपहिया वाहन का शुल्क 300 रुपये और स्टाफ चार पहिया वाहन का 800 रुपये होगा।

संक्षिप्त

गांधी–शास्त्री जयंती पर महापुरुषों को नमन कर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

लखनऊ,संवाददाता। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति से संबद्ध विराम खंड–5 जनकल्याण समिति की ओर से गुरुवार को पार्क में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महासमिति के कार्यकारी महासचिव कर्नल एएन पांडे, सचिव संजय निगम, समिति अध्यक्ष प्रो. भरत राज सिंह और सचिव नित्यानंद पांडे ने पुष्प अर्पित किए। उन्होंने गांधी और शास्त्री के बताए सत्य, अहिंसा, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। समारोह में सांस्कृतिक सचिव अरुण त्रिवेदी, सदस्य अतुल पंत, विवेक सिंह अधिकारी, आनंद प्रकाश, विमल चंद्र श्रीवास्तव और पूर्व आईएएस उमेश तिवारी ने भी दोनों महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और देश के प्रति योगदान को याद किया।

शिक्षा भवन में गांधी जयंती पर उनके आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

लखनऊ,संवाददाता। जगत नारायण रोड स्थित शिक्षा भवन में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में शिक्षा भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। सभी ने एक स्वर में रामधुन का वाचन किया। डॉ. प्रदीप कुमार सहित शिक्षाधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारियों–कर्मचारियों से आपसी सद्भाव और एकता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि गांधीजी के जीवन मूल्य हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शाहमीना रोड की छात्राओं ने वाद्य यंत्रों के साथ रामधुन प्रस्तुत की। कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पाण्डेय, सह जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कन्नौजिया, सह निरीक्षक राम सुजान मिश्र, उपनिरीक्षक दिनेश चंद्र समेत शिक्षा भवन के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

कालीचरण पीजी कॉलेज में गांधी जयंती मनाई गयी

लखनऊ,संवाददाता। कालीचरण पीजी कॉलेज में शुक्रवार को गांधी जयंती समारोह मनाया गया। इस दौरान महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन व आदर्शों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। कॉलेज प्रबंधक इंजीनियर वीके मिश्रा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने गांधीजी के लखनऊ से जुड़े संबंधों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्महात्मा गांधी की पर्यावरण दृष्टिश विषय पर भाषण प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रबंधक वीके मिश्रा ने प्राचार्य और प्राध्यापकों के साथ पौधरोपण भी किया। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को गांधीजी के जीवन से प्रेरणा लेने और सादगीपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया। प्राचार्य प्रो. चंद्रमोहन उपाध्याय ने गांधीजी के आश्रमों और तपस्वी जीवन पर चर्चा की।

गांधी–शास्त्री जयंती पर छात्राओं ने रैली निकालकर स्वच्छता और नशामुक्ति का संदेश दिया

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर में शुक्रवार कों गांधी–शास्त्री जयंती पर 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम का आयोजन किया। 'सेवा संकल्प अभियान', राष्ट्रीय सेवा योजना और 19वीं यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी के सहयोग में किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने स्वच्छता श्रमदान और जागरूकता रैली के माध्यम से स्वच्छता व नशामुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि से हुई। छात्राओं ने 'रघुपति राघव राजा राम' और 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' भजनों का गायन किया। एनसीसी कैडेट निकिता सिंह और एनएसएस स्वयंसेविका अनुश्री त्रिपाठी ने दोनों महापुरुषों के जीवन दर्शन और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विचार रखे। प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने कहा कि अहिंसा, शुचिता और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने पंचायती राज, सत्ता के विकेंद्रीकरण और अंत्योदय की अवधारणा का उल्लेख करते हुए युवाओं से 'सादा जीवन, उच्च विचार' अपनाने का आह्वान किया। इसके बाद प्राचार्या ने स्वच्छता एवं नशामुक्ति जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय परिसर से राजेंद्र नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नाका चौराहा तक पहुंची। छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स ने 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत', 'देश को स्वच्छ बनाना है' और 'नशे को ना, स्वच्छता को हां' जैसे नारे लगाए। महाविद्यालय परिसर में छात्राओं, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और सफाई कर्मियों ने श्रमदान कर कक्षाओं व परिसर की सफाई की। स्वच्छता और राष्ट्र सेवा पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी को स्वच्छता का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

68500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों ने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के घर किया घेराव

लखनऊ,संवाददाता। 68500 शिक्षक भर्ती में आरक्षण की गड़बड़ी को लेकर लखनऊ के ईको गार्डन में चल रहा धरना 32वें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को अभ्यार्थियों ने अपना दल (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के आवास का घेराव किया। इस दोरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने मंत्री जी को आसान शब्दों में समझाया कि इस भर्ती में किस तरह ओबीसी, दिव्यांग, पूर्व सैनिकों और स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के साथ अन्याय हुआ है और उन्हें आरक्षण की लिस्ट से बाहर रखा गया। छात्रों ने 1994 के आरक्षण कानून का हवाला देते हुए यह भी बताया कि इस समस्या को कैसे सुलझाया जा सकता है। छात्रों की साफ मांग है कि 150 में से 60 नंबर (यानी 40:) पाने वाले सभी ओबीसी, दिव्यांग, पूर्व सैनिक और स्वतंत्रता सेनानी परिवार के अभ्यर्थियों को पास माना जाए और रिजल्ट सुधारकर जल्द से जल्द नौकरी दी जाए।

कलेक्ट्रेट में धूमधाम से मनी गांधी-शास्त्री जयंती

डीएम बोले- गांधी जी के विचारों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर-: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में विभिनन कार्यक्रम आयोजित किए गए।सबसे पहले कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद ट्रेजरी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में गांधी जी और शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा गांधी जी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' के सामूहिक गायन से हुई।कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार और जीवन दर्शन है। उनके जीवन में सत्य, सत्याग्रह, स्वदेशी और अहिंसा का विशेष महत्व था। उन्होंने कहा कि गांधी और शास्त्री जी के विचार आज भी प्रासंगिक है।डीएम ने कहा कि आज दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और अशांति का माहौल है, ऐसे में गांधी जी का अहिंसा और विश्व शांति का संदेश और भी जरूरी हो जाता है। उन्होंने बिना शस्त्र के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई।उन्होंने कहा कि तस्वीरों पर माला चढ़ाना प्रतीक है, लेकिन सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके विचारों को अपने जीवन में उतारें। स्वावलंबन, स्वच्छता, समानता और आत्मनिर्भरता के उनके विचार देश को आगे ले जा सकते है। सभी को स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए।

अपर जिलाधिकारी ने भी गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों को आचरण में उतारने का आह्वान किया।इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में खादी एवं ग्रामोद्योग तथा रेशम विभाग द्वारा स्टॉल और प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अधिकारियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी सुनील कुमार यादव सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

दीवानी न्यायालय परिसर में मनी गांधी-शास्त्री जयंती, पॉक्सो जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर-: राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के तत्वावधान में दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम



जनपद न्यायाधीश संजीव कुमार त्यागी के निर्देशन में आयोजित हुआ।इस अवसर पर बालकों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट) के प्रति जागरूकता के लिए विशेष विधिक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे जनपद न्यायाधीश संजीव कुमार त्यागी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के माध्यम से बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और लैंगिक अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भुवन ने बताया कि पॉक्सो जागरूकता के लिए जनपद के विभिनन विद्यालयों में कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल की कनक शर्मा ने प्रथम, सेंट थ्रेसेस स्कूल की सूर्यांशी सिंह एवं गीता इंटरनेशनल स्कूल की दीक्षा यादव ने द्वितीय और जयपुरिया स्कूल की रूबी गौतम एवं प्रियांशी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं गीता इंटरनेशनल की निकिता गुप्ता, आयुषी सिंह, प्रज्ञा द्विवेदी, अश्वी जायसवाल और अंजली मद्धेशिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

जनपद न्यायाधीश ने बताया कि विभिनन-विद्यालयों में न्यायिक अधिकारियों ने जाकर बच्चों को पॉक्सो एक्ट के बारे में जागरूक किया। सचिव ने बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से यौन अपराध गंभीर अपराध है और इसके लिए कड़े दंड का प्रावधान है। बच्चों की सहायता के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और पुलिस हेल्पलाइन 112 पर संपर्क किया जा सकता है। प्राधिकरण द्वारा जागरूकता गीत भी जारी किया गया है जो फेसबुक पेज पर उपलब्ध है।इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय गुलाब सिंह, अपर जिला जज रामअवतार यादव, इफराक अहमद, मोहम्मद आजाद, आनंद प्रकाश, परमेश्वर प्रसाद, सत्यपाल सिंह प्रेमी, श्रीमती किरन गोंड़, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजन कुमार गोंड सहित अन्य न्यायिक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई गोष्ठी

डीएम ने दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन

प्रातःकाल एक्सप्रेस ब्यूरो

बलरामपुर।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा देश और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया।

कार्यक्रम के दौरान सीएमएस की छात्राओं द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' का भावपूर्ण गायन किया गया। भजन की प्रस्तुति ने कार्यक्रम को गांधी जी के सत्य, अहिंसा, प्रेम और सद्भाव के संदेश से सराबोर कर दिया। जिलाधिकारी ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए



जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार और आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, समानता, आपसी सद्भाव और मानवता के प्रति सम्मान का उनका संदेश सदैव प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों को आत्मसात करने का अर्थ केवल उनके सिद्धांतों को याद करना नहीं, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन और आचरण में उतारना है।जिलाधिकारी ने कहा कि जब हम सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते है, दूसरों के विचारों एवं भावनाओं का सम्मान करते हैं, समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्ति के प्रति संवेदनशील रहते हैं तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हैं, तभी वास्तविक अर्थों में हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों को आत्मसात करते है।उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य और अहिंसा को केवल व्यक्तिगत जीवन का आदर्श नहीं बनाया, बल्कि इन्हीं मूल्यों के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन को जन-जन का आंदोलन बनाया। उनके जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि दृढ़ संकल्प, सत्यनिष्ठा और शांतिपूर्ण प्रयासों के माध्यम से बड़े से बड़ा परिवर्तन संभव है।जिलाधिकारी ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। 'जय जवान-जय किसान' का उनका संदेश देश के जवानों और किसानों के प्रति सम्मान तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। शास्त्री जी ने अपने आचरण से यह संदेश दिया कि सार्वजनिक जीवन में सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि दोनों महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने शासकीय दायित्वों का पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करें तथा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संदीप केला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण सिंह, अपर उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

चैनपट्टी कटान स्थल पर सियासी घमासान

पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह और पुलिस में तीखी नोकझोंक, वीडियो वायरल

सपा पूर्व मंत्री बोले अगर मेरा गाड़ी नहीं गया तो भाजपा का भी गाड़ी बाढ़ प्रभावित इलाके मे नहीं जाना चाहिए

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर तमकुहीराज क्षेत्र के चैनपट्टी में नारायणी नदी का कटान तेज होने से हड़कंप मचा है। इसी कटान स्थल का जायजा लेने जा रहे पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह को पुलिस ने रोक दिया, जिसके बाद मौके पर माहौल गरमा गया और पूर्व मंत्री व पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हो गई।बताया जा रहा है कि पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह अपने समर्थकों के साथ चैनपट्टी कटान स्थल पर जा रहे थे। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पुलिस ने उनकी गाड़ी को आगे जाने से रोक दिया। इसी बात को लेकर पूर्व मंत्री नाराज हो गए और पुलिस से भिड़ गए।गाड़ी रोकने के दौरान पूर्व मंत्री के समर्थकों और पुलिसकमिन्यों के बीच भी तीखी बहस हुई। काफी देर तक कटान स्थल पर गहमागहमी बनी रही। फिलहाल नारायणी नदी के कटान स्थल पर पहले से ही भारी पुलिस बल तैनात है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।उधर, प्रशासन द्वारा कटान रोकने के लिए बालू की बोरियों और पत्थरों से बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। नदी का जलस्तर बढ़ने से कटान तेज हो गया है, जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल है।वहीं पूर्व मंत्री की गाड़ी रोकने और पुलिस से हुई नोकझोंक का वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वही सपा के पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने कहा की अगर मेरा गाड़ी बाढ़ पीड़ितों से मिलने से रोका जा रहा है तो भाजपा की कोई गाड़ी नहीं जाना चाहिए वही पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया की सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए विपक्ष के लोगो को बाढ़ पीड़ितों से मिलने से रोकवा रही है ताकि विपक्ष के लोगो से इनकी नाकामी छुप सके।

स्कॉलर्स होम कोचिंग इंस्टीट्यूट में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनी गांधी व शास्त्री जयंती



प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)।कस्बा स्थित स्कॉलर्स होम कोचिंग इंस्टीट्यूट में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थिन्यों द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान पूरा परिसर महापुरुषों के अमर जयकारों और राष्ट्रभक्ति के भाव से गूंज उठा।जयंती समारोह के अवसर पर विद्यार्थिन्यों ने भाषण, ओजस्वी कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए बापू के सत्य, अहिंसा व स्वच्छता के सिद्धांतों को रेखांकित किया। साथ ही छात्रों ने शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' के अमर उद्घोष, उनकी सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के संदेश को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने बच्चों को दोनों महापुरुषों के उच्च आदर्शों को आत्मसात कर देश सेवा के मार्ग पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।इस पावन अवसर पर संस्थान के ज्योतिष्मय श्रीवास्तव, शशांक पांडेय, सज्जाद खान, अनुराधा श्रीवास्तव, अरशद खान, राजन मौर्य एवं दुर्गा प्रसाद वर्मा सहित समस्त शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट में धूमधाम से मनी गांधी व शास्त्री जयंतीः जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण, महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने का दिया संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर, 02 अक्टूबर 2026: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर आज कलेक्ट्रेट परिसर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः 9:00 बजे जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कलेक्ट्रेट भवन पर ध्वजारोहण किया, जिसके उपरांत उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया। ध्वजारोहण के इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 ज्ञानप्रकाश सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।ध्वजारोहण के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर



जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 ज्ञानप्रकाश व कलेक्ट्रेट के समस्त कर्मचारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी गई।गांधी जयंती के अवसर पर अपने संबोधन में जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि आज हम सभी देश की महान विभूतियों का जन्मदिवस मना रहे है। महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाकर भारत को आजादी दिलाई। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश में हरित क्रांति और श्वेत क्रांति की शुरुआत की तथा 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता पर हम सभी को विशेष ध्यान देने की जरूरत है और अपने आस-पास साफ-सफाई रखनी चाहिए। आने वाली पीढ़ी को महापुरुषों के सिद्धांतों के बारे में बताएं और उनके दिखाए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करें। उत्तर प्रदेश के रहने वाले शास्त्री जी ने 1965 के भारत-पाक युद्ध के समय एक समय भोजन करने का संकल्प लिया था, ऐसे संदेशों से सीख लेकर हमें जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। जिलाधिकारी ने सभी को दोनों विभूतियों की जयंती पर शुभकामनाएं दीं।अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव ने दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि बापू ने अहिंसा और जनआंदोलन के जरिए पूरे विश्व को नई दिशा दिखाई। बिना किसी हिंसा के देश को स्वतंत्रता दिलाकर उन्होंने दुनिया के सामने बड़ा उदाहरण प्रस्तुत किया। गांधी जी की प्रासंगिकता हमेशा बनी रहेगी और उनके द्वारा दिखाया गया ईमानदारी व अनुशासन का मार्ग सदैव अनुकरणीय रहेगा।अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 ज्ञानप्रकाश ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी अपनी असाधारण सादगी के लिए जाने जाते है, जिन्होंने एक सामान्य परिवेश से निकलकर देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित किया। वहीं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के प्रतीक थे। इस अवसर पर अधिवक्ता सत्यदेव सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रेमसागर चौधरी ने किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

14 पुलिसकर्मियों में 7 अति उत्कृष्ट व 7 उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित

कमाल खान/
प्रातःकाल एक्सप्रेस



बलरामपुर। दिनांक 02 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जनपद बलरामपुर के 14 पुलिस कमिन्यों को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं सराहनीय सेवाओं के लिए अति उत्कृष्ट सेवा पदक/उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया। उक्त पदकों को रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर आयोजित कार्यक्रम के दौरान इनपुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री मार्तण्ड प्रकाश सिंहङ द्वारा संबंधित पुलिस कमिन्यों को धारण कराया गया।जिनका विवरण निमन्वत है-गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा पदक

1. उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री रमाकांत त्रिपाठी2. उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री संतोष कुमार3. उ0नि0 नागरिक पुलिस श्री दुर्विजय4. उ0नि0 सशस्त्र पुलिस श्री शशिकांत कौल5. मु0आ0 ना0पु0 श्री बृजेश पाण्डेय6. मु0आ0 स0पु0 श्री शिवशंकर7. मु0आ0 स0पु0 श्री राधेरमन सिंह

गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट सेवा पदकङ

1. मु0आ0 ना0पु0 श्री सुरेन्द्र कुमार मौर्य2. मु0आ0 ना0पु0 श्री खेमराज 3. मु0आ0 ना0पु0 श्री विकास मिश्रा4. मु0आ0 ना0पु0 श्री प्रदीप कुमार5. मु0आ0 ना0पु0 श्री आफताब आलम6. मु0आ0 ना0पु0 श्री शाहजाद अली 7. मु0आ0 ना0पु0 श्री सुनील कुमारइसी क्रम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सरकारी/ प्राइवेट श्री मुकेश कुमार, श्री मुननलाल, श्री राजकुमार, श्री संतोष कुमार, श्री वेद प्रकाश , श्री राजेन्द्र मौर्या, श्री पितम्बर, श्री दीपचन्द को उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपहार भेंट किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण ने चलाया विशेष अभियान, विद्यार्थिन्यों व आमजन को दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी

प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक और गोष्ठी के माध्यम से बच्चों के संरक्षण व कानूनी अधिकारों पर दिया गया जोर



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद में पॉक्सो अधिनियम, 2012 के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव तृतीय के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और लैंगिक अपराधों के प्रति समाज में चेतना जागृत करना रहा।अभियान के अंतर्गत शुक्रवार सुबह सिद्धार्थ लॉ कॉलेज, मसिना के विद्यार्थिन्यों ने प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद सार्वजनिक स्थल पर नुक्कड़ नाटक के जरिए बाल संरक्षण कानूनों, लैंगिक अपराधों से सुरक्षा और कानूनी उपचारों को सरल रूप में प्रस्तुत किया गया। कॉलेज परिसर में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शैलेंद्र नाथ ने कहा कि बच्चों के लिए सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण तैयार करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भावी अधिवक्ताओं से विधिक जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।शिविर में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अश्वनी कुमार मिश्र ने पॉक्सो अधिनियम के वैधानिक प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि कानून का मूल ध्येय 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लैंगिक उत्पीड़न से पूर्ण संरक्षण और न्याय दिलाना है। कार्यक्रम में सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन ई0 ओ0पी0 सिंह, डॉ0 सुशीला सिंह, डॉ0 काया सिंह, डॉ0 विवेक मित्तल, प्राचार्य डॉ0 मनीष कुमार सिंह, अमित श्रीवास्तव सहित अनेक शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।उधर, बाल शिक्षा सदन कन्या इंटर कॉलेज, बुद्धनगर में भी जागरूकता शिविर और प्रभात फेरी का आयोजन हुआ। जिला पॉक्सो जागरूकता टीम के नोडल व पैनल अधिवक्ता राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्राओं को निशुल्क विधिक सहायता तंत्र तथा शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने की प्रक्रिया समझाई गई। इस दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

गांधी जयंती के अवसर पर ब्लॉक परिसर में पाटन प्रेरणा कैंटीन का हुआ उद्घाटन

पचपेड़वा(बलरामपुर)- 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर विकासखंड पचपेड़वा के प्रांगण में पाटन प्रेरणा कैंटीन जिसका संचालन मीना देवी स्टार महिला स्वयं सहायता समूह विशुनपुर टनटनवा द्वारा किया जा रहा है,का विधिवत उद्घाटन संजीव कुमार कैराती सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा किया गया, इस अवसर पर विकासखंड के सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) फ़ैज़ मसऊद, शिवनाथ गुप्ता जेई (एम आई),बीओ(पीआरडी) ज्ञान बाबू तिवारी, सुरेन्द्र गुप्ता एडीओ(पीपी),अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ओमकार पाण्डेय ,समस्त।बीएमएम, कम्प्यूटर आपरेटर, विकास खण्ड के अन्य कर्मचारी तथा लगभग 50 पीआरडी जवान उपस्थित रहे।इसी क्रम में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर मधवनगर खादर के ग्राम प्रधान अमर कुमार उर्फ गुड्डू चौधरी द्वारा अपने ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।



अटसू नगर पंचायत कर्मियों ने धूमधाम से मनाई महात्मागांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती

इस दौरान नगर प्रशासन द्वारा सफाईकर्मियों को किया गया सम्मानित

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद के नगर पंचायत अटसू में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा, आदर और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर ध्वजारोहण कर दोनों महान विभूतियों को पुष्प मालाओं के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया गया, वहीं 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत नगर को स्वच्छ बनाने वाले सफाईकमिर्यों का विशेष सम्मान किया गया। र्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु गुप्ता, अध्यक्ष प्रतिनिधि स्वदेश प्रकाश पोरवाल तथा अधिशासी अधिकारी प्रदीप कुमार गौतम एवं सभासदगणों द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा फहराकर किया गया।



ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सफाईकमिर्यों का सम्मान एवं स्वच्छता का संदेश 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत के समस्त सफाईकमिर्यों को फूल-मालाएं पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सफाईकमिर्यों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि एक स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर नगर के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान नगरवासियों से अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थलों पर ही फेंकने तथा स्वच्छता अभियान में निरंतर सहयोग करने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पंचायत लिपिक आलोक रंजन एवं सभी सभासदगण? सौरभ कुमार, पिंटू कुशवाहा, दीपचंद, संदीप मल्होत्रा जितेंद्र शुक्ला, आशीष राजपूत, शिवम कुशवाहा, कप्तान सिंह हरि कृष्ण राजपूत, शिवपाल सिंह, राधेश्याम पोरवाल, आशीष तिवारी, अरविंद राजपूत इसके अतिरिक्त नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

गांधी व शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

प्रातः काल एक्सप्रेस



प्रयागराज। शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन पर भाजपा महानगर के कार्यकर्ताओं बालसन चौराहे पर स्थित महात्मा गांधी व मेडिकल चौराहा स्थित लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन हमारे देश के लिए बहुत खास और प्रेरणादायक है। इस दिन देश को महात्मा गांधी जैसे राष्ट्रपिता मिले, तो वहीं दूसरी ओर भारत के महान सपूत और देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ था। गांधी जी का जीवन सादगी की एक मिसाल था। वे हमेशा खादी के कपड़े पहनते थे और स्वदेशी अपनाने पर जोर देते थे। उन्होंने स्वच्छता को बहुत महत्व दिया, जो आज 'स्वच्छ भारत अभियान' की प्रेरणा है। वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान देश में गंभीर सुरक्षा और खाद्यान्न संकट पैदा हो गया था। तब शास्त्री ने देश का डटकर मुकाबला किया और देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए 'जय जवान, जय किसान' का अमर नारा दिया। उन्होंने सैनिकों के साथ-साथ किसानों के श्रम को भी देश की असली ताकत माना। आनंद सोनकर, पार्षद आशीष द्विवेदी, अनुज कुशवाहा, अजय आनंद, गणेश वर्मा, अतुल मेहरोत्रा, अमित गोस्वामी, यशस्वी शुक्ला, अंशुला गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

सिलेंडर ब्लास्ट में झुलसे दो युवकों की इलाज के दौरान मौत

प्रातःकाल एक्सप्रेस





औरैया।13 सितंबर को कोतवाली अजीतमल के मुरादगंज कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित शिव शंभू स्वीट हाउस के गोदाम में गैस सिलेंडर फटने से लगी आग में चार कारीगर घायल हो गए थे। घायलों को पहले मेडिकल कॉलेज चिचौली, फिर कानपुर, सैफई और दिल्ली रेफर किया गया। गंभीर रूप से झुलसे शिवम पुत्र सज्जन बाबू की 30 सितंबर शाम 6 बजे और विपिन पुत्र किशनलाल की गुरुवार सुबह 5 बजे दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौतों से परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुरादगंज चौकी पर नाराजगी जताई। सीओ अजीतमल शैलेंद्र सिंह ने नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।मृतक के चचेरे भाई अनुज कुमार ने तहरीर में आरोप लगाया कि दुकान संचालक पिछले 2-3 साल से नाबालिग लड़कों से काम करा रहे थे और गोदाम में गैस रिफलिंग व सिलेंडर संबंधी काम भी कराते थे। हादसा उसी दौरान हुआ। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार राजपूत ने बताया कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया गया था, लेकिन मृतक के पिता के फोन के बाद परिजनों ने तहरीर वापस ले ली। पिता के लौटने पर दोबारा तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग, पति समेत नौ ससुरालजनों पर रिपोर्ट दर्ज

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। दिबियापुर थाना क्षेत्र में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताडि़त करने के आरोप में पुलिस ने पति समेत नौ ससुरालजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ककोर बुजुर्ग निवासी अंजली शर्मा पतनी अतुल कुमार ने आरोप लगाया कि ससुरालजन पांच लाख रुपये नकद और डिजायर कार की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट करते थे। थाना पुलिस से सुनवाई न होने पर उसने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद बुधवार रात रिपोर्ट दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, अंजली की शादी 15 फरवरी 2023 को अतुल कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी में मायके पक्ष ने पांच लाख रुपये नकद और करीब तीन लाख रुपये का सामान दिया था, लेकिन ससुरालजन संतुष्ट नहीं थे। पीडि़ता ने पति अतुल कुमार, जेठ राजेश व राकेश शर्मा, जेठानी पारुल व मिथलेश, सास प्रेमा देवी, यश शर्मा, भतीजे हर्षित शर्मा और भतीजी कुमकुम पर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि नौ मार्च 2025 को मारपीट कर जेवर छीनकर उसे घर से निकाल दिया गया। वहीं नौ अगस्त 2026 को मायके पहुंचकर कागजों पर समझौता के लिए हस्ताक्षर कराने का दबाव बनाया और विरोध करने पर मारपीटकर दी है।

गांधी जयंती पर नैनी में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन, सैकड़ों लोगों ने कराई जांच

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत इलाहाबाद गेस्ट हाउस एसोसिएशन एवं मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार 02 अक्टूबर को सुंदरम गार्डन गेस्ट हाउस, नैनी में विशाल निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ की विशेषज्ञ टीम ने ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बोन मास डेंसिटी (श्अ) और ईसीजी जैसी जांचें निःशुल्क कीं और वरिष्ठ चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परामर्श दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन अध्यक्ष गुफरान अहमद, उपाध्यक्ष विद्यासागर केशरी, जोनल इंचार्ज मतिन गुप्ता, आकाश जायसवाल, वरिष्ठ सदस्य धर्मेंद्र तिवारी व मेदांता के वरिष्ठ चिकित्सक ने फीता काटकर किया। सिविल डिफेंस कोऑर्डिनेटर रौनक गुप्ता ने भी पहुंचकर आयोजन की सराहना की। गांधी नगर, जवाहर नगर, आरएएल कॉलोनी, मेवालाल बगिया समेत नैनी के सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ लिया। इस दौरान ओम प्रकाश यादवाल, भरत सिंह, रमेश पांडे, आरती तिवारी, प्रदीप मिश्रा, महात्मा दूबे, शरण कुमार सिंह, आलोक जायसवाल, अनस खान, एलेन धीरू, रविशंकर मिश्रा, गरिमा सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजक आकाश जायसवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य है कि कोई भी जरूरतमंद स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रहे। भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।



सपा ने शुरू किया 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' और 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और 30 सितंबर को दिल्ली में ध्र्ईं गठबंधन की बैठक में लिए गए निणय् के अनुपालन में सपा ने आज से पूरे यूपी में 'लोकतंत्र बचाओ सप्ताह' (2 से 8 अक्टूबर) की शुरुआत की है। अभियान के तहत 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पार्टी का आरोप है कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर सत्ता पक्ष कब्जा कर रहा है। सपा ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, उन पर मुकदमा चलाने और गिरफ्तारी की मांग की है। इस दौरान महानगर स्तर पर प्रेस वार्ता कर रणनीति बताई गई। पहले दिन प्रेस वार्ता, दूसरे दिन विधानसभा स्तर पर संगठनात्मक बैठकें और तीसरे दिन जिला स्तर पर विशाल शांतिपूर्ण मार्च निकाला जाएगा, जो महात्मा गांधी या डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा अथवा डीएम कार्यालय तक जाएगा। समापन पर राष्ट्रगान, संविधान के अनुच्छेद 326 का पठन और मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पुतला दहन का कार्यक्रम होगा। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेखार हुसैन, महासचिव इंजी. जगदीश यादव, विधायक विजमा यादव, संदीप पटेल, गीता शास्त्री, पूर्व विधायक हाजी मुजतबा सिद्दीकी, अमरनाथ मौर्य, प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, रविंद्र यादव, मो. शारिक, दीनानाथ यादव, जयशंकर भारती सहित कई नेता मौजूद रहे।



गाँधी और शास्त्री की जयन्ती पर अल्पसंख्यक कांग्रेस ने प्रभात फेरी निकाली



प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। शुक्रवार को अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारियो ने गुलाब बाड़ी स्थिर दलित बस्ती में जा कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को नई दिशा देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी भारत के दूसरे प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर खिराजे अकीदत पेश करते हुए प्रभात फेरी निकाली इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यछ एर्वं छण् राज्य सलाहकार कमेटी के सदस्य अरशद अली ने कहा की सत्य, अहिंसा और सोहार्द के सिद्धांतो से भारत को एक जुट करने वाले बापू के आदर्श हमें नफरत के सामने शान्ति भाई चारे सच्चाई और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे। अरशद ने आगे कहा जिस तरह से हमारे पुरखो ने गाँधी अगुवाई मे कुर्बानी देकर अंग्रेजो से देश को आज़ाद करवाया था और हिंदुस्तान को एक मजबूत संविधान और लोकतंत्र दिया था लेकिन आज उस संविधान और लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है जिसको बचाने की जम्मिेदारी हम सब की है। इस मौके पर शहर महा सचिव मो हसीन ने महान पुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर गांधी प्रतिमा पर सभी कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण कर महात्मा गांधी के विचारों पर चलने का प्रण लिया इस अवसर पर महफूज अहमद, बिलाल खां, मोहम्मद ज़ाहिद, साबिर फरीदी, परवेज़ आलम, कुवत अली, गुलाम वारिस, मुख्तार अहमद, मोहम्मद वेश, तालीम अंसारी आदि मोजूद थे।

महात्मा गाँधी एवं शास्त्री जी की जयंती पर किया गया नमन

सपा कार्यालय में मनी दोनों महापुरुषों की जयंती

प्रातः काल एक्सप्रेस



प्रयागराज। राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी जी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शस्त्री जी की जयंती आज़ सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई।दोनों महापुरुषों के चित्र पर फूल माला अर्पित कर उनके विचारों, आदशी, सिद्धांतों की चर्चा करते हुए कहा गया कि इन महापुरुषों के विचार आज़ भी प्रासंगिक है। देश वासियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेख़ार हुसैन, यमुनापार महसचिव इंजी जगदीश यादव, रविंद्र यादवएडवोकेट,विधायक संदीप पटेल, कृष्ण मूर्ति सिंह, महबूब उस्मानी,दान बहादुर मधुर,संतलाल वर्मा,आर एन यादव, सचिन श्रीवास्तव, मो शारिक, अहमद राजा, दीना नाथ यादव, महेन्द्र सरोज, प्रदीप निषाद, संदीप यादव, पंकज पटेल,मृत्युंजय पाण्डेय,गीता भारती, राम प्रताप यादव, माशाहद अली खां , वजीर खां,सऊद अहमद, ओ पी पाल, महेन्द्र निषाद, संतोष यादव, देवीलाल यादव आदि मौजूद रहे।

'रन फॉर डीएवी' को परियोजना प्रमुख ने दिखाया हरी झंडी

प्रातः काल एक्सप्रेस

बीजपुर, सोनभद्र। रिहंदनगर एनटीपीसी परिसर में स्थित संस्कार युक्त शिक्षा के लिए प्रसिद्ध शिक्षण संस्थान डीएवी पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती के शुभ अवसर पर 'रन फॉर डीएवी' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एनटीपीसी रिहंदनगर के परियोजना प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय असाटी एवं महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन) पी के नायक, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) हेमेश कुमार वार्ष्णेय, मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अपर महाप्रबंधक राजेश बोई पाई, उपमहाप्रबंधक प्रदीप कुमार, रंगा रेड्डी, रोशन कुमार के साथ परियोजना के अनेकानेक वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। गांधी जयंती के अवसर पर डीएवी के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकालते हुए सोनशक्ति स्टेडियम के सामने गांधी जी की प्रतिमा के पास एकत्रित हुए। उसके बाद एनसीसी कैडेट्स (कंपनी सार्जेंट मेजर) पल्लवी सिंह ने परियोजना प्रमुख को सलामी देते हुए अभिनंदन किया। तदुपरांत पंक्तिबद्ध खड़े विद्यार्थियों को परियोजना प्रमुख कार्यकारी निदेशक संजय असाटी एवं महिला मंडल की अध्यक्षा नीलू असाटी ने संयुक्त रूप से आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देते हुए ङ'रन फॉर डीएवी'ङ के लिए रवाना किया। यह दौड़ संगम क्लब से डीएवी स्कूल तक दो किलोमीटर तक चली। बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी दौड़ में उत्साह से शामिल रहीं। परियोजना परिसर के सिक्योरिटी गार्ड सुरक्षा में जगह-जगह मुस्तैदी से तैनात रहे। सभी छात्र-छात्राएं दौड़ते हुए विद्यालय परिसर पहुंचे, जहां विजयी विद्यार्थी संजय सिंह चंदेल, संकल्प गुप्ता, ध्रुव वत्स, रंजु कुमारी, दीपिका कुमारी एवं कुमारी तारा को प्राचार्य राजकुमार ने मेडल एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। सभी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रार्थना सभागार में स्थित गांधी जी की विशाल प्रतिमा एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की तस्वीर पर प्राचार्य राजकुमार एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर दोनों महापुरुषों को सहृदय नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी। डॉ आर के झा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम मे पूरा विद्यालय परिवार शामिल रहा।



गांधीजी एवं शास्त्रीजी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई





प्रातःकाल एक्सप्रेस

लखनऊ 02 अक्टूबरः सूचना निदेशक विशाल सिंह के मार्ग दर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती आज सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाई गई।सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग मुख्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अपर निदेशक अरविन्द कुमार मिश्र द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपिता के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तैने कहिए' का सस्वर पाठ भी किया गया।

अपने संबोधन में अपर निदेशक श्री अरविन्द कुमार मिश्र ने दोनों महापुरुषों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और सादगी का प्रतीक है। उन्होंने सत्याग्रह के माध्यम से न केवल भारत को ब्रिटिश हुकूमत से स्वतंत्रता दिलाई, बल्कि पूरी दुनिया को शांतिपूर्ण संघर्ष का मार्ग दिखाया। उनका चरखा, उनकी लाठी और उनके विचार आज भी भारत की आत्मा में जीवित है। बापू ने हमें सिखाया कि साधन की पवित्रता साध्य से भी अधिक महत्वपूर्ण है। स्वच्छता को लेकर उनका आग्रह आज स्वच्छ भारत मिशन के रूप में साकार हो रहा है।

वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए श्री मिश्र ने कहा कि शास्त्री जी ने अत्यंत साधारण परिवार से आकर अपनी असाधारण प्रतिभा, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से देश का नेतृत्व किया। उनके द्वारा दिया गया अमर नारा 'जय जवान, जय किसान' आज भी देश की सुरक्षा और खादय सुरक्षा का मूल मंत्र है। उन्होंने देश के जवानों का मनोबल बढ़ाया और किसानों को अनन्दाता के रूप में सम्मान दिलाया। उनकी सादगी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि शास्त्री जी एक ऐसी मिसाल है जिन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए भी कभी अपने पद का दुरुपयोग नहीं किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि ऊँचे पद पर रहकर भी कैसे विनम्र और जमीन से जुड़े रहा जाता है।श्री मिश्र ने कहा कि यह संयोग ही है कि 2 अक्टूबर को दो ऐसी महान विभूतियों का जन्म हुआ जिन्होंने भारत के इतिहास को नई दिशा दी। एक ने स्वतंत्रता दिलाई तो दूसरे ने स्वतंत्र भारत को सशक्त और स्वावलंबी बनाने की नींव रखी। दोनों ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि सत्ता सेवा का माध्यम है, भोग का नहीं।उन्होंने सूचना विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे गांधी जी के सत्य और अहिंसा तथा शास्त्री जी की सादगी और कर्तव्यनिष्ठा को अपनी कार्यशैली में अपनाएं। सूचना विभाग सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है, इसलिए हमारा दायित्व है कि हम पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि हम सभी को स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रप्रथम की भावना को अपने दैनिक जीवन में उतारना चाहिए, यही इन महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम के अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने तथा देश की एकता-अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वरि0 वित्त एवं लेखाधिकारी संजय कुमार सिंह, उपनिदेशक अनुराग प्रसाद, आत्रेय मिश्रा, सहायक निदेशक सतीश चन्द्र भारती, चन्द्र मोहन, डॉ0 जितेन्द्र प्रताप सिंह, सी0एल0 सिंह, प्रभात श्रीवास्तव,अमित कुमार यादव, निर्माता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मेजा क्षेत्र गांधी जयंती पर औता महाबीर में चला स्वच्छता अभियान

स्वच्छता के प्रति जागरूकता का दिया संदेश, स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का लिया संकल्प



मेजा, प्रयागराज। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को औता महाबीर में भव्य स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का नेतृत्व जनसेवक इंद्रदेव शुक्ल 'राजू भैया' के नेतृत्व में किया गया। स्वच्छता अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंद्रदेव शुक्ल 'राजू भैया' ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति, संस्था या सरकार की जिम्मेदारी नहीं, प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक कर्तव्य है। महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ते हुए समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि अपने गांव, घर, आसपास के वातावरण एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण से स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल महामंत्री अंजनी पांडेय, सेक्टर प्रभारी केशव मुनि पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता उमाशंकर तिवारी 'गांधी', भाजपा नेता नीरज द्विवेदी, विनोद विश्वकर्मा अशोक बिंद, श्यामसुंदर हरिजन, किशोरी लाल पटेल, सत्येंद्र मिश्रा, मंगला प्रसाद मिश्रा, अशोक अग्रहरि, रजत पटेल, महेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, शुभम सोनी, दीपू दुबे सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन 'स्वच्छ औता महाबीर – स्वस्थ समाज – सशक्त भारत' के संकल्प और संदेश के साथ हुआ।

पत्रकार के अधिकारों से खिलवाड़ हुआ तो लोकतांत्रिक तरीके से उठेगी आवाज

ऐप्जा की फूलबेहड़ ब्लॉक स्तरीय बैठक में संगठन की एकजुटता पर जोर, दीनदयाल को मिली नई जिम्मेदारी

डॉ0रईस अहमद उस्मानी

प्रातः काल एक्सप्रेस

फूलबेहड़ (खीरी) 02 अक्टूबर पत्रकारों के अधिकारों और सम्मान के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी पत्रकार साथी को बेवजह परेशान करने या उसके अधिकारों का हनन करने का प्रयास हुआ तो संगठन कानूनी और लोकतांत्रिक तरीके से मजबूती के साथ आवाज उठाएगा। यह बात शुक्रवार को फूलबेहड़ में आयोजित ऐप्जा की ब्लॉक स्तरीय बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष सिरताज अली ने कही।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सिरताज अली ने कहा कि पत्रकार समाज की समस्याओं को सामने लाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ऐसे में पत्रकारों के साथ किसी भी स्तर पर होने वाली समस्या को व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संगठन की समस्या मानकर उसका समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार की समस्या पूरे संगठन की समस्या और एक पत्रकार की आवाज पूरे संगठन की आवाज है।ब्लॉक उपाध्यक्ष अमित तिवारी ने संगठन की एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि सभी पत्रकार साथी एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े रहें। ब्लॉक महामंत्री सलमान खान, ब्लॉक महासचिव मोहम्मद रिजवान और संगठन मंत्री पंकज शर्मा ने भी पत्रकार हितों के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने की बात कही।बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने, आपसी समन्वय बढ़ाने तथा पत्रकार साथियों की समस्याओं को उचित मंच पर उठाने को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान दीनदयाल को ब्लॉक डिप्टी महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में मो. तलहा, सुनीत बाजपेई, जसवंत कुमार, मो. आलम, संतोष तिवारी, मो. असलम, साबिर अली संवाददाता अभिनन्दन मेल, नंदेश कुमार, प्रमोद कुमार, अमित यादव, विधिक सलाहकार विनोद कुमार यादव, मुशीर अहमद, अतहर खान, आदिल खान, रिहान गाजी और अमित शुक्ला , रहमत अली सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

प्रेमी की दगाबाजी से हताश 18 वर्षीय सुगनी ने सरसवा नाले में छलांग लगाई

डॉ0रईस अहमद उस्मानी/ प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर-खीरी 02 अक्टूबरः प्रेमी दिनेश ने कोर्ट मैरिज का झांसा देकर तीन कि मी दूर सरसवा नाले पर फ़ोन करके बुलाया था। प्रेमी दिनेश पुलिस हिरासत में जब कि मामा राम मूर्ती फरार।

प्रेमी की दगाबाजी से हताश 18 वर्षीय सुगनी ने सरसवा नाले में छलांग लगा कर जान दे दी। पुलिस ने चौथे दिन नाले से शव बरामद कर के शव को पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर भेज दिया है। पोस्टमार्टम कर रहे चिकित्सक ने सुगनी की मौत पानी में डूबने से होने की पुष्टि की है। प्रेमी दिनेश पुलिस हिरासत में बताया जा रहा है।कोतवाली धौराहरा के ग्राम गुधारिया निवासी मृतका के भाई सोबरन ने बताया कि चार दिन पूर्व गांव के ही दिनेश ने बहन सुगनी को फ़ोन करके यह कह कर बुलाया कि कल कोर्ट मैरिज करेंगे,बहन सुगनी शौच के बहाने आधार व पैन कार्ड लेकर घर से निकल गई थी तभी मामा राम मूर्ती ने दिनेश को समझाया कि तेरी मै शादी करा दूंगा तुझ को बहुत दहेज़ दिलाऊं गा, इतना सुनते ही दिनेश सुगनी को झांसा देकर घर भाग आया था। अब दिनेश के धोखे से हताश सुगनी के समक्ष आत्म हत्या करने के सिवा कोई विकल्प नहीं था।भाई सोबरन ने बताया कि सुगनी के रिश्ते के कई लड़के देखे थे, रिश्ता तय न हो जाए जल्दबाजी में दिनेश ने कोर्ट मैरिज का बहाना बनाकर कर बहन को भगाने के इरादे से बुलाया था।

गांधी जयंती पर लिया स्वच्छता व सेवा का संकल्प

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर अक्षय जन सेवा समिति एवं आर्यन मेकअप मंत्रा के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया।



इस अवसर पर अक्षय जन सेवा समिति की अध्यक्ष सविता पचौरी ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सेवा को अपने जीवन का आधार बनाया। गांधी जयंती केवल उन्हें याद करने का दिन नहीं, बल्कि उनके विचारों को अपने व्यवहार में उतारने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए आगे आना चाहिए।

कार्यक्रम में आर्यन मेकअप मंत्रा के संचालक हेमंत कुशवाहा ने कहा कि गांधी जी का स्वच्छता का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। स्वच्छ समाज के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को गांधी जी के विचारों से प्रेरणा लेकर सामाजिक सेवा एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वच्छता, सामाजिक सेवा, आपसी भाईचारे और समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी के विचारों को आत्मसात कर ही समाज में स्थायी परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम में संजीव विश्वकर्मा, तरुण कुमार, इंजी. मयंक श्रीवास्तव, भरत कुशवाहा, हरिनाम, देवेंद्र, जय, मनीष, संजय, एमआई सर,रिंकी, प्रेमलता, प्रियंका, गायत्री, शिल्पी, मिनी, नेहा आदि सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रमेश खंगार नन्ना फिर बने अखिल भारतीय विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संजू खंगार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

51वें जन्मदिन पर संजू खंगार ने केक काटने के बजाय गढ़कुंडार में किया धार्मिक एवं सामाजिक सेवा कार्य



झांसी। अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज ने एक बार फिर रमेश खंगार ननन को राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा संजू खंगार प्रतापपुरा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। समाज के लोगों ने दोनों पदाधिकारियों पर पुनः विश्वास जताते हुए संगठन एवं समाज के हित में कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजू खंगार का 51वां जन्मदिन भी था। उन्होंने जन्मदिन को पारंपरिक तरीके से मनाने के बजाय धार्मिक एवं सामाजिक सेवा को समर्पित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार ननन के साथ वे महाराजा खेत सिंह खंगार की ऐतिहासिक नगरी गढ़कुंडार पहुंचे। यहां कुलदेवी मां गजानन के दरबार में दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और समाज की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया।इसके बाद कन्या भोज कराया गया तथा श्रद्धालुओं और उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने गढ़कुंडार क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की। क्षेत्र में सड़क के डामरीकरण के कार्य के साथ ही क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से मंदिर प्रांगण में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार ननन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजू खंगार ने कहा कि गढ़कुंडार क्षेत्र में श्रद्धालुओं और समाज के लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के लिए शौचालय तथा पानी की टंकी जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने समाज के युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक होने तथा नशे से दूर रहकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया।संजू खंगार के 51वें जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में सेवा, धार्मिक आस्था और समाज के विकास का संदेश देखने को मिला। जन्मदिन पर केक काटने के बजाय कुलदेवी का आशीर्वाद, कन्या भोज, प्रसाद वितरण और समाज के विकास का संकल्प लेकर उन्होंने सामाजिक सरोकार का संदेश दिया।

कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन कर कहा–'जय जवान, जय किसान' का संदेश

आज भी राष्ट्र निर्माण का आधार 'जय जवान, जय किसान' ने कृषि और अन्नदाता के सम्मान को राष्ट्र निर्माण से जोड़ा -कुलपति

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। 2 अक्टूबर शुक्रवार को रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ के तत्वावधान में श्रद्धांजलि एवं स्मरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने दोनों महान राष्ट्रनायकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। एनएसएस स्वयंसेवकों ने 'रघुपति राघव राजा राम' का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया तथा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, संघर्ष, विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का अमर आह्वान 'जय जवान, जय किसान' आज भी देश के लिए प्रेरणादायी है। यह नारा राष्ट्र की सुरक्षा के साथ-साथ अनन्दाता के सम्मान



और कृषि की शक्ति को राष्ट्र निर्माण के केंद्र में स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी का सादा जीवन, ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा आज की युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है।कुलपति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए कहा कि गांधी जी का ग्राम स्वराज का सपना ऐसे भारत का था, जहां गांव आत्मनिर्भर हों, खेत समृद्ध हों, किसान स्वावलंबी हों और विकास का संबंध प्रकृति के साथ संतुलित बना रहे। कृषि विश्वविद्यालयों की भूमिका गांधी जी के इन विचारों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय का विज्ञान खेतों तक पहुंचाकर नई तकनीक, नई फसल और नई उम्मीद के माध्यम से किसानों के भविष्य को संवारने का कार्य किया जा रहा है। मिट्टी का मान, किसान का सम्मान और सतत् कृषि के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है।उन्होंने विद्यार्थियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों का आह्वान किया कि वे महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों से प्रेरणा लेकर ईमानदारी, अनुशासन, सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।कार्यक्रम के समापन पर विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कुलपति डॉ. अशोक कुमार सिंह सहित विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान स्वच्छ एवं स्वस्थ परिसर के निर्माण तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को स्मरण करने के साथ ही विश्वविद्यालय परिवार को स्वच्छता, सेवा, अनुशासन, किसान सम्मान और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया।इस दौरान विवि के अधिकारी, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शिक्षक, गैर-शैक्षणिक कर्मचारी एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

वृद्धाश्रम में फल वितरण कर दिया सेवा और संवेदना का संदेश अनुपमा लोधी

प्रातःकाल एक्सप्रेस



झाँसी। सेवा संकल्प अभियान 2026 'सेवा मेरा योगदान' के अंतर्गत झाँसी स्थित वृद्धाश्रम में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा गतिविधियों की श्रृंखला के तहत संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठजनों से आत्मीय संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना और फल वितरित किए।

इस अवसर पर श्रीमती अनुपमा सिंह लोधी ने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान, संवेदना और आत्मीयता के साथ सेवा करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। 'सेवा मेरा योगदान' अभियान का उद्देश्य सेवा भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है।कार्यक्रम में श्रीमती चित्रा सिंह, श्रीमती नीलू गौतम, विधिक प्राधिकरण सदस्य श्रीमती प्रीति शर्मा, डॉ. राजकुमार, वृद्धाश्रम प्रबंधन से श्रीमती अनुराधा चौहान एवं प्रबंधक प्रमोद शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान, सेवा और संवेदना का संदेश दिया गया तथा समाज में सेवा भाव को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

गांधी एवं शास्त्री जयंती पर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि एवं व्याख्यान

बापू के सत्य-अहिंसा और शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' के संदेश को जीवन में उतारने का आह्वान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी, 2 अक्टूबर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी में श्रद्धांजलि एवं व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर सहित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा गांधी के जीवन-दर्शन, सत्य, अहिंसा, सादगी, स्वावलंबन, स्वच्छता एवं मानवता के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधीजी का जीवन केवल स्वतंत्रता आंदोलन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने आचरण के माध्यम से समाज को सत्य, अहिंसा, आत्मनिर्भरता और नैतिकता का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन के लिए प्रासंगिक और प्रेरणादायी है।पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर चर्चा करते हुए वक्ताओं ने उनकी सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा को अनुकरणीय बताया। उनके प्रसिद्ध नारे 'जय जवान, जय किसान' की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि देश की सुरक्षा और अनन्त उत्पादन में जवान तथा किसान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शास्त्री जी का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन और जिम्मेदारी की प्रेरणा देता है।कुलसचिव ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को केवल स्मरण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार से सत्य, सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर ने कहा कि वर्तमान समय में इन दोनों महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कथनी और करनी में समानता रखते हुए समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।कार्यक्रम का संचालन प्रो. मुनन तिवारी ने किया। अंत में महात्मा गांधी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिये' की प्रस्तुति हुई, जिसके साथ दोनों महान विभूतियों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस अवसर पर प्रो. एम.एम. सिंह, प्रो. आलोक वर्मा, प्रो. वी.के. सिंह, डॉ. सुनील त्रिवेदी, डॉ. राघवेन्द्र दीक्षित, डॉ. अनुपम व्यास, डॉ. दिव्या, डॉ. संतोष पांडेय, हरि त्रिपाठी, डॉ. विपिन प्रसाद, अतुल खरे, डॉ. द्युति मालिनी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 122वीं जयंती उनके चित्र पर चढ़ाए श्रद्धा के पुष्प

महापुरुषों के विचारों को जीवन में आत्मसात कर उनके आदर्शों पर चलने का किया आह्वान

प्रातकाल एक्सप्रेस
अशोक शर्मा



सहारनपुर । मंडलायुक्त डॉक्टर रूपेश कुमार ने सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 157वीं एवं ईमानदारी व सादगी के प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की 122वीं जयंती के अवसर पर उनके कार्यालय सभाकक्ष में महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की तस्वीर पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित किए।इस अवसर पर उन्होंने महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया।

मंडलायुक्त ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, प्रेम, शांति एवं सद्भाव के मार्ग पर चलकर न केवल देश को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि संपूर्ण विश्व को सत्य और अहिंसा की शक्ति का संदेश भी दिया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है और समाज में आपसी सौहार्द, समानता तथा भाईचारे की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देते है। उन्होंने कहा कि गांधीजी का जीवन हमें सादगी, नैतिकता, आत्मानुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ जीवन जीने की सीख देता है।

डॉक्टर रूपेश कुमार ने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी, दृढ़ संकल्प, त्याग एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका प्रसिद्ध नारा 'जय जवान, जय किसान' देश के जवानों और किसानों के महत्व को रेखांकित करता है। शास्त्री जी ने अपने जीवन और कार्यों से यह सिद्ध किया कि सच्चा नेतृत्व निष्ठा, सादगी और जनसेवा की भावना से परिपूर्ण होता है।

इस अवसर पर अपर आयुक्त भानू प्रताप यादव, अपर आयुक्त रमेश यादव, प्रशासनिक अधिकारी कर्णपाल, ओएसडी अरविंद चौधरी, नाजिर अमित जैन सहित मंडलायुक्त कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती कलेक्ट्रेट में ससम्मान हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

गांधी जी और शास्त्री जी के सिद्धान्तों और विचारों को हम सभी अपने जीवन में करें आत्मसात :जिलाधिकारी

प्रातकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर । जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की अध्यक्षता में सत्य और अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की एवं ईमानदारी व सादगी के प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं हर्षोल्लास के वातावरण मे कलेक्ट्रेट में मनायी गयी।

कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिलाधिकारी द्वारा प्रातः 09:00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर श्रद्धा के पुष्प एवं माल्यार्पण किया गया। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह सहित अन्य सभी प्रशासनिक अधिकारीगणों व कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त व्यक्तियों नें महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुये पुष्प अर्पित किया।जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश को कठिन समय में सही दिशा दिखाई थी और दृढ़ निश्चय के साथ देश को समस्याओं से पार कराया था। उन्होंने गांधी जी के अहिंसात्मक नेतृत्व शैली, विचारधारा, सत्यनिष्ठा, देशभक्ति एवं शास्त्री जी के आत्मबल, दृढ़ विश्वास, सहज, सरल स्वभाव और अदम्य साहस पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित लोगों से इन महापुरुषों की जीवन शैली एवं कार्यशैली से सीख लेकर उसे अपनी आदत में शामिल करने हेतु प्रेरित किया।अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि आज पूरे विश्व में गांधी जी के विचारों एवं दर्शनों पर शोध किया जा रहा है। उन्होंने छुआछूत को सिरे से नकारा था। उन्होंने अहिंसा के अपने सिद्धांत के साथ कभी समझौता नहीं किया। हम सबको राष्ट्र की सेवा के लिए अपने कार्यों एवं दायित्वों को सुचारू रूप से करना चाहिए। कलेक्ट्रेट में आने वाले हर व्यक्ति को यह विश्वास होना चाहिए कि मेरा काम बिना किसी सिफारिश के बिल्कुल सही तरीके से होगा। कार्यों को प्लान करने के बाद ही एक्जीक्यूट करें। विपरीत परिस्थितियों में भी कार्य को बेहतर तरीके से करना बेहतर व्यक्तित्व को दर्शाता है। निणय्य लेते समय यह हमेशा ध्यान रखें कि इस निणय्य का अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

इस अवसर पर एसडीएम अमित कुमार, एसडीएम कृष्ण राज, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार, संजय शर्मा सहित समस्त कलेक्ट्रेट कर्मी उपस्थित रहे।

'नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर'

प्रातकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी/बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में 'ऑपरेशन सवेरा' - 'नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर' अभियान चलाया जा रहा है ।इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन मे, पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम नगर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना मण्डी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग व गश्त के दौरान 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त मय्यूर उर्फ नौशाद उर्फ रामजाने पुत्र सलीम निवासी एकता कालोनी शकूरी मस्जिद के सामने छोटी नहर की पटरी पर थाना कुतुबशेर जिला सहारनपुर को मंडी समिति परिसर में पशु चिकित्सालय के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 117 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना मण्डी पर मु0अ0सं0 495/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया । अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में ई[illegible] लिंको की जाँच की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किये जा रहा है ।

विकास खंड नागल की ग्राम पंचायत ताजपुर में ग्राम सभा की खुली बैठक

प्रातकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर नागल विकास खंड गांधी जयंती के अवसर पर पंचायत राज विभाग द्वारा विशेष ग्राम सभा का किया गया। विशेष ग्राम सभा बैठक में दी गई ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने के बारे में व्यापक जानकारी विकसित भारत की संकल्पना को समेटे हुए विशेष ग्राम सभा की बैठक में महिला सहभागिता को बढ़ाने तथा पंचायत राज विभाग के केंद्रित नौ बिंदुओं महिला हितैषी, बलहितैसी, पर्याप्त जल युक्त, भौतिक संसाधन से युक्त, हरित, स्वस्थ,गरीबी मुक्त, विकसित, सामाजिक समानता युक्त ग्राम पंचायत बनाकर विकसित भारतवर्ष के क्रम में महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने का प्रण लिया गया. प्रत्येक ग्राम पंचायत की बैठक की अध्यक्षता प्रशासक द्वारा तथा संचालन सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा किया गया. इस अवसर पर जगह-जगह स्वच्छता श्रमदान भी आयोजित किया गया तथा स्वच्छता के बारे में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनसाधारण को अभिप्रेरित किया गया.

3 शातिर गिरफ्तार, 20 बाइक बरामद

प्रातः काल एक्सप्रेस

नानौता / सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में नानौता पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अंतरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर ङचोरी की 20 मोटरसाइकिलें, 7 फर्जी नंबर प्लेट, 4 फर्जी आरसी, चेसिस व इंजन नंबर खोदने की डाई मशीन, काला पेंट और लोहे की आरी बरामद की है।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सहारनपुर समेत आसपास के जनपदों से मोटरसाइकिलें चोरी करते थे, फिर चेसिस और इंजन नंबर को डाई मशीन से बदलकर काला पेंट कर देते थे यह पूरी कार्रवाई ङथाना प्रभारी नानौता विकास चरणङ के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

मेला गुघाल में इतिहास रचा गया - हरियाणा की पहली महिला जादूगर काइज़ा क्वीन ने बांधा समा

प्रातः काल एक्सप्रेस

सहारनपुर। मेला गुघाल के मंच पर इस बार वो हुआ जो सहारनपुर के इतिहास में पहली बार हुआ। मेला संयोजक ङविनोद सैनी द्वारा आयोजित भव्य मैजिक शो में इंटरनेशनल ख्याति प्राप्त जादूगरनी ने ऐसा जादू बिखेरा कि पूरा सहारनपुर झूम उठा।अंबाला कैंट की बेटी काइज़ा क्वीन ने अमेरिका की विश्व प्रसिद्ध संस्था - इंटरनेशनल ब्रदरहुड ऑफ मैजिशियंस द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जादू प्रतियोगिता में जीए7 देशों के 200 जादूगरों को पछाड़ते हुए पूरे विश्व में तीसरा स्थानङ हासिल किया है। यह उपलब्धि न सिर्फ हरियाणा बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व की बात है।मेला गुघाल के मंच पर काइज़ा क्वीन जी ने अपने जादू से सहारनपुर का नाम पूरे भारत में रोशन किया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर समस्त थानों पर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित

प्रातकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के पावन अवसर पर जनपद सहारनपुर के समस्त थाना परिसरों में श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के दौरान समस्त पुलिसकमिर्यों द्वारा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता, शांति, सद्भाव, सत्य, अहिंसा तथा संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ ग्रहण की गई। महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, मानवता एवं जनसेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके विचारों को अपने कर्तव्य एवं आचरण में आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पुलिसकमिर्यों ने ईमानदारी, अनुशासन, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आमजन की सुरक्षा एवं सेवा को सवीच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

उत्तर प्रदेश/सहारनपुर, जिला एंव सत्र न्यायालय में सेवानिवृति पर किया गया विदाई समारोह का आयोजन

प्रातकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर! जिला एवं सत्र न्यायालय सहारनपुर में माननीय जिला जज सत्येंद्र कुमार जी द्वारा चतुर्थ श्रेणी पर ईमानदारी एंव अपने दायित्व के प्रति सच्ची निष्ठा से कार्यरत रहे सुभाष दत्त कपिल को उनकी सरकारी सेवा पर उन्हें स्वागत के साथ भावपूर्ण विदाई व शुभकामनायें दी गई, इस मौके पर जिला जज माननीय सत्येन्द्र कुमार जी ने उनका माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और उन्हें गर्म सोल भेंट कर अपने संबोधन में कहा कि सुभाष दत्त कपिल ने 1/4/1996 को कार्यभार ग्रहण किया था और आज 30/9/2026 तक इन्होंने अपनी कार्यशीलता को ईमानदारी व सच्ची निष्ठा से निभाया, उन्होंने कहा कि सुभाष दत्त कपिल हमसे अलग रहकर भी हमारी यादों के साथ रहेंगे, जिला जज महोदय ने सेवानिवृति के अवसर पर सेवानिवृत श्री कपिल जी के जीवन के लिए मंगलारंभ की कामना की और उन्हें सेवानिवृति पत्र एवं समृति चिन्ह भेंट किया! इसी मौके न्यायालय के ए डी जे माननीय विकास गुप्ता जी ने सुभाष दत्त कपिल का माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा कि कपिल जी ने हमारे बीच इतना लंबा समय बिताया, और समय बीतते समय ही नहीं लगा,



माननीय एडीजे ने कपिल जी को उपहार भेंट किया तथा उनके आगामी जीवन हेतू शुभकामनायें दी गई! तत्पश्चात इसी दौरान जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रभारी अधिकारी अपर जिला जज माननीय मौहम्मद अहमद खान जी द्वारा सेवानिवृत सुभाष दत्त कपिल का भावपूर्ण माल्यार्पण कर स्वागत किया गया,उन्होंने कपिल जी को संयुक्त रूप से भावभीनी विदाई एंव शुभकामनायें देकर उनकी ईमानदारी, निष्ठा और कार्यशैली को स्टाफ के लिए प्रेरणा श्रोत बताया! इसी दौरान मानवाधिकार एमरजेंसी हेल्पलाइन एसोसिएशन सहारनपुर मंडल के मंडल अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा व अन्य ने सुभाष दत्त कपिल जी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत व हार्दिक अभिनन्दन किया एवं उन्हें मानवाधिकार एसोसिएशन का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया! और सेवानिवृत कपिल जी को बैंड बाजों के साथ माननीय न्यायालय परिसर से देर रात निज निवास पर लाया गया, जहाँ पर उनका सभी परिवार एवं कालोनी वासियों ने शानदार स्वागत किया गया! इस दौरान विश्वास कपिल, संजय कुमार शर्मा, मोहित कपिल, आकाश शर्मा, नितिन कपिल, एडवोकेट निशांत वशिष्ठ, प्रशांत वशिष्ठ एडवोकेट, एडवोकेट पंकज पंडित, वंश कपिल, शताक्षी कपिल, अनीता कपिल, प्रिंस कपिल, संजय मौर्य, लक्षिता राठौड़, अभिषेक उपाध्याय, देवांश पंडित एडवोकेट, पंकज कुमार,कमल सिंह, आनन्द त्यागी, राकेश कुमार शर्मा मंडल अध्यक्ष मानवाधिकार एमरजेंसी हेल्प लाइन एसोसिएशन सहारनपुर मंडल, एवं समस्त नजारत स्टाफ व गणमान्य लोग उपस्थित रहे

सेवा संकल्प अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नागल में लगा स्वास्थ्य शिविर

विधायक देवेंद्र नीम व जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने किया शुभारंभ

प्रातकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर।नागल सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नागल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत शुभारम्भ माननीय ङविधायक देवेन्द्र निम, विधानसभा रामपुर मनिहारान एवं माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मांगेराम चौधरीङ तथा मुख्य चिकित्साधिकारी सहारनपुर डॉ. शेर सिंह कक्कड़ के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर ङआंगनबाड़ी विभाग द्वारा अनन्प्राशन, गोद भराई कार्यक्रमङ आयोजित किया गया। साथ ही नवनियुक्त आंगनबाङियों के साथ-साथ 10 उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और 5 उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकत्रियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।स्वास्थ्य शिविर में ङपंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, खाद्य विभाग एवं महिलाङ स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्टॉल लगाये गये। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ङसामान्य ओपीडी, गर्भवतियों की जांच, दन्त रोग, मानसिक रोग, क्षयरोग, कुष्ठरोग व संचारी रोग के स्टॉल लगाकरङ आमजन को स्वास्थ्य लाभ दिया गया।इसके अतिरिक्त माननीय ङविधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं मुख्य चिकित्साधिकारी सहारनपुर व जिला मलेरिया अधिकारी सहारनपुर द्वारा हरी झंडीङ दिखाकर संचारी रोग रैली का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर डॉ. शिवांका गौड़, डॉ. नितिन कुमार अधीक्षक, डॉ. सुमित मैकनाईट, डॉ. ईशा जैन, डॉ. आशा चौहान, मंच संचालनकर्ता सूरज सिंह के साथ मंसूर अहमद, रितेश कुमार, अवनीश कुमार, मुनीश कुमार, जुगल किशोर, बबलीरानी, सुनीता, अनुराधा, कमाल अनवर गजाली, शिवकुमार, हिरदेशङ आदि मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत दिव्यांगजनो को वितरित किए गए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण

प्रातकाल एक्सप्रेस



सहारनपुर । राज्य मंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास जसवंत सैनी की अध्यक्षता तथा विधायक नगर राजीव गुंबर एवं जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान की उपस्थिति में राजकीय आई0टी0आई0 परिसर में सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजनान्तर्गत विभिनन कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। इसी के साथ पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित पुत्रियों को शादी योजनान्तर्गत स्वीकृति प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। उपस्थित अतिथियों द्वारा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जंयती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों को 15 मोट्रराईज्ड ट्राईसाइकल, 135 ट्राईसाइकिल, 70 व्हीलचेयर, बैसाखी 100 जोड़ी, 76 कान की मशीन, 27 स्मार्ट कैन, 50 शादी अनुदान के लाभाथिन्यों को प्रमाण-पत्र आदि का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में मौके पर दिव्यांगजनों के हितार्थ चिकित्सा शिविर, सोशल सेक्टर की समस्त योजनाओं का स्टॉल एवं कृत्रिम अंग हेतु चिन्हित फर्म द्वारा आये हुए दिव्यांगजनों को लाभान्वित किया गया। राजकीय दृष्टिबाधित बलिका विद्यालय, रामपुर मनिहारन की छात्राओं द्वारा विभिनन संस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान प्रकट करते हुए कार्यक्रम की शोभा बढाई गयी।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा अजीत राणा, महानगर प्राभारी डॉ0 अजय शर्मा, महानगर अध्यक्ष भाजपा शीतल बिशनोई, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अजय कुमार, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कु0 साक्षी गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और लाभार्थिगण उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान, गांधी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिद्वार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी जिला हरिद्वार की ओर से बीएचईएल सेक्टर-2 स्थित गांधी पार्क (भगत सिंह चौक) में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पार्क परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने और जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। इस दौरान जिला महामंत्री संजीव चौधरी, हीरा सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, निपेन्द्र चौधरी, नकली राम सैनी, तरुण नायर, तेलूराम प्रधान, एजाज हसन, अरविंद कुशवाहा, अभिनंदन गुप्ता, राजेंद्र कटारिया, राकेश नौडियाल और योगेंद्र पाल रवि सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा जनपद की 884 ग्राम पंचायत में मनाया गया स्वस्छ भारत दिवस

प्रातकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर जनपद मे गांधी जयंती के अवसर पर पंचायत राज विभाग द्वारा विशेष ग्राम सभा का किया गया। विशेष ग्राम सभा बैठक में दी गई ग्राम पंचायत विकास योजना बनाने के बारे में व्यापक जानकारी विकसित भारत की संकल्पना को समेटे हुए विशेष ग्राम सभा की बैठक में महिला सहभागिता कोन बढ़ाने तथा पंचायत राज विभाग के केंद्रित नौ बिंदुओं महिला हितैषी, बलहितैसी, पर्याप्त जल युक्त, भौतिक संसाधन से युक्त, हरित, स्वस्थ,गरीबी मुक्त, विकसित, सामाजिक समानता युक्त ग्राम पंचायत बनाकर विकसित भारतवर्ष के क्रम में महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने का प्रण लिया गया. प्रत्येक ग्राम पंचायत की बैठक की अध्यक्षता प्रशासक द्वारा तथा संचालन सचिव ग्राम पंचायत के द्वारा किया गया. इस अवसर पर जगह-जगह स्वच्छता श्रमदान भी आयोजित किया गया तथा स्वच्छता के बारे में व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करते हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनसाधारण को अभिप्रेरित किया गया।



प्रियंका चाहर चौधरी

ने अंकित गुप्ता को बताया मैरेज मटेरियल, बोलीं- ब्रेकअप का कोई पछतावा नहीं

बिग बॉस फेम और एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं. एक्ट्रेस राइज एंड फॉल 2 में नजर आ रही हैं और खूब चर्चा बटोर रही हैं. इस बीच एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया है, जो एक पॉडकास्ट का है. इसमें वो अपने एक्स बॉयफ्रेंड और एक्टर अंकित गुप्ता की तारीफ करती नजर आई हैं. इतना ही नहीं उन्होंने अपने और अंकित के ब्रेकअप को लेकर भी खुलकर बात की है. दोनों के ब्रेकअप की खबरों को सामने आए कई महीने हो चुके हैं.

बालाजी टेलीफिल्म्स के पॉडकास्ट Honestly Why Not में पहुंचीं एक्ट्रेस ने अंकित के साथ अपने पुराने रिश्ते का जिक्र किया और बताया कि अगर शादी की बात हो, तो वह आज भी अंकित को चुनेंगी. उन्होंने इसका कारण भी बताया है. चलिए जानते हैं प्रियंका ने अंकित को लेकर और क्या कुछ कहा है?

अंकित गुप्ता को बताया 'मैरिज मैटेरियल'

पॉडकास्ट के रैपिड फायर राउंड में प्रियंका से अंकित गुप्ता, अभिषेक मल्हान और नमिक पॉल के बीच किल, मैरी और हुकअप चुनने के लिए कहा गया. एक्ट्रेस ने किल के लिए अभिषेक मल्हान और हुकअप के लिए नमिक पॉल को चुना, जबकि शादी के लिए उन्होंने अंकित गुप्ता का नाम लिया. अपनी पसंद की वजह बताते हुए प्रियंका ने कहा, 'मैं अंकित गुप्ता से शादी करना चाहूंगी, वह यकीनन मैरेज मटेरियल हैं.'



क्या प्रियंका को है ब्रेकअप का पछतावा ?

इसके बाद प्रियंका से पूछा गया कि क्या उन्हें अंकित के साथ अपना रिश्ता खत्म करने का पछतावा है. इस पर एक्ट्रेस ने साफ कहा कि उन्हें अपनी जिंदगी में लिए गए किसी भी फैसले का पछतावा नहीं है. उन्होंने कहा, 'मुझे अपनी जिंदगी में किसी भी चीज का पछतावा नहीं है. मैंने जो भी फैसला लिया, वह ठीक है.' इसके बाद उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'एक्स को एक्स ही रहने दो.'

दोस्त से बने थे लवर्स

प्रियंका और अंकित की पहली मुलाकात टीवी शो उड़ारियां के दौरान हुई थी. शो में दोनों ने तेजो और फतेह का किरदार निभाया था और उनकी ऑनस्क्रीन जोड़ी को दर्शकों ने काफी पसंद किया. इसी दौरान दोनों के बीच ऑफस्क्रीन भी अच्छी दोस्ती हो गई थी. इसके बाद बिग बॉस 16 में साथ नजर आने के बाद दोनों के रिश्ते को लेकर चर्चाएं और तेज हो गईं. हालांकि, दोनों ने उस समय अपने रिश्ते को सार्वजनिक तौर पर कन्फर्म नहीं किया था, लेकिन उनकी नजदीकियों और अक्सर साथ नजर आने की वजह से डेटिंग की खबरें लगातार सामने आती रहीं. रियलिटी शो के दौरान प्रियंका ने अंकित के लिए अपनी फीलिंग्स का भी जिक्र किया था. हालांकि, मार्च 2026 में दोनों के ब्रेकअप की खबरों ने फैंस को हैरान कर दिया. दोनों के इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो भी कर दिया था. रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि कई साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रास्ते अलग कर लिए हैं.

जनता की वोटिंग नहीं, सीक्रेट रूम से कटेगा पत्ता? उदिति, माही-यंग की आपसी सहमति से बेघर हुआ ये बड़ा नाम!



'बिग बॉस' के घर में कब बाजी पलट जाए और कब सुरक्षित महसूस कर रहे किसी खिलाड़ी के पैरों तले जमीन खिसक जाए, इसका अंदाजा खुद घरवाले भी नहीं लगा सकते. 'बिग बॉस 20' अब एक ऐसे सनसनीखेज और चौंकाने वाले मोड़ पर पहुंच चुका है, जिसने शो के पूरे समीकरण को हिलाकर रख दिया है. घर में एक बड़ा मिड-वीक एविक्शन हो चुका है, लेकिन इस बार का यह एलिमिनेशन आम जनता के वोटों से नहीं, बल्कि घर के ही तीन कंटेस्टेंट्स की आपसी साजिश और रणनीति से तय हुआ है. 'फिल्म विंडो' की रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने इस हफ्ते सबसे बड़े ट्विस्ट के साथ हुए तीन सदस्यों को सीधे किसी का भी पत्ता काटने का ब्रह्मास्त्र थमा दिया था और उन्होंने मनोज तिवारी की बेटी रीति तिवारी को शो से बाहर कर दिया.

इस पूरे ड्रामे की स्क्रिप्ट तब लिखी गई जब बिग बॉस ने बिना किसी पूर्व सूचना के उदिति सिंह, माही विज और यंग डीएसए को घर के 'सीक्रेट रूम' में तलब किया. वहां पहुंचते ही इन तीनों के सिर पर एक ऐसा भारी-भरकम फैसला डाल दिया गया, जिसने उनके होश उड़ा दिए. बिग बॉस ने साफ शब्दों में फरमान सुनाया कि उन्हें आपसी बातचीत और सहमति से किसी एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम चुनना है, जिसे वे तुरंत इस शो और घर से बाहर निकालना चाहते हैं. यानी जिस फैसले के लिए जनता हफ्तों तक वोट करती है, उस फैसले की पूरी बागडोर महज इन तीन कंटेस्टेंट्स के हाथों में सौंप दी गई.


लंबी माथापच्ची के बाद बनी 'आपसी सहमति'

सीक्रेट रूम में बैठते ही उदिति, माही और यंग के बीच समीकरणों और अपनी-अपनी प्राथमिकताओं को लेकर लंबी चर्चा शुरू हुई. तीनों के सामने चुनौती सिर्फ किसी को बाहर निकालने की नहीं थी, बल्कि ये भी ध्यान रखने की थी कि बाहर जाने वाला शख्स उनके अपने पर्सनल गेम और ग्रुप के लिए कितना बड़ा खतरा है. रिपोर्ट्स की मानें तो काफी नफा-नुकसान तौलने और तीखी बहस के बाद आखिरकार तीनों रीति के नाम पर सहमत हो गए. उन्होंने अपनी 'आपसी सहमति' से उनका नाम फाइनल कर बिग बॉस को सौंप दिया, जिसके बाद उस कंटेस्टेंट का 'बिग बॉस 20' का सफर बिना जनता की अदालत में गए ही वहीं खत्म हो गया.

घर में मचेगा कोहराम, बदले की आग में जलेंगे बाकी सदस्य

रीति तिवारी के मिड-वीक एविक्शन की खबर जैसे ही मुख्य घर में पहुंचेगी, वहां भूचाल आना तय है. जिन कंटेस्टेंट्स को लग रहा था कि वे जनता के वोटों के दम पर पूरी तरह सेफ हैं, उनके लिए ये फैसला किसी 440 वोल्ट के झटके से कम नहीं होगा.

पहले नहीं मिली.... फाइनल से पहले क्यों रो पड़ीं फरहाना भट्ट? रोहित शेट्टी ने लगाया गले



रोहित शेट्टी का स्टंट बेस्ड पॉपुलर रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' अब अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है. सीजन के आखिरी दो एपिसोड बचे हैं, जिसके बाद इस सीजन का अल्टीमेट विनर मिल जाएगा. 'ओल्ड वर्सेज न्यू कंटेस्टेंट' थीम वाले इस सीजन के टॉप-5 फाइनलिस्ट में फरहाना भट्ट भी शामिल हैं. वहीं, उनके अलावा अविनाश मिश्रा, करण वाही, ऋत्विक धनजानी, ओरी और रुबीना दिलैक ने अपनी जगह बनाई है. इस पूरे सीजन में अपने फियरलेस अंदाज के लिए फरहाना भट्ट छाई रही हैं. वो हर खतरनाक स्टंट को बिना डरे पूरा करती दिखीं. लेकिन अब ग्रैंड फिनाले से ठीक पहले 'शेरनी' के नाम से पॉपुलर फरहाना इमोशनल होती नजर आईं.

'खतरों के खिलाड़ी 15' के नए प्रोमो की फिनाले से पहले ही झलक दिखाई गई है. ग्रैंड फिनाले के बेहद मुश्किल और प्रेशर वाले माहौल में फरहाना काफी इमोशनल हो गईं. पूरे सीजन में अपनी इस जर्नी को याद करते हुए फरहाना ने आंसू बहाए. जहां रोहित शेट्टी ने एक्ट्रेस को गले लगाया और संभाला.

ग्रैंड फिनाले से पहले फरहाना हुईं इमोशनल

दरअसल जारी किए गए नए प्रोमो में होस्ट रोहित शेट्टी फरहाना से सवाल करते हैं. वो कहते हैं- ग्रैंड फिनाले और टॉप-5 में पहुंचकर उन्हें कैसा लग रहा है? सवाल सुनते ही फरहाना अपने आंसू नहीं रोक पाईं. आंसू पोंछते हुए फरहाना ने कहा, सच में मुझे लगा नहीं था कि मैं टॉप-5 तक आऊंगी. मेरे लिए यह अपने आप में ही बहुत बड़ी बात है. इस शो ने मुझे बहुत सारा एप्रिसिएशन और रिस्पेक्ट दी है. जो मुझे इससे पहले कभी नहीं मिला.फरहाना को इस तरह इमोशनल देखकर पास बैठे साथी खिलाड़ी शगुन और ऋत्विक धनजानी भी काफी इमोशनल हो गए थे.

दरअसल रोहित शेट्टी अपने हर कंटेस्टेंट का हौसला बढ़ाते हुए नजर आते हैं. इस सीजन में भी उन्होंने ऐसा ही कुछ किया. जहां फरहाना भट्ट को भी हर टास्क से पहले हिम्मत दी और स्ट्रेटजी बताई.

वहीं, ग्रैंड फिनाले से पहले जब वो इमोशनल हो गईं, तो रोहित शेट्टी ने आगे बढ़कर फरहाना को प्यार से गले लगाया. अब देखना होगा कि फिनाले के इस कड़े मुकाबले में फरहाना भट्ट ट्रॉफी जीत पाती है या नहीं.



'भाभी डायन है या संस्कारी बहू?'

यामी गौतम

की 'नई नवेली' का मजेदार ट्रेलर, दशहरे पर मचेगा गदर!

बॉलीवुड में जब पारिवारिक ड्रामा के साथ देसी कॉमेडी और फैंटेसी के रहस्यों का तड़का लगता है, तो सिनेमाघरों में ठहाकों के साथ सीटियां बजना तय होता है. अमेजन एमजीएम स्टूडियोज और कलर येलो प्रोडक्शन्स की फिल्म 'नई नवेली' का धमाकेदार ट्रेलर आखिरकार रिलीज कर दिया गया है. फिल्म में बॉलीवुड की मंझी हुई अदाकारा यामी गौतम धर 'मोहिनी' के एक ऐसे बिल्कुल अनदेखे और चौंकाने वाले अवतार में नजर आ रही हैं, जिसने आते ही दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है. मेरठ के देसी बैकड्रॉप पर गढ़ी गई यह कहानी एक आदर्श बहू, उसके सिरफिरे ससुराल वालों और एक ऐसे राज के इर्द-गिर्द घूमती है जो घर की दहलीज लांघकर सीधे फैंटेसी की दुनिया में ले जाता है.



ट्रेलर दर्शकों को सीधे मेरठ के अतरंगी 'अवस्थी परिवार' के बीच ले जाता है. घर में नई बहू मोहिनी (यामी गौतम) का धूमधाम से गृह प्रवेश होता है. पहली नजर में मोहिनी बेहद संस्कारी, सीधी-सादी और परफेक्ट बहू नजर आती है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बीतते हैं, ससुराल वालों को उसके इर्द-गिर्द अजीबोगरीब घटनाओं का अहसास होने लगता है. कहानी में असली मोड़ तब आता है जब घर के भीतर यह कानाफूसी शुरू होती है कि भाभी डायन है! शादी की मीठी रस्मों और नोक-झोंक से शुरू होने वाला ये सफर अचानक जोरदार हंसी-मजाक, अनसुलझे रहस्यों और एक्शन से भरपूर ड्रामे में तब्दील हो जाता है.

'मोहिनी' के किरदार पर क्या बोलीं यामी गौतम धर ?

अपने इस नए और अनूठे किरदार को लेकर यामी गौतम धर बेहद उत्साहित हैं. किरदार की परतें खोलते हुए यामी ने कहा, मोहिनी का किरदार मुझे इसलिए भा गया क्योंकि वो वैसी बिल्कुल नहीं है जैसी दर्शक उम्मीद करते हैं. उसमें एक अपनापन है, लेकिन साथ ही एक गहरा राज भी छिपा है जो धीरे-धीरे सामने आता है. 'नई नवेली' ने मुझे एक ऐसा किरदार जीने का मौका दिया जो परिवार, हंसी-मजाक, जज्बातों, जादुई दुनिया और एक्शन के बीच बेहद सहजता से ढल जाता है.

आनंद एल राय और बालाजी मोहन की टीम

फिल्म का निर्देशन जाने-माने निर्देशक बालाजी मोहन ने किया है, जबकि कहानी को हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा की हिट जोड़ी ने लिखा है. वहीं 'रांझणा' और 'तनु वेड्स मनु' जैसी ब्लॉकबस्टर देसी फिल्में देने वाले आनंद एल. राय और हिमांशु शर्मा ने इसे प्रोड्यूस किया है. फिल्म में संगीत साउथ के मशहूर कंपोजर जी.वी. प्रकाश कुमार का है. दशहरे के त्योहारी सीजन यानी 16 अक्टूबर 2026 को थिएटर में रिलीज हो रही यह फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर बॉक्स ऑफिस पर क्या नया धमाल मचाती है, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं!

मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव पीएम मोदी से मिले, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2027 के लिए दिया निमंत्रण

एजेंसी

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2027 के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से भी दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की गई। मुलाकात के बाद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक्स पर इसकी जानकारी शेयर करते हुए बताया कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को मध्य प्रदेश में निवेश, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मध्य प्रदेश में विभिन्न योजनाओं में हुई प्रगति के बारे में भी जानकारी दी। मोहन यादव ने प्रधानमंत्री को किसान कल्याण वर्ष 2026 के दौरान किसानों के हित में लिए गए फैसलों, बलराम कृषि महोत्सव, सांदीपनि विद्यालयों की उपलब्धियों और सुगम परिवहन योजना के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री से मुलाकात से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 'प्रोजेक्ट चीता' और वन्यजीव संरक्षण को लेकर भी एक्स पर पोस्ट किया था।

'अखिलेश यादव को वोट नहीं करेगा मुसलमान,' सीएम फेस घोषित करने पर अड़े मौलाना साजिद रशीदी

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर जहां समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला सामने नहीं आया है, वहीं सपा मुखिया अखिलेश यादव की ओर से राज्यसभा उम्मीदवारों के चयन में मुस्लिम प्रतिनिधित्व के नहीं होने को लेकर सियासत तेज हो गई है। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव यह घोषणा नहीं करते हैं कि अगला मुख्यमंत्री मुसलमान होगा तो वे उन्हें वोट नहीं करेंगे। नई दिल्ली में मौलाना साजिद रशीदी ने समाचार एजेंसी बातचीत करते हुए कहा कि सीटों को लेकर जो बातें आजकल सामने आ रही हैं, उसमें दोनों पार्टियां (सपा-कांग्रेस) जब तक मुसलमानों की बात सड़कों पर नहीं लेकर आएंगी और मुसलमान के लिए मुख्यमंत्री का ऐलान नहीं करेंगी, तब तक सीटें किसी को भी कितनी मिल जाएं, कहीं न कहीं फ्लॉप होने वाली हैं। सपा के मुस्लिम विधायकों और सांसदों को समझना चाहिए कि उनके वोट से पार्टी जीतती है। अब उनके वोट पर उनका मुख्यमंत्री बनना चाहिए।

राहुल गांधी ने चुनाव आयोग-भाजपा की मिलीभगत उजागर की, इसलिए परेशान हैं शिवराज : सुखदेव भगत

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी दल संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। नई दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की बैठक में एसआईआर, ईवीएम और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को चर्चा हुई। इसके बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी हो उनकी पार्टी के लोग ही गंभीरता से नहीं लेते हैं। कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने बातचीत में कहा कि मैं समझता हूं कि वह चिंतित हैं, क्योंकि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और भाजपा की मिलीभगत को पकड़ लिया है। हम कह सकते हैं कि यह बेशर्मी की हद हो चुकी है। आयोग लगातार गलत काम कर रहा है और जब सवाल किए जाते हैं तो बचाव में आ जाते हैं। चुनाव आयोग ने जो कृत्य किए हैं, उससे संवैधानिक प्रक्रिया दूषित हुई है और वह सत्ताधारी पक्ष की ओर काम करता हुआ दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि जनता भी अपना गुस्सा जाहिर कर रही है। हमारी जिम्मेदारी बनती है कि संविधान को बचाएं और बैठक में वोट चोरी का मुद्दा भी रखा गया।

वीएचपी नेता विकास प्रभाकर हत्याकांड में यूएई से डिपोर्ट हुआ एनआईए का वांछित आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) नेता विकास प्रभाकर की टारगेट किलिंग के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी कामयाबी मिली है। एनआईए ने इस मामले में फरार चल रहे आरोपी हरविंदर कुमार उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से डिपोर्ट कर भारत लाया गया था। एनआईए के मुताबिक, हरविंदर कुमार यूएई में रहकर इस हत्याकांड के आरोपियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट और फंडिंग मुहैया करा रहा था। उसे 1 अक्टूबर 2026 को यूएई से भारत डिपोर्ट किया गया, जिसके बाद एनआईए ने उसे इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए विशेष एनआईए कोर्ट में पेश किया गया है। वीएचपी नेता विकास प्रभाकर की हत्या प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्यों ने की थी। एनआईए ने इस मामले को 9 मई 2024 को दर्ज किया था और अब तक तीन चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इससे पहले 13 अगस्त 2026 को इसी मामले में यूएई में रह रहे एक और आरोपी मनवीर राम को अमृतसर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। मनवीर पर वारदात में इस्तेमाल हुए हथियारों की सप्लाई का आरोप है। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ है कि विकास प्रभाकर की हत्या की साजिश जर्मनी में बैठे बीकेआई के ऑपरेटिव हरजीत सिंह उर्फ लाडी और कुलबीर सिंह उर्फ सिद्धू ने रची थी। जांच में ये भी साबित हुआ है कि इस केस का आरोपी हरविंदर कुमार उर्फ सोनू यूएई से ही बीकेआई के विदेश में बैठे ऑपरेटिव्स के लिए लॉजिस्टिक्स और फाइनेंसर के तौर पर काम कर रहा था।

मुख्यमंत्री ने 'मैं भी यमुना प्रहरी' ऐप का किया शुभारंभ

'यमुना को प्रदूषित करने में अनजाने में नागरिकों की कुछ दैनिक आदतों की भी भूमिका रहती है।'

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 'मैं भी यमुना प्रहरी' ऐप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ऐप पर पंजीकरण की शुरुआत भी की गई। इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा भी उपस्थित रहें।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना की स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि दिल्ली के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकता है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और दिल्लीवासियों से अधिक से अधिक संख्या में 'यमुना प्रहरी' अभियान से जुड़ने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 18 अक्टूबर को दिल्ली विश्वविद्यालय के 30 कॉलेजों के हजारों विद्यार्थी एक साथ यमुना की स्वच्छता और संरक्षण का संकल्प लेकर इस जन अभियान का हिस्सा बनेंगे। आज शुरू हुआ यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यमुना के प्रति नागरिक जिम्मेदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण, कूड़े के पहाड़ और यमुना की स्वच्छता जैसी चुनौतियों पर अक्सर यह सवाल उठता है कि इन समस्याओं का समाधान कौन करेगा। इन समस्याओं का समाधान केवल सरकार के प्रयासों से नहीं, बल्कि



सरकार और समाज की साझी भागीदारी से संभव है। यमुना को प्रदूषित करने में अनजाने में नागरिकों की कुछ दैनिक आदतों की भी भूमिका रहती है। पूजा सामग्री, फूल-मालाएं, खंडित मूर्तियां और अन्य सामग्री को नदी में प्रवाहित करने जैसी गतिविधियों से यमुना पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसलिए सरकार द्वारा किए जा रहे बड़े स्तर के कार्यों के साथ नागरिकों के व्यवहार में बदलाव और निरंतर जनभागीदारी भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि युवा केवल अभियान का हिस्सा न बनें, बल्कि इसके संदेश को अपने कॉलेज, परिवार और समाज तक लेकर जाएं। दिल्ली के युवा तकनीक, नवाचार और जनभागीदारी के माध्यम से यमुना संरक्षण के लिए नई सोच और नए समाधान सामने ला सकते हैं। हर विद्यार्थी, हर शिक्षक, हर सामाजिक संस्था और प्रत्येक नागरिक 'मैं भी यमुना प्रहरी' ऐप पर पंजीकरण कर इस अभियान से जुड़ सकता है। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे 'मैं भी यमुना प्रहरी' ऐप पर पंजीकरण कर इस अभियान का हिस्सा बनें और यमुना को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाने के संकल्प को जनभागीदारी की शक्ति दें। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की समृद्ध संस्कृति और विरासत के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया है। 'नमामि गंगे' जैसे अभियानों का उद्देश्य देश की जीवनदायिनी नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाना है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद यमुना की स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए व्यापक कार्ययोजना पर काम शुरू किया गया। यमुना की सफाई के लिए 3,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की गई है। नदी में गिरने वाले प्रमुख नालों को रोकने और सीवेज के उपचार के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। यमुना में गिरने वाले 22 बड़े नालों के मुहानों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई है।

मुख्यमंत्री ने डीपीसीसी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का किया शुभारंभ, 'जन सुझाव पोर्टल' भी शुरू

एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शास्त्री पार्क स्थित दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) आईटी पार्क में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का शुभारंभ किया। यह अत्याधुनिक केंद्र दिल्ली में प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों की रियल-टाइम निगरानी, एआई आधारित विश्लेषण, शिकायतों एवं फील्ड निरीक्षण की जानकारी के एकीकरण तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय को मजबूत करेगा। इसका उद्देश्य केवल प्रदूषण संबंधी आंकड़े एकत्र करना नहीं, बल्कि तकनीक से प्राप्त जानकारी को त्वरित फील्ड कार्रवाई और मापने योग्य परिणामों में बदलना है।

इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, विधायक अरविंदर सिंह लवली सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण की चुनौती से निपटने के लिए सरकार का ध्यान केवल निगरानी तक सीमित नहीं है। तकनीक, डेटा और फील्ड प्रवर्तन को



एक साथ जोड़कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। आईसीसीसी के माध्यम से प्रदूषण हॉटस्पॉट, नियमों के उल्लंघन और प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों की पहचान तेजी से की जा सकेगी तथा संबंधित विभागों तक इसकी जानकारी पहुंचाकर मौके पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस पूरी व्यवस्था का मूल मंत्र 'डिटेक्ट, एनालाइज, एक्ट, वेरिफाई' है, यानी समस्या की पहचान, उसका विश्लेषण, तत्काल कार्रवाई और कार्रवाई के परिणाम का सत्यापन। दिल्ली सरकार प्रदूषण के खिलाफ 12 महीने और 24म7 निरंतर प्रयास कर रही है। मैकेनिकल रोड स्वीपिंग, धूल नियंत्रण, स्मॉग गन, मिस्ट स्प्रे, निर्माण स्थलों की निगरानी, हरित क्षेत्र बढ़ाने, स्वच्छ परिवहन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सहित प्रदूषण के प्रत्येक प्रमुख स्रोत पर एक साथ काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आईसीसीसी से प्राप्त रियल-टाइम जानकारी को फील्ड स्तर की कार्रवाई से सीधे जोड़ा जाएगा। प्रदूषण हॉटस्पॉट की पहचान के बाद संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए अलर्ट किया जा सकेगा और जीपीएस आधारित फील्ड वाहनों के माध्यम से टीमों की गतिविधियों की निगरानी भी की जाएगी। इस वर्ष सर्दियों के दौरान 78 सब-डिविजन स्तर की टीमें केंद्र के माध्यम से निगरानी एवं प्रवर्तन कार्यों में जुटेंगी। इससे तकनीक से सामने आई समस्या और मौके पर होने वाली कार्रवाई के बीच सीधा संपर्क स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क की धूल, खुले में कचरा जलाने और निर्माण गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए फील्ड निगरानी को तकनीक से जोड़ा जा रहा है। 'वायुदूत' टीमों के माध्यम से प्रदूषणकारी गतिविधियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

दिल्ली के सभी 256 मंडलों में भाजपा ने चलाया सघन स्वच्छता अभियान

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76वें जन्मदिन और लोकसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दिल्ली भाजपा ने राजधानी के सभी 256 मंडलों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। 'सेवा मेरा योगदान-स्वच्छता श्रमदान' अभियान के तहत दिल्ली में लगभग 2470 स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा सहित सांसदों, मंत्रियों, विधायकों, निगम पार्षदों और पार्टी के प्रदेश, जिला एवं मंडल पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने तिमारपुर और कमला नेहरू रिज में आयोजित स्वच्छता गतिविधियों में भाग लिया। वहीं, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने गीता कॉलोनी में श्रमदान किया। इसके अलावा रामवीर सिंह बिधूड़ी ने ईस्ट ऑफ कैलाश, प्रवेश साहिब सिंह ने हनुमान मंदिर, आशीष सूद ने पंखा रोड, कपिल मिश्रा ने करावल नगर और योगेन्द्र चांदोलिया ने देव नगर में अभियान में हिस्सा लिया।इसी क्रम में सांसद कमलजीत सहरावत ने द्वारका, प्रवीण खंडेलवाल ने अजमेरी गेट और बांसुरी स्वराज ने मोती नगर में श्रमदान किया। सतीश उपाध्याय ने ग्रीन पार्क, योगिता सिंह ने देशबंधु अपार्टमेंट, राजेश भाटिया ने राजेंद्र नगर, प्रवीण शंकर कपूर ने चांदनी चौक और सुमन कुमार गुप्ता ने यमुना बाजार में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इसके अलावा अनिल गुप्ता ने रोहताश नगर, सूर्य प्रकाश खत्री ने तिमारपुर, अजय महावर ने घोंडा तथा शिखा राय और अंजुम मंडल ने ग्रेटर कैलाश में श्रमदान किया। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को राजनीति का मूल मंत्र बनाया है। स्वच्छ भारत प्रधानमंत्री मोदी का सपना है। सेवा ही उनकी साधना और सेवा ही संगठन, सेवा ही समर्पण उनका विश्वास है।

आआपा नेता अंकुश नारंग ने 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान को बताया दिखावा

एजेंसी

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आआपा) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने दिल्ली सरकार के 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान को दिखावा करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चार इंजन की सरकार होने के बावजूद दिल्ली की गलियों, मोहल्लों और सड़कों पर कूड़े का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि मंत्री प्रवेश वर्मा और आशीष सूद साफ सड़कों पर सफाई अभियान चलाकर क्या संदेश देना चाहते हैं, जबकि शहर के कई इलाकों में कूड़े की समस्या बनी हुई है। अंकुश नारंग ने कहा कि इस अभियान का नाम 'दिल्ली में कूड़े को आजादी' होना चाहिए। उनके मुताबिक, सरकार के सत्ता में आने के बाद छोटी गलियों से लेकर पीडब्ल्यूडी की सड़कों तक जगह-जगह कूड़ा जमा हो रहा है। पहले जहां कुछ निर्धारित स्थानों पर कूड़ा एकत्रित किया जाता था, वहीं अब अनेक गलियां और सड़कें कूड़ा जमा होने के संवेदनशील स्थानों में तब्दील हो गई हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, महापौर प्रवेश वाही, मंत्री प्रवेश वर्मा और आशीष सूद सड़कों पर उतरकर सफाई अभियान चला रहे हैं। दिल्ली के विभिन्न इलाकों में कूड़े की समस्या के समाधान के लिए ठोस पहल नहीं की जा रही है।

आआपा नेता ने कूड़े के पहाड़ों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कूड़े के पहाड़ पर जाकर तीन महीने के भीतर उसे हटाने की बात कही थी। इसके बावजूद एक साल बीतने के बाद भी कूड़े का पहाड़ जस का तस बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कूड़े का पहाड़ और ऊंचा हो गया है तथा सरकार केवल प्रचार और फोटो खिंचवाने के लिए अभियान चला रही है। नारंग ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और महापौर प्रवेश वाही पर दिल्ली की सफाई व्यवस्था को लेकर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने अभियान का नाम बदलकर 'दिल्ली में कूड़े को आजादी' कर देना चाहिए, क्योंकि मौजूदा स्थिति में कूड़े से ज्यादा कूड़े को ही आजादी मिलती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री, मुख्यमंत्री, महापौर और उपमहापौर केवल प्रचार के जरिए जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

निगमायुक्त संजीव खिरवार ने नई इलेक्ट्रिक मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों के फील्ड ट्रायल का किया निरीक्षण

एजेंसी

नई दिल्ली । निगमायुक्त संजीव खिरवार ने आगामी वायु प्रदूषण सीजन की तैयारियों के तहत दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के परीक्षण की जा रही नई इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों (एमआरएसएम) के फील्ड ट्रायल का निरीक्षण किया। इन मशीनों को फील्ड ट्रायल के लिए दिल्ली में एयरलिफ्ट किया गया है। ये मशीनें आगामी सीजन के दौरान कुल 70 एमआरएसएम की तैनाती से जुड़ी एक महत्वपूर्ण परियोजना का हिस्सा हैं, जिसके लिए पर्यावरण विभाग, जीएनसीटीडी द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने इन मशीनों की कार्यप्रणाली एवं परिचालन क्षमता का जायजा लिया। इस परियोजना के तहत दिल्ली में पहली बार 55 इलेक्ट्रिक और 15 सीएनजी आधारित एमआरएसएम तैनात की जाएंगी। यूरोप से आयातित ये मशीनें स्वचालित रूप से संचालित (सेल्फ -प्रोपेल्ड) हैं तथा इनकी सफाई क्षमता 2 घन मीटर और 4 घन मीटर है। इन मशीनों में अतिरिक्त तीसरा फ्रंट ब्रश लगाया गया है, जिससे इनकी सफाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है तथा सड़क की धूल एवं मलबे को अधिक प्रभावी ढंग से हटाने में मदद मिलेगी। एमसीडी द्वारा इन मशीनों की तैनाती नवंबर 2026 के मध्य से शुरू करने के लिए सभी आवश्यक प्रयास किए जा रहे हैं। इन मशीनों को एयरलिफ्ट किया जाना एमसीडी द्वारा अपनी मैकेनाइज्ड स्वच्छता व्यवस्था को त्वरित गति से मजबूत करने तथा आगामी वायु प्रदूषण अवधि के लिए तैयारियों को और बेहतर करने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। सड़क सफाई एवं स्वच्छता कार्यों में बढ़ते मशीनीकरण के माध्यम से एमसीडी का उद्देश्य सड़कों की स्वच्छता में सुधार करना तथा दिल्ली में धूल से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के प्रयासों में योगदान देना है।



कमला नेहरू रिज में मुख्यमंत्री ने किया श्रमदान

स्वच्छता अभियान में लिया हिस्सा

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026' के तहत देशभर में आयोजित 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' अभियान के अंतर्गत कमला नेहरू रिज में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया और स्वच्छ एवं सुंदर दिल्ली के निर्माण में जनभागीदारी का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अपील पर देशभर में लोग सेवा का कोई न कोई कार्य कर रहे हैं। सुबह 8 से 9 बजे के निर्धारित समय में दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में भी हजारों लोग सेवा कार्यों से जुड़े और स्वच्छता सहित विभिन्न गतिविधियों में अपना योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या किसी विशेष अभियान तक सीमित रहने वाला कार्य नहीं है, बल्कि यह एक नियमित आदत और सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। जब भी कोई व्यक्ति सड़क या सार्वजनिक स्थान पर कचरा फेंकता है, तो उसे यह



सोचना चाहिए कि उसकी इस छोटी-सी लापरवाही का असर आसपास के लोगों और पूरे वातावरण पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर हर व्यक्ति में जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना विकसित होना आवश्यक है। स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाने वाले कर्मचारियों को भी अपना काम पूरी जिम्मेदारी से करना है और नागरिकों का भी दायित्व है कि सफाई होने के बाद उस स्वच्छता को बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए प्रशासन और नागरिकों, दोनों को अपनी-अपनी भूमिका निभानी होगी। सफाई कर्मचारियों और संबंधित एजेंसियों द्वारा नियमित रूप से सफाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, वहीं नागरिकों को भी सार्वजनिक स्थानों को गंदा न करने और साफ-सफाई बनाए रखने की आदत विकसित करनी होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कमला नेहरू रिज और दिल्ली विश्वविद्यालय क्षेत्र में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में शामिल होना सामूहिक भावना का उदाहरण है। युवा शक्ति की भागीदारी ऐसे अभियानों को व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील किया कि वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने को अपनी दैनिक आदत का हिस्सा बनाएं। सड़क, गली, पार्क, बाजार और अपने घर के आसपास के सार्वजनिक स्थानों को साफ रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता आज जनभागीदारी का एक सशक्त आंदोलन बन चुकी है। इसी भावना के साथ दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने के लिए सरकार और जनता को मिलकर निरंतर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि एक घंटे का श्रमदान तभी सार्थक होगा, जब उसके बाद पूरे वर्ष स्वच्छता बनाए रखने की आदत कायम रहे।

एमसीडी में गांधी जयंती मेले का आयोजन

महापौर ने रूसी राजदूत के साथ चरखा कात कर राष्ट्रपिता को अर्पित की श्रद्धांजलि

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के उपलक्ष्य में सिविक सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में गांधी जयंती मेला का आयोजन किया गया। गांधी जयंती मेला कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही एवं मुख्य अतिथि भारत में रूसी संघ के राजदूत, महामहिम डेनिस अलीपोव ने किया।

कार्यक्रम में रूसी राजदूत का स्वागत करते हुए महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया है, जिसका स्मरण सभी को करना चाहिए। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मेले के दौरान महापौर ने रूसी राजदूत एवं निगमायुक्त के साथ चरखा कात कर महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गांधी एवं महान रूसी साहित्यकार दार्शनिक लियो टॉलस्टॉय की लगी चित्र प्रदर्शनी को देखा। इस अवसर पर रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि गांधी पूरी दुनिया के हैं और गांधी ने भारत को जो सत्य, अहिंसा और मानवीय



गरिमा का संदेश दिया था, वह दुनिया के लिए सार्थक है। उन्होंने गांधी जयंती मेले के आयोजन के लिए दिल्ली नगर निगम को बधाई दी।

मेले में आए लोगों ने अखंड चरखा यज्ञ में चरखा चलाया और स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी के योगदान को याद किया। इस अवसर पर उन्होंने गांधी जयंती मेले में लगे सभी स्टालों का निरीक्षण किया और उत्पादों व सेवाओं के बारे में जानकारी हासिल की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि संपूर्ण विश्व को शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करने वाले महात्मा गांधी का जीवन अपने आप में एक आदर्श था। उनके स्वदेशी, स्वराज के विचार सदियों तक प्रेरित करते रहेंगे। महापौर ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर हम सभी को यह संकल्प करना है कि समाज के हर व्यक्ति को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सुविधाएं मिले।महात्मा गांधी ने हमे सत्य और अहिंसा का रास्ता दिखाया और उनका दर्शन आज भी प्रासंगिक है।

मेले में जन स्वास्थ्य विभाग सहित निगम के अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उसके अतिरिक्त गैर सरकारी संस्थाओं एवं महिला सहायता समूहों ने भी प्रदर्शनी में भाग लिया। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं जैसे एनीमिया टीकाकरण के बारे में जानकारी, गर्भावस्था के दौरान पोषण, मच्छर जनित व जल जनित बीमारियों की रोकथाम की जानकारी के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया। इन गतिविधियों के अलावा, दिल्ली नगर निगम के स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा, उप महापौर डॉ मोनिका पंत, शिक्षा समिति अध्यक्ष योगेश वर्मा, पार्षद सुमन गुप्ता, निगमायुक्त संजीव खिरवार, अपर आयुक्त, राजघाट समाधि समिति सचिव डॉ रजनीश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

दिल्ली : जंतर-मंतर पर प्रदर्शन को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी, कई रास्तों पर डायवर्जन

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन को देखते हुए यातायात में बदलाव किया है। दिल्ली पुलिस ने ट्रैफिक ने एडवाइजरी जारी कर वाहन चालकों से अपनाने की अपील की है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एक्स पोस्ट में कहा, '2 अक्टूबर 2026 को जंतर-मंतर और उसके आस-पास के इलाकों में ट्रैफिक पर लगी पाबंदियों और नियंत्रित आवाजाही को देखते हुए यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे प्रभावित रास्तों पर जाने से बचें और अपनी यात्रा की योजना पहले से बना लें।' ट्रैफिक पुलिस ने आगे कहा, 'कनॉट प्लेस, पटेल चौक, जीपीओ, टॉल्स्टॉय मार्ग, जंतर-मंतर रोड, पार्लियामेंट स्ट्रीट और आस-पास की सड़कों के आस-पास ट्रैफिक डायवर्जन नियम लागू रहेंगे। कनॉट प्लेस, पटेल चौक, जीपीओ, पार्लियामेंट स्ट्रीट और सेंट्रल दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालकों को सलाह दी जाती है कि वे वैकल्पिक रास्तों की योजना पहले से बना लें। यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलें और सड़कों पर तैनात दिल्ली ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें और जहां भी संभव हो, वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल करें। '

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि धैर्य रखें, ट्रैफिक नियमों का पालन करें और इलाके में तैनात ट्रैफिक कर्मियों का सहयोग करें। जाम से बचने के लिए डायवर्जन के संकेतों और ट्रैफिक निर्देशों का पालन करें। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि जहां तक हो सके जंतर-मंतर, पार्लियामेंट स्ट्रीट, अशोक रोड और आस-पास की सड़कों पर जाने से बचें। बैरिकेडिंग और ट्रैफिक डायवर्जन हो सकते हैं।

ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी में बताया है कि तय किए गए रास्तों पर या उनके आस-पास गाड़ियां रोकना या पार्क करना मना है। ऐसा करने से ट्रैफ़िक में रुकावट आ सकती है।